डालटनगंज
(मेदिनीनगर)
सोमवार
07.11.2022
कार्तिक शुक्ल पक्ष 14
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

वर्ष-29 अंक-23 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

रश्मि प्रवाह

स्वयं पर भरोसा करो, यह आपकी ताकत बन जाएगा, लेकिन दूसरों पर भरोसा करोगे, तो यह आपकी कमजोरी बन जाएगा।



बूढ़ा पहाड पर सुरक्षाबलों को मिली बड़ी कामयाबी

गोला-बारूद सहित भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद

नवीन मेल संवाददाता

बड़गड़। बूढ़ा पहाड़ पर चल रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के दौरान रविवार कोबरा 203 के ईको बटालियन को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने रविवार को चर्चित बूढ़ा पहाड़ के जोकपानी नामक जगह के पास से भारी मात्रा में आईईडी बम तथा हथियार एवं गोला बारूद सहित भारी मात्रा में अन्य सामग्री बरामद किए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को सीआरपीएफ की कोबरा 203 बटालियन के डिप्टी कमांडेंट जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में बूढ़ा पहाड़ के जंगलों में सर्च अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान छिपा कर रखे गये सामग्री पर नजर पड़ी तब बटालियन के द्वारा गहनता से जांच करने पर वहां नक्सलियों द्वारा छुपा कर रखे गए हथियारो की बरामदगी हुई।

लगतार सर्च अभियान चलाकर नक्सलियों के बेस कैंप को ध्वस्त कर हथियार बरामद कर रहे सुरक्षाबल : बता दें कि पिछले माह बूढ़ा पहाड़ को नक्सल मुक्त करने के लिए चलाए गए ऑक्टोपस नामक अभियान के दौरान जब से बूढ़ा पहाड़ के झाउल डेरा नामक स्थल पर कोबरा 203 बटालियन का अस्थाई कैंप स्थापित हुआ है तभी से नक्सली अपने सुरक्षित ठिकाने बूढ़ा पहाड़ को छोडकर भाग खड़े हुए हैं। बटालियन के द्वारा काफी लंबे चौड़े दायरा में फैले बूढ़ा पहाड़ के क्षेत्रों में लगातार सर्च अभियान चलाकर उनके द्वारा छुपा कर रखे गए उनके बेस कैंपों को ध्वस्त करते हुए उनके द्वारा छोड़े गए बम बारूद एवं हथियार बरामद कर उनके सुरक्षित ठिकाने को अपने कब्जे में कर रही हैं। सर्च अभियान में मुख्य रूप से इंस्पेक्टर अमर सिंह मीणा, जीडी जेफरी, हेड कांस्टेबल बृजेश कुमार,दिनेश गजेंद्र सिंह,मोहम्मद हुसैन, महेंद्र कुमार,कमांडों लाल सिंह,अवधेश ओझा, बाल सिंह, बृजेश कुमार, कांस्टेबल विजय हदीया, विनोद कुमार सहित अन्य जवान शामिल थें।

बरामद सामग्रियों की सूची

सर्च अभियान के दौरान बरामद उपयोग के लिए सामग्री में तैयार सिलेंडर आईईडी बम 10 केजी 17 पीस, सिलेंडर 74 पीस, अग्निशामक लगभग 7 किलों , टिफिन आईईडी 2 से 3, 19 पीस, त्रिभुज आईईडी 06 पीस, चेक वाल्व आईईडी 3 से 05 किलों 09 पीस,प्रेशर आईईडी 12 पीस, सुरक्षा फ्यूज लगभग 200 मीटर, इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर 68 पीस, गैर डेटोनेटर पीस, कॉर्डेक्स वायर लगभग 300 मीटर, तार लगभग 400 मीटर,मीटर,हैंड ऑपरेटिंग ड्रिल मशीन 1 पीस, लाल झंडा 2 पीस, मल्टीमीटर पीस, केम्किल व्हाइट 5 किग्रा, इलेक्ट्रिक रिले स्विच 8 पीस, सिरिंज मेच, 5 पीस, 9 वाट बैटरी 03 पीस,बैटरी क्लिप 10 पीस एवं भारी मात्रा में दवा बरामद की गई है।

अलग-अलग मामलों में नौ आरोपी गिरफ्तार

बालूमाथ। पुलिस ने अलग-अलग तीन मामले में 9 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ पुलिस निरीक्षक शशि रंजन ने बताया कि बीते दिन बालूमाथ पुलिस और डीएमओ द्वारा बीती रात्रि मकईयातांड थाना पुलिस पीकेट के पास वाहन जांच अभियान चलाया गया। जहां एक साथ 5 अवैध कोयला लोड हाईवा को जप्त की गई। इसके साथ 5 हाईवा चालक को भी गिरफ्तार किया गया है। जब्त हाईवा में लगभग 121 टन कोयला है। जिसके बाजार में कीमत लगभग 12 लाख की बताई जा रही है । गिरफ्तार अभियुक्तों को कोल माइन्स एक्ट के तहत लातेहार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। छापेमारी अभियान में लातेहार डीएमओ आनंद कुमार ने बताया कि अवैध खनन और नियम के विरुद्ध काम करने वाले कारोबारियों को बख्शा नहीं जाएगा छापेमारी अभियान में जिला खंडवा अधिकारी आनंद कुमार के अलावे मकईयाताड़ पुलिस पिकेट के जवान और बालूमाथ थाना पुलिस शामिल रहे। वहीं दूसरी गिरफ्तारी बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद के नेतृत्व की गई है जो बीते दिन थाना क्षेत्र के बालू ग्राम में जतरा मेला में दो गुटों में किसी बात को लेकर भिड़त हो गई थी। जिस पर एक व्यक्ति चाकू से घायल हो गया था। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी अली उल्लाह अंसारी को गिरफ्तार कर लातेहार कारा भेज दी है। वहीं तीसरी सफलता बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद के नेतृत्व में मिली है जहां बसिया ग्राम के झारखंड ढाबा के पास की है। जहां वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने टैंपू में लदे चोरी के लोहा,चादरा, गैस सिलेंडर आदि बरामद की इसके साथ तीन लोगों को गिरफ्तार कर लातेहार कारा भेज दिया गया है। गिरफ्तार सभी अभियुक्तों को सुसंगत धाराओं के साथ लातेहार कारा भी दिया गया है वहीं इस छापेमारी अभियान में बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद धीरज कुमार रवि कुमार कुंदन कुमार संजय चौधरी मकईयातांड सैट के जवान शामिल रहे।

देश भर में स्कूलों व उच्च शिक्षण संस्थानों में भव्य तरीके से मनेगा

'जनजातीय गौरव दिवस'

नवीन मेल संवाददाता

रांची। केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के नेतृत्व में शिक्षा मंत्रालय देश भर के स्कूलों, कौशल संस्थानों और उच्च शिक्षण संस्थानों में भव्य तरीके से 'जनजातीय गौरव दिवस' मनाएगा। पिछले साल, सरकार ने वीर जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृति में 15 नवंबर को 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा की थी। 15 नवंबर, बिरसा मुंडा की जयंती है, जिन्हें देश भर के जनजातीय समुदाय भगवान के रूप में सम्मान देते हैं। बिरसा मुंडा देश के एक प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक और श्रद्धेय जनजातीय नायक थे, जिन्होंने ब्रिटिश औपनिवेशिक सरकार की शोषणकारी व्यवस्था के खिलाफ बहादुरी से लड़ाई लड़ी और अपने जीवनकाल में ही एक महान व्यक्ति बन गए, जिन्हें अक्सर 'भगवान' कहा जाता है। उन्होंने जनजातियों से 'उलगुलान' (विद्रोह) का आह्वान किया तथा जनजातीय आंदोलन को संगठित करने के साथ नेतृत्व प्रदान किया। उन्होंने जनजातियों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों को समझने और एकता का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया। जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद करने के लिए, शिक्षा मंत्रालय एआईसीटीई, यूजीसी, केंद्रीय विश्वविद्यालयों, निजी विश्वविद्यालयों, अन्य एचईआई, सीबीएसई, केवीएस, एनवीएस और कौशल विकास संस्थानों के सहयोग से 'जनजातीय गौरव दिवस' मना रहा है। जनजातीय गौरव दिवस के राष्ट्रव्यापी समारोह में देश भर के शैक्षणिक संस्थानों में 'स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय नायकों का योगदान' विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता तथा सामाजिक गतिविधियों से जुड़े अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इन समारोहों के दौरान, भगवान बिरसा मुंडा और अन्य वीर जनजातीय नायकों के योगदान पर प्रकाश डाला जाएगा। छात्रों को अच्छे काम के लिए सम्मानित भी किया जाएगा। ये समारोह, जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के देश के लिए दिए गए बलिदान को रेखांकित करने, उनकी विरासत को आगे बढ़ाने और जनजातीय संस्कृति, कला व समृद्ध जनजातीय विरासत का संरक्षण करने के लिए आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेंगे।

झारखंड मंत्रालय में बैठक 10 को

रांची। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा सूचित किया गया है कि मंत्रिपरिषद् की बैठक रांची में, गुरुवार, दिनांक 10 नवम्बर 2022 को अपराह्न 2:00 बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद् कक्ष में होगी।

विधायक आवास समेत तीन जगहों पर आयकर टीम ने की छापेमारी

नवीन मेल संवाददाता

छापामारी के दौरान 11 लाख व आभूषण जब्त

जमशेदपुर। आयकर विभाग की टीम ने लगातार दो दिनों तक छापेमारी की। शनिवार की देर रात तक कोल्हान के सभी ठिकानों पर छापेमारी जारी रही। उद्यमी राजकुमार शाह के अहमदाबाद से जमशेदपुर लौटने के बाद नगद 11 लाख रुपये और आभूषण की जब्ती सूची पर हस्ताक्षर करवाकर आयकर अधिकारी लौट गए। शाह के घर पर शुक्रवार सुबह से छापेमारी शुरू की गई थी।

बेरमो। कोयलांचल में बेरमो विधायक कुमार जयमंगल का आवास व अन्य दो कोयला कारोबारियों के आवास मिलाकर कुल तीन जगहों पर छापामारी कर तीसरे दिन रविवार सुबह-सुबह आयकर की टीम निकल गई। विधायक आवास में छापामारी पर पक्ष का पीएम नरेन्द्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह पर तो विपक्ष का सीएम हेमंत सोरेन पर हाय-हल्ला खूब होता रहा। बेरमो विधायक के आवास में दूसरे दिन शनिवार रात तक चली छापामारीः फुसरो शहर के ढोरी स्टाफ क्वार्टर स्थित आवास में शुक्रवार सुबह करीब सवा सात बजे से शुरू छापामारी शनिवार रात करीब बारह बजे तक चली। इस दौरान आवास में विधायक की मां सह पूर्व वित्त मंत्री स्व राजेंद्र प्रसाद सिंह की पत्नी रानी सिंह व विधायक के छोटे भाई यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कुमार गौरव मौजूद थे। यहां छापामारी में क्या कुछ विशेष मिला, आयकर अधिकारी रात जाते-जाते भी मीडिया द्वारा लगातार पूछने पर भी बिना कुछ बताए निकल गए। रात में यहां महागठबंधन दलों के नेता-कार्यकताओं व समर्थकों द्वारा हंगामा से स्थिति अनियंत्रित होने लगी थी। मालूम हो कि बेरमो विधायक कुमार जयमंगल मूल रूप से बिहार के नवादा जिले के रजौली प्रखंड के मंझला के रहने वाले हैं।

साल का अंतिम चंद्र ग्रहण कल, पलामू में लोगों के बीच चर्चा

नवीन मेल संवाददाता

राज्य में किन हिस्सों में दिखेगा ग्रहण

साल का आखिरी चंद्र भारत के कई हिस्सों में नजर आएगा. हालांकीपूर्ण चंद्र ग्रहण सिर्फ पूर्वी भागों कोलकाता, पटना, रांची, गुवाहाटी में ही दिखाई देगा। राज्य की राजधानी रांची और हजारीबाग जिले में चंद्रग्रहण लोग चंद्र ग्रहण को देख पाएंगे।

मेदिनीनगर। कार्तिक पूर्णिमा मंगलवार को है। इस दिन साल का आखिरी चंद्र ग्रहण भी लगने जा रहा है। पंचांग के मुताबिक, साल का आखिरी चंद्र ग्रहण का दृश्य भारत में भी दिखेगा। इसलिए इस ग्रहण का सूतक मान्य होगा। ग्रहण के 9 घंटे पहले सूतक काल शुरू हो जाता हैं। इससे किसी भी प्रकार के पूजन पाठ या धार्मिक कार्य पर रोक होती है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार, सूतक काल में शुभ और मांगलिक कार्यों की मनाही होती है हर साल कार्तिक पूर्णिमा को देव दिवाली का पर्व मनाया जाता हैं लेकिन इस बार चंद्र ग्रहण होने के कारण देव दिवाली एक दिन पहले ही मनाई जायेगी। ज्योतिष शास्त्र के नजरिए से इस ग्रहण को काफी खास माना जा रहा है।कहा जा रहा है कि यह चंद्र ग्रहण मेष राशि में लगेगा और जो भारत में भी दिखेगा। स्थानीय ज्योतिषों के अनुसार साल के आखिरी चंद्र ग्रहण के मौके पर ग्रहों की विशेष स्थिति बन रही है। इस दिन ग्रहों के सेनापति मंगल, शनि, सूर्य और राहु आमने-सामने होंगे। ऐसे में भारत वर्ष की कुंडली में तुला राशि पर सूर्य, चंद्रमा, बुध और शुक्र की युति बन रही है इसके अलावा, शनि कुंभ राशि में पंचम व मिथुन राशि में नवम भाव पर मंगल की युति विनाशकारी योग बना रही है। ज्योतिषों के अनुसार, साल के इस चंद्र ग्रहण का ऐसा संयोग बहुत ही अशुभ माना जा रहा है।

क्या है ग्रहण का समय : कल लगने वाला ग्रहण में समय पलामू में शाम को 5 बजकर 10 मिनट पर चंद्रोदय होगा, जबकि रांची में चंद्र का उदय का समय 5 बजकर 02 मिनट बताया गया है। इस बीच पलामू में 12 मिनट तक,रांची में 10 मिनट और हजारीबाग में 9 मिनट तक पूर्ण चंद्र ग्रहण लोग देख सकेंगे।

कब होता है चंद्र ग्रहण : चंद्र ग्रहण अक्सर तब लगता हैं जब पूर्णिमा के दिन सूर्य, पृथ्वी और चन्द्रमा एक ही सीधी रेखा में आ जाते हैं। वहीं, पूर्ण चंद्र ग्रहण के वक्त सूर्य की किरणें चन्द्रमा तक नहीं पहुंच पाती हैं जिसके कारण चन्द्रमा पर अंधेरा छा जाता है। पलामू में इसे लेकर चर्चा का बाजार गर्म है।

टैंकर की चपेट में आने से दो की मौत

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मेडिका अस्पताल में कार्यरत दो कर्मियों की चेशायर होम रोड के समीप टैंकर की चपेट में आने से मौत हो गयी। घटना शनिवार देर रात की है। मृतकों में शौमिन चटर्जी और सौरिष रक्षित शामिल है। शौमिन अस्पताल में जेआरई के पद पर कार्यरत थे, जबकि सौरिष नाइट मैनेजर के पद पर काम करते थे। सड़क हादसे में जान गंवाने वाले शौमिन चटर्जी और शौरिष रक्षित पश्चिम बंगाल के दुगार्पुर के रहने वाले थे। वर्तमान में दोनों बरियातू हाउसिंग कॉलोनी स्थित एक अपार्टमेंट में किराए के फ्लैट में रह रहे थे। जानकारी के अनुसार शौमिन और रक्षित दोनों एक ही बाइक से प्रति दिन देर रात अपने घर जाते थे। बीते शनिवार की देर रात दो बजे दोनों अस्पताल से बाइक से निकले और घर जाने लगे। चेशायर होम रोड एक तेज रफ्तार से टैंकर जा रहा था। अचानक टैंकर ने ब्रेक लगा दिया। जिससे उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सीधे टैंकर में धक्का मार दी। इस घटना में बाइक क्षतिग्रस्त हो गया और उस पर सवार दोनों टैंकर में टकरा गए। इसके बाद दोनों सड़क पर गिर गए। जिससे दोनों की गर्दन की हड्डी टूटी। साथ ही शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आयी। घटना की जानकारी मिलने के बाद सदर और बरियातू थाने की गश्ती टीम मौके पर पहुंची। गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया। जहां मौजूद चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने दोनों के शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के बाद रविवार को परिजनो को सौंप दिया।

गुजरात में चुनावी सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बोले-

राज्य को बदनाम करने वालों को चुनाव में दिखाएं बाहर का रास्ता

राज्य को बदनाम करने वालों को जनता ने दिखाया बाहर का रास्ता

उन्होंने कहा, ''अतीत में जिसने भी गुजरात को बदनाम करने और उसका अपमान करने की कोशिश की है, उन्हें गुजरात की जनता ने बाहर का रास्ता दिखा दिया है। इस चुनाव में भी ऐसे लोगों की परिणति यही होगी।" किसी का नाम लिए बगैर मोदी ने कहा कि गुजरात के लोगों ने उस 'गैंग' को पहचान लिया है जो गुजरात के खिलाफ काम कर रहा है और हमेशा राज्य को बदनाम करने की कोशिश करता रहता है। उन्होंने कहा, हालांकि ऐसे लोग दो दशकों से प्रयास कर रहे हैं, लेकिन गुजरात की जनता ने उन पर कभी भरोसा नहीं किया। मोदी ने कहा, ''जो लोग गुजरात को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं, उन्हें आश्चर्य हो रहा है कि गुजरात की जनता उनके झूठे प्रचार पर भरोसा क्यों नहीं कर रही है। ऐसा इसलिए है क्योंकि इस राज्य के लोगों ने कड़ी मेहनत से गुजरात को बनाया है और वे किसी को इसे नुकसान नहीं पहुंचाने देंगे।" प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें सूचनाएं मिल रही हैं कि गुजरात में भाजपा रिकॉर्ड मतों से चुनाव जीतेगी। विधानसभा चुनाव के लिए गुजरात में दो चरणों में एक और पांच दिसंबर को मतदान होना है। मतों की गिनती आठ दिसंबर को होगी।

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि घृणा फैलाने वाली और गुजरात को बदनाम करने वाली ताकतों को अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव में राज्य से बाहर फेंक दिया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने अगले महीने होने वाले चुनाव में भाजपा के रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करने का दावा किया। विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद अपने गृह राज्य में पहली चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने गुजराती में नया नारा दिया ''आ गुजरात में बनाव्यु छे (यह गुजरात मैंने बनाया है)।" इतना ही नहीं मोदी ने अपने 25 मिनट लंबे भाषण में लोगों से कई बार यह नारा लगवाया। आदिवासी बहुल वलसाड जिले की कपरादा तालुका के नाना पोंधा गांव से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ''जो विभाजनकारी ताकतें घृणा फैलाने में संलिप्त रही हैं, जिन्होंने गुजरात को बदनाम करने और उसका अपमान करने की कोशिशें की हैं, उन्हें गुजरात से बाहर का रास्ता दिखाया गया है।

इस बार फिर गुजरात में जीत का झंडा लहराएगी बीजेपी : मोदी ने कहा, ''दिल्ली में बैठे-बैठे, मुझे रिपोर्ट मिल रही है कि भाजपा इस बार गुजरात में रिकॉर्ड वोट से जीतेगी। मैं यहां अपना ही पुराना रिकॉर्ड (भाजपा की जीत का अंतर) तोड़ने आया हूं। मैंने गुजरात भाजपा से कहा है कि मैं जितना संभव है, आपको उतना समय देने (चुनाव प्रचार के लिए) को तैयार हूं।" गौरतलब है कि 2014 में देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने से पहले मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री हुआ करते थे। गुजरात में भाजपा का सबसे अच्छा प्रदर्शन दिसंबर 2002 में मोदी के नेतृत्व में हुए चुनाव में रहा जब पार्टी को कुल 182 में से 127 सीट मिली थीं। वहीं, 182 सदस्यीय विधानसभा के लिए 2017 में हुए चुनाव में भाजपा के हिस्से में 99 और कांग्रेस के हिस्से में 77 सीट आई थीं। मोदी ने लोगों से कहा कि वे याद रखें कि 'कमल' ही क्षेत्र में समृद्धि लेकर आया है और यह भाजपा के उम्मीदवारों की तरह है। उन्होंने कहा, ''आदिवासी हों या मछुआरे, ग्रामीण हों या शहरी, प्रत्येक गुजराती आज विश्वास से भरा है। इसलिए हर गुजराती कहता है 'आ गुजरात में बनाव्यु छे (यह गुजरात मैंने बनाया है)'। लोगों ने अपनी कड़ी मेहनत से यह राज्य बनाया है।" प्रधानमंत्री ने कहा, ''चूंकि हर गुजराती विश्वास से भरा हुआ है, यही वजह है कि वह अपने मन की बात कहता है। गुजरात के हर दिल से यही आवाज आती है 'आ गुजरात में बनाव्यु छे (यह गुजरात मैंने बनाया है)'।"

न्यूज गैलरी

प्रखंड के बेनी कला पंचायत में पीडीएस डीलर निलंबित

हुसैनाबाद। पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के बेनी कला पंचायत के पीडीएस दुकानदार सत्येन्द्र कुमार सिंह पर उपभोक्ताओं को खाद्यान्न वितरण में अनियमितता बरतने के मामले में जांच के बाद बीडीओ सह प्रभारी एमओ रतन कुमार सिंह ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। बीडीओ सह एमओ रतन कुमार सिंह ने बताया कि उक्त पीडीएस दुकानदार के खिलाफ पंचायत के उपभोक्ताओं की लगातार शिकायत मिल रही थी। इसके उपरांत पंचायत के सचिव और मुखिया द्वारा इस सत्यता की जांच कराई गई। जिसमें खाद्यान्न वितरण कार्य में व्यापक गड़बड़ी करने का खुलासा हुआ। जिसके उपरांत उक्त पीडीएस डीलर को निलंबित कर दिया गया। एमओ ने बताया कि सत्येन्द्र सिंह पर एक और पीडीएस दुकान श्रीकांता स्वयं सहायता समूह चलता था। परंतु निलंबित के बाद सत्येन्द्र सिंह का दुकान गुलाब स्वयं सहायता समूह को दे दिया गया है। जबकि श्रीकांता स्वयं सहायता समूह को अलका स्वयं सहायता समूह को वितरण करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बीडीओ सह प्रभारी एमओ रतन कुमार सिंह ने कहा है कि राशन समेत अन्य सामग्री वितरण करने में कहीं से कोई भी पीडीएस दुकानदारों के खिलाफ शिकायत मिलने पर किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा। उनके विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।

कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर छठ घाटों पर देव दीपावली, तैयारी पूर्ण

हैदरनगर। पलामू कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर शहर कई छठ घाटों पर देव दीपावली की तैयारी की गई हैं। इसकी तैयारी को लेकर अलग अलग छठ घाटों पर पूजा समिति के लोगो ने तैयारी की। मान्यता हैं कार्तिक का महीना खास कर 16 दिनों तक हर दिन त्यौहार मनायी जाती हैं। जिसे देवों के महीना भी कहा जाता है। वही कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान कर विशेष दान पुण्य करने से मोक्ष की प्राप्ति होती हैं। इसी परिपेक्ष में महावीर जी भवन नवाह परायण यज्ञ समिति और शहर के युवाओं ने शहर के मुख्य छठ पोखरा भगवान भाष्कर छठ घाट पर दीपक प्रकाश से सजाने के निर्णय लिया है। जिसमे करीब 10 हजार दीपक से पूरे पोखरा को जगमगाने की तैयारी की हैं। इस तैयारी में मुख्य रूप से यज्ञ समिति के अध्यक्ष राजेंद्र पाल, मनीष कश्यप, पप्पू कांस्यकार, कल्लू ठाकुर दीपक भगत ,आदि युवाओं तैयारी की हैं वहीं दूसरी तरफ शहर के नहर मोड़ स्थित उत्तर कोयल नहर में जमुहारी माई छठ घाट परिसर में देव दीपावली मनाया जायेगा। इसके लिए सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। यह जानकारी श्री चारधाम व सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता ने दी है। उन्होंने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर जमुहारी माई व सूर्य मंदिर परिसर में देव दीपावली मनाई जायेंगी।

मधुबन रेस्टोरेंट का उद्घाटन

हुसैनाबाद। पलामू नगर पंचायत क्षेत्र के हरिहर चौक के समीप मधुबन रेटोरेंट का उद्घाटन हुआ। मधुबन रेस्टोरेंट का उद्घाटन सेवा निवृत शिक्षक रामरस्य बौद्ध ने फिता काटकर किया। मौके पर रामरस्य बौद्ध ने कहा कि उचित मूल्य पर अच्छी व उच्च कोवलिटी के खाने युक्त समान मिलेंगे। उन्होंने कहा कि ग्राहकों के डिमांड पर होम डिलीवरी की भी व्यवस्था है। मौके पर भीमदयल राम, प्रणव कुमार, प्रभाकर कुमार, पीयूस सुमन, पिंटू मेहता, सुदेश्वर राम, उदेश्वर राम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

छठपोखरा परिसर में देव दीपावली का आयोजन आज

हुसैनाबाद। स्थानीय उत्तर कोयल नहर स्थित जमुहारी माई छठ घाट व जपला छठपोखरा घाट परिसर में देव दीपावली मनाया जायेगा। इसके लिए सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। यह जानकारी चारधाम व सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता और नवाह्न यज्ञ समिति के अध्यक्ष राजेंद्र पाल ने दी है। उन्होंने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर देव दीपावली मनाई जायेगी। साथ ही नहर मोड़ स्थित सूर्य मंदिर परिसर में भक्ति जागरण का आयोजन होना भी सुनिश्चित हुआ है।

विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

सतबरवा। प्रखंड सभागार में रविवार को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार ने दिल्ली के तत्वधान में झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पलामू द्वारा बच्चों, विधवाओं दिव्यांगों, जनजातीय, अनुसूचित जाति समुदाय एवं वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें एडीशनल सेशन जज प्रेम नाथ पांडे उपस्थित थे। जज प्रेम पांडे ने उपस्थित 150 गरीब, असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। साथ ही सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना ,वृद्धा, विधवा, दिव्यांग पेंशन, के लाभूकों के बीच योजना का लाभ दिया। इस मौके पर मुखिया पोंची गिरवर प्रसाद राम, दुलसुलमा ब्रह्मदेव सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता रौशन कुमार उर्फ बिट्टू, वी डी ओ राज किशोर प्रसाद बीएओ श्याम नारायण समेत सैकड़ों ग्रामीण जनता मौजूद थे।

नाबालिक किशोरी के अपहरण का आरोपी युवक गिरफ्तार

मेदिनीनगर। पलामू जिले के पाटन थाना अंतर्गत एक गांव की नाबालिक किशोरी का अपहरण कर दो दिनों तक अपने साथ रखने के आरोपी युवक को गिरफ्तार लिया गया है। युवक से पूछताछ के बाद उसे शनिवार को न्यायिक आदेश पर जेल भेज दिया गया है। दूसरी तरफ नाबालिग का मेडिकल जांच कराने के बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज करवाने की प्रक्रिया की जा रही है। पाटन के थाना प्रभारी प्रकाश कुमार ने बताया है कि आरोपी ने तीन नवंबर को किशोरी का अपहरण किया था। परिजनों ने अपने स्तर से खोजबीन करने के बाद पुलिस को जानकारी दी। किशोरी के मोबाइल फोन से आरोपी ने किशोरी के माता-पिता को धमकी दिया था। पुलिस ने मोबाइल फोन का लोकेशन ट्रेस कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए किशोरी को बरामद कर लिया।

ट्रैक्टर की चपेट में आकर मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत

मेदिनीनगर। चैनपुर थाना क्षेत्र के बुढीबीर गांव में शनिवार को दिन में ईट लदा अनियंत्रित ट्रैक्टर की चपेट में आ जाने से मोटरसाइकिल सवार सह बुढीबीर गांव निवासी पवन कुमार चंद्रवंशी(18) की मौत हो गई। घटना के बाद गंभीर रूप से घायल स्थिति में उसे मेदिनीनगर के मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पहुंचाया गया था, जहां ऑन ड्यूटी डॉक्टर ने उसे मृत बताया। मृत युवक के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर एमआरएमसीएच में पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया है। घटना की सूचना मिलने पर चैनपुर थाने की पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया।

मधुआ रोग से धान की फसल हो रही हैं बर्बाद, दर्जनों किसान प्रभावित

भुक्तभोगी किसानों ने बीडीओ से मुआवजे की मांग की

नवीन मेल संवाददाता

हैदरनगर। प्रखंड के दरुआ बेनी पंचायत के दरुआ गाँव निवासी किसान रामजी सिंह, सुदामा सिंह, निरंजन सिंह, अजय सिंह, गौरिशंकर सिंह, सत्यनारायण सिंह, अवधेश सिंह आदि किसानो ने धान में लगे मधुआ रोग से एक ही गांव मे 20 एकड़ से अधिक धान का फसल बर्बाद होने की लिखित शिकायत हुसैनाबाद के प्रखंड विकास पदाधिकारी रतन कुमार को दिया है। किसानों ने चिंता जाहिर करते हुए कहा है कि धान की लगी फसल में लगे रोग से हम किसन बर्बाद हो गये हैं। उन्होंने बीडीओ रतन कुमार सिंह को आवेदन देकर फसल का आंकलन कर मुआवजा दिलाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि आवेदन में धान की खेत का खाता प्लॉट के साथ डिटेल दिया हुआ है। जिसकी जाँच होनी चाहिए। उन्होंने धान की फसल को दिखाते हुए किसानों की हुई परेशानी को दशार्या है। जिससे चौतरफा किसान परेशानी को झेलने को विवश हैं। आवेदन में यह भी कहा है कि इस वर्ष भयंकर आकाल सुखाड़ के बाद भी कुछ किसान उतर कोयल मुख्य नहर

से किसी तरह धान की रोपनी किये थे। साथ ही किसी तरह करज लेकर पंप से पटवन धान की रोपनी किया था। किंतु कीड़े ने ही धान को नष्ट कर दिया। धाध के खेतों मे लगे रोग को किसान मधुआ रोग बता रहे हैं। जो मधुमक्खी की तरह धान के फसल को चाट रहे हैं। आखिर किसान जाएं तो जाएं कहा? कभी घोर वर्षा की कमी तो कभी नीलगाय व जंगली जानवरों के आतंक से हम किसान परेशान है। अनुमंडल क्षेत्र में मात्र 10 प्रतिशत ही धान की खेती हुई है। शेष पूरे पहाड़ी क्षेत्र के खेत आज भी सूखे पड़े हैं। उन्होंने कहा कि सोन व कोयल आदि छोटी बड़ी कई नदी व जलाशय में पानी का लेयर नही होने के कारण खेतों में बोरिंग में पानी भी नही मिल रहे हैं। जिससे किसान त्राहिमाम है। एक तरफ उर्वरक की किलत तो दूसरी तरफ महंगाई की मार झेलना हम किसानों के लिए अभिशाप साबित हुआ। पहले किसानों द्वारा यह कहा जाता था कि हथिया नक्षत्र में हुए पानी से फसलों में कीड़े नही लगते। किंतु ऐसा कुछ नही दिखा। इस वर्ष हथिया नक्षत्र में हल्की बारिश भी हुई किन्तु धान के फसल में रोग लग गया। किसानों ने आवेदन देकर मुआवजा दिलाने की मांग प्रखंड विकास पदाधिकारी से की हैं।

कीटनाशक तरल पदार्थ पीने से बच्चे की हालत गंभीर, रेफर

नवीन मेल संवाददाता

विश्रामपुर। विश्रामपुर थाना क्षेत्र के दर्जी मुहल्ले के एक बच्चा कीटनाशक तरल पदार्थ पीकर रविवार को गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिसे परिजनों ने आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विश्रामपुर में लाकर भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने बच्चे का प्राथमिक उपचार करने के उपरांत 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल मेदिनीनगर रेफर कर दिया। वही बच्चे की पहचान सैफ अली उम्र करीब ढ़ाई साल, पिता गुलशेर अंसारी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार घर में पेंटिंग का काम चल रहा था। जिसके लिए घर के एक कमरे में पेंट के साथ रखे थिनर को बच्चे ने पी लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वही फिलहाल बच्चे को प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती करवाया गया है। जहां बच्चा खतरे से बाहर बताया जा रहा है।

भाजपाइयों ने प्रदेश उपाध्यक्ष को जोरदार स्वागत किया

सतबरवा। शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के पास रविवार को पूर्व मंत्री चंदनकियारी के विधायक अमर बावरी एवं आजजा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभात भुईयां का आशीष कुमार सिन्हा के नेतृत्व में जोरदार स्वागत भाजपाइयों ने किया गया। श्री बावरी ने कहा कि मैं गढ़वा वंशीधरनगर कार्यक्रम में जा रहा हूं आप लोग का स्वागत देखकर मैं अत्यंत खुश हूं। अगर इस तरह का कार्यकर्ता हर जगह रहे तो पार्टी हमेशा मजबूत रहेगी। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, राजेंद्र सिंह चेरो, जिला कार्यसमिति सदस्य बैजनाथ प्रसाद आर्य , सुदेश्वर राम, पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष रवि प्रसाद, के साथ दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

प्रखण्ड परिषर में लगा विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर

नवीन मेल संवाददाता

हैदरनगर। पलामू रविवार को हुसैनाबाद प्रखंड परिषर में 'विधिक सेवा-सह-सशक्तिकरण शिविर' का आयोजन किया गया। यह आयोजन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के तत्वाधान में लगाई गई थी। जिसका विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि अधिवक्ता लल्लू प्रसाद सिंह, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी रतन कुमार सिंह, एवं अन्य लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं इस शिविर में सभी विभागों से सम्बंधित जनता के कार्यो और जागरूकता के लिए अलग अलग विभाग का स्टॉल लगाया गया था। जिसमें प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मेगा लीगल अवेयरनेस कृषि विभाग जेएसएलपीएस कल्याण विभाग पेयजल स्वच्छता पशुपालन शिक्षा विभाग खाद्य आपूर्ति विभाग प्रज्ञा केंद्र विद्युत आपूर्ति विभाग राजस्व एवं भूमि सुधार चिकित्सा विभाग बाल विकास परियोजना सहित सभी विभागों के कर्मी मौजूद थे। कई कार्यो से संबंधित विभाग से समस्या को निदान के लिए लोगों ने अपना अपना आवेदन जमा किया। इस शिविर में मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने विभिन्न लोगों को परिसंपत्तियों का वितरण दिया। वहीं जेएसएलपीएस के 14 समूहों के बीच 28 लाख रुपये का चेक प्रारूप दिया गया। वहीं प्रधानमंत्री आवास, बृद्धा पेंशन, सावित्री बाई फुले योजना का भी आवेदन लिया गया एवं मनरेगा योजनाओं तहत लोगों को प्रमाण पत्र वर्क जॉब कार्ड वितरण किया गया। मौके पर पंचायत समिति धनंजय कुमार यादव, अरविंद मेहता राजवंशी यादव मुखिया श्रवण राम नरेश पासवान, मुखिया पति अशोक यादव, योगेंद्र सिंह, रामजी राम, समेत प्रखण्ड कार्यालय के कई कर्मी उपस्थित थे।

अमकर डैम का शीघ्र निर्माण होगा : सांसद

पलामू सांसद ने पीपरा प्रखंड के पंचायतों का भ्रमण किया

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने रविवार को पीपरा प्रखंड के पंचायतों का भ्रमण किया। साथ ही लोगों से मिलकर केंद्र सरकार की जनहित योजनाओं की जानकारी दी। वहीं उनकी समस्याओं को सुना। इस दौरान सांसद ने बभंडी, पीपरा, मधुबाना, दलपतपुर, तेंदुई तथा सरैया पंचायत में जाकर लोगों से रूबरू हुए। पार्टी द्वारा निर्देशित इस कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रविन्द्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह, कर्नल संजय कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, प्रफुल्ल कुमार सिंह, कामेश्वर कुशवाहा सहित कई नेता शामिल हुए। सांसद ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार गांवों तथा किसानों के विकास के लिए कई योजनायें चला रही है, इसका लाभ उठाये। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गांव का समग्र विकास के लिए संकल्पित है। सांसद ने कहा कि अमकर डैम का निर्माण के लिए सचिव स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है। मिट्टी जांच की रिपोर्ट आते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जायेगा। वहीं दुबटिया जपला पथ पुनर्निर्माण योजना स्वीकृति की

प्रक्रिया में है। इसके अलावा सांसद ने दलपतपुर में हाईस्कूल निर्माण, चिकित्सक की पदस्थापना, दलपतपुर गांव व एनएच 98 के बीच पुल निर्माण तथा पिपरा में स्टेडियम निर्माण कराने की घोषणा की। जबकि अन्य वक्ताओं ने कहा कि झारखंड की हेमंत सोरेन की सरकार का कई निर्णय आम लोगों के हित के विपरीत है। इसके खिलाफ सोमवार को पीपरा प्रखंड कार्यालय पर आक्रोश प्रदर्शन किया जायेगा। इस अवसर पर बभंडी मुखिया इश्वंती कुंवर, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, हरिहरगंज सांसद प्रतिनिधि अरूण मिश्रा, लाल बहादुर सिंह, सतेन्द्र पासवान, सुनील सिंह, रंजीत बहादुर सिंह, भोला सिंह, अशोक कुमार सिंह, गोपाल प्रसाद सहित कई लोग उपस्थित थे।

एनसीपी कार्यकर्ताओं की बैठक में संगठन की मजबूती को लेकर हुई चर्चा

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के हैदरनगर के देवी धाम परिसर में एनसीपी की हैदरनगर प्रखंड कमेटी की बैठक हुई। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह ने की। संचालन बीस सूत्री अध्यक्ष बिमलेश सिंह ने किया। बैठक में पंचायत स्तर पर पार्टी के संगठन की समीक्षा की गई। एनसीपी नेता सह विधायक प्रतिनिधि सज्जू खान ने कहा कि पंचायत कमेटी गांव व बूथ स्तर तक लोगों को पार्टी से जोड़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने टीम सूर्या के बैनर तले खेल अभियान को लेकर भी चर्चा की। बीस सूत्री अध्यक्ष बिमलेश सिंह ने कहा कि गांव के ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ दिलाने में पंचायत स्तर के कार्यकर्ताओं को सक्रियता के

साथ काम करने की जरूरत है। अगर कही परेशानी होती है तो प्रखंड कार्यालय में स्थित विधायक कार्यालय में पहुंच कर वहां मौजूद नेताओ से मिल कर उन्हे जानकारी दें। बीस सूत्री अध्यक्ष पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष को जानकारी दें। समाधान कराया जायेगा। उन्होंने टीम सूर्या के बैनर तले होने वाले खेल अभियान को सफल बनाने के लिए पंचायत के कार्यकर्ता व पार्टी पधाधिकारी मिलकर टीम तैयार करें। उन्होंने कहा कि हैदरनगर के पंचायत स्तरीय सभी खेल प्लस टू उवि के मैदान में होगा। उन्होंने सभी को तैयारी में जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जल्द ही तिथि की घोषणा युवा नेता सूर्या सिंह करेंगे। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने अपने अपने पंचायत की स्थिति पर प्रकाश डाला। प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि बूथ स्तर तक संगठन की मजबूती के लिए प्रखंड स्तर के पार्टी पदाधिकारियों की जहां जरूरत होगी जायेंगे। बैठक में श्याम बिहारी मेहता, बबलू सिंह, विनय पासवान, गुड्डू सिंह, बिरेंद्र सिंह, डौलू हुसैन, जिलानी अंसारी, संतोष राम, लल्लू सिंह, अशोक सिंह, जिलानी अंसारी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर लगा

नवीन मेल संवाददाता

पाटन। प्रखंड परिसर में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के तत्वधान में पाटन में विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर लगाया गया। इस शिविर में जिला से पहुंचे मुख्य अतिथि के रूप में जुडिशल मजिस्ट्रेट जज चंदन गोस्वामी उपस्थित हुए शिविर का अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज तिवारी ने की कार्यक्रम की संचालन पीएलबी रविंद्र कुमार सिंह ने की। यह शिविर बच्चों विधवाओं दिव्यांगों महिलाएं अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति समुदाय एवं वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण हेतु आयोजित की गई थी। शिविर में पेंशन, जॉब कार्ड, कम्बल वितरण किया गया। सीडीपीओ बीडीओ, जिला परिषद सदस्य और सिविल जज द्वारा दिव्यांग के बीच ट्राई साइकिल, बैसाखी वितरण किया गया। कार्यक्रम में मौके पर जिला परिषद सदस्य जयशंकर सिंह उर्फ संग्राम सिंह, सीडीपीओ अनिता कुमारी, कृषि पदाधिकारी, प्रधान सहायक मृत्युंजय सिंह,जेएसएलपीएस के प्रमिला नगेसिया, मुखिया शंकर प्रसाद, पंचायत सेवक अनिल पासवान, कामेश्वर महतो, विष्णु कुमार, दिनेश कुमार, समेत प्रखंड कर्मी और ग्रामीण मौजूद थे।

विधायक ने जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया

नवीन मेल संवाददाता

पाटन। प्रखंड के कई एक गाँव मे पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार व विधायक पुष्पा देवी ने बढ़ती ठंड को देखते हुए जरुरतमंद लोगो के बीच कंबल वितरण किया। तथा दिव्यांग जनों के बीच ट्राय साइकल का वितरण भी किया गया। इस दौरान विधायक श्रीमति पुष्पा देवी ने ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याओं का जाना और निदान की दिशा में आवश्यक निर्देश दिया। विधायक के काफिले के साथ में पाटन मंडल विधायक प्रतिनिधि संजय कुमार सिंह, किशनपुर मंडल विधायक प्रतिनिधि अशोक तिवारी, वरिष्ठ भाजपा नेता जालंधर यादव, नवल सिंह, प्रमोद सिंह, शुभम क्रांति, पवन गुप्ता, पंचायत के मुखिया पति इंदल मेहता, विवेक सिंह इत्यादि लोग मौजूद थे।

आदर्श कंप्यूटर सेंटर के क्विज प्रतियोगिता में नरगिस अख्तर प्रथम

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज। मेन रोड़ स्थित आदर्श कम्प्यूटर सेंटर में रविवार को कम्प्यूटर क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे सेंटर में नरगिस अख्तर प्रथम, भारती कुमारी द्वितीय तथा अंजली कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त की। क्विज प्रतियोगिता में करीब 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सेंटर के तरफ से टॉप सुपर 30 की सूची तैयार की गयी। जिन्हें संस्थान के निदेशक शादाब आलम द्वारा सफल विद्यार्थियो को मेंडल, प्रशस्तिपत्र व पेन डायरी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यार्थियो को संबोधित करते हुए निदेशक शादाब आलम ने कहा कि आज के युग में कंप्यूटर सब की जरूरत है। टॉप 30 में चयनित विद्यार्थी निकिता कुमारी, दिव्या नंदन, अभिमन्यु कुमार, पूजा अग्रवाल, गुनिया परवीन, नगमा परवीन, शवा परवीन, मोहित सिंह, निशा कुमारी, छोटू कुमार, जितेंद्र कुमार, प्रिया कुमारी, शाहीन, साइका परवीन, शिवानी कुमारी, स्वाति कुमारी, खुशबू, पंकज, भारती, अंचनी, चंचला, राजन, प्रदीप, नायिका, अभिषेक तथा शिल्पी आदि का नाम शामिल है।

लालगढ़ पंचायत की योजनाओं में मची है लूट

उपायुक्त से मिलकर करेंगे शिकायत : राजकुमार

कागजों पर ओडीएफ लेकिन आज भी खेतों में जाने को विवश हैं ग्रामीण

नवीन मेल संवाददाता

संवाद नावा। विश्रामपुर प्रखंड के लालगढ़ पंचायत में सरकारी योजनाओं में लूट मची है। जनोपयोगी योजनाओं को नहीं कराया जा रहा। पंचायत क्षेत्र में कई योजनाएं केवल कागजों पर संधारित की गई है। जिसकी शिकायत भी स्थानीय लोगों के द्वारा समय-समय पर की जाती रही है लेकिन आज तक कार्रवाई नहीं की गई। पंचायत क्षेत्र में 14 वे व 15 वे वित्त अनुदान मद से लगभग एक दर्जन जल मीनार लगाये गये हैं। जो केवल दिखावा मात्र बनकर रह गई है। लाखों रुपए खर्च के बाद भी लोगों को पानी मयस्सर नहीं हो पा रहा। उक्त बातें वरीय समाजसेवी राजकुमार सिंह ने कहा। रविवार को लालगढ़ स्थित अपने आवास पर

पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। श्री सिंह ने कहा कि कहने को तो लालगढ़ पंचायत सरकारी आंकड़ों में ओडीएफ घोषित हो चुका है। लेकिन आज भी गांव की आधी से अधिक आबादी खुले मैदान में जाने को विवश है। पंचायत के वर्तमान मुखिया की गतिविधि विकास कार्यों के प्रति संतोषजनक नहीं है। इनके पूर्व पत्नी अनीता देवी मुखिया रही थी। मुखिया अनीता देवी के कार्यकाल में अनुपयुक्त जगहों पर नाली व पीसीसी का निर्माण कार्य करा पैसों की बंदरबांट कर ली गई। जबकि गांव की कई महत्वपूर्ण सड़के आज भी जीर्ण शीर्ण अवस्था में पड़ा है। पंचायत क्षेत्र की समस्याओं व पूर्व में कराये गये कार्यों की जांच को लेकर पलामू उपायुक्त व उप विकास आयुक्त आदि से शिकायत की जायेगी। जरूरत पड़ी तो आमरण अनशन भी किया जायेगा। मौके पर राजकुमार सिंह, राधेश्याम चौधरी, महेंद्र चौधरी, शिव पाल, गया चौधरी, अनूज ओझा, ओम पाठक, दीपक सिंह, सुजीत कुमार सिंह सहित कई लोग थे।

सेवानिवृत्त फौजी का हुआ भव्य स्वागत

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज। 30 साल तक लगातार फौज में नौकरी करने के बाद सूबेदार पद से सेवानिवृत्त होकर फौजी जवान उदय प्रसाद वर्मा जब वापस गांव लौटे तो उनका नायक की तरह अभिनंदन हुआ। रविवार को शहरी क्षेत्र के पिपरघाट गांव स्थित पैतृक घर पहुंचते ही हरिहरगंज वासियों ने उन्हें फूल माला से लाद दिया। इस तरह स्वागत देखकर रिटायर्ड फौजी के आंखों से आंसू छलक पड़े। बताया गया कि 28 अक्टूबर 1992 को फौज में एक सिपाही के पद पर चयन हुआ था। अपने 30 साल की कार्यकाल में कई जगह देश की सेवा करते रहे। अपने कार्यकाल में कारगिल युद्ध में भी दुश्मनों के छक्के छुड़ाये। इस दौरान सैंकड़ों लोगों ने गाजे-बाजे के साथ उन्हें फूलों की माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। तथा भारत माता की जय के जयकारे लगाये गये। मौक पर युवा समाजसेवी राजीव रंजन, पूर्व प्रमुख अखिलेश मेहता, बिंदेश्वरी प्रसाद वर्मा, सरोज प्रसाद कुशवाहा, कृष्णा प्रसाद, आलमगीर आलम, राजेंद्र प्रसाद, डॉ० लक्ष्मण प्रसाद, संजय मेहता, राजकुमार गौतम, पंचम कुमार, अरविंद घोष ,मनोज मेहता, आकाश कुमार, दिनेश कुशवाहा, मुकेश कुमार, अखिलेश शर्मा, अमरजीत यादव, धर्मेंद्र कुमार, डॉ राजेश कुमार सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

न्यूज गैलरी

यूजीसी नेट का रिजल्ट जारी

मेदिनीनगर। एनटीए ने यूजीसी नेट रिजल्ट जारी किया। परीक्षार्थी एनटीए यूजीसी नेट की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना रिजल्ट चेक कर सकते हैं।यूजीसी नेट परीक्षा का आयोजन 8, 10, 11, 12, 13 और 14 अक्टूबर 2022 को किया गया था। यूजीसी नेट 2022 की आंसर-की और फाइनल आंसर-की जारी की जा चुकी हैं। देश भर के विश्वविद्यालयों और अन्य उच्च शिक्षा संस्थानों में जूनियर प्रोफेसर फेलोशिप और असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए यूजीसी की नेट परीक्षा का आयोजन किया जाता है।एनटीए ने रिजल्ट से पहले फाइनल आंसर की जारी कर दी है। गौरतलब है कि 2021 में यूजीसी नेट के लिए कुल 12,66,509 उम्मीदवारों ने रजिस्ट्रेशन कराया था लेकिन परीक्षा में केवल 6,71,288 उम्मीदवार ही शामिल हुए थे। पहले फेज की परीक्षा 9 से 12 जुलाई तक आयोजित की गई थी वहीं दूसरे फेज की परीक्षा 20 सितंबर से 23 सितंबर तक, तीसरे फेज की परीक्षा 29 सितंबर से 4 अक्टूबर तक कराई गई थी वहीं चौथे पेज की परीक्षा का आयोजन 8 से 14 अक्टूबर 2022 तक किया गया था।

नागरिक संघर्ष मोर्चा की बैठक संपन्न

मेदिनीनगर। शहर में रविवार को स्टेशन रोड स्थित सत्य प्रकाश के निवास पर प्रोफेसर युगल किशोर प्रसाद जी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में नागरिक संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष देवेंद्र प्रसाद गुप्ता, एससी एसटी ओबीसी माइनॉरिटी मोर्चा के रवि पाल, मूलनिवासी संघ के रंजन कुमार सिंह अधिवक्ता, पूरन चंद विचार मंच के महासचिव सीटू गुप्ता, वैश्य महासम्मेलन के युवा अध्यक्ष अधिवक्ता शशि भूषण, अंबेडकर विचार मंच के संयोजक गणेश रवि, बहुजन समाज पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी विनोद कुमार सोनी, वैश्य नेता बिहारी साहू, गुड्डू कुमार, संजीव कुमार, नोनिया समाज के अध्यक्ष कमल प्रसाद गुप्ता, स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष युगल किशोर शरण के अलावे अन्य उपस्थित लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 8 नवंबर को नगर निगम पार्क में प्रथम निर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष स्वर्गीय रामसेवक प्रसाद जी की आदम कद प्रतिमा को लगाने के उपरांत ही अन्य किसी सम्मानित अध्यक्ष की प्रतिमा को लगाने का कार्य किया जाये। अन्यथा उपस्थित लोगों ने निर्णय लिया कि इस प्रस्ताव को अनदेखी करने का जोरदार आंदोलन चलाया जाएगा। जिसके भुक्तभोगी नगर निगम जिम्मेवार होगा। बैठक के अंत में प्रोफेसर युगल किशोर प्रसाद ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

नरू बाबू की मूर्ति का अनावरण 10 को

मेदिनीनगर। शहर में मंगलवार को भूतपूर्व नगरपालिका अध्यक्ष स्व. नर्वदेश्वर सिंह (नरू बाबू) की मूर्ति का अनावरण होना सुनिश्चित हुआ था, पर उस दिन चंद्रग्रहण लगने के कारण कार्यक्रम की निर्धारित तिथि बढ़ाकर 10 नवम्बर बृहस्पतिवार शाम के 4:00 बजे कर दिया गया है। कार्यक्रम की रूपरेखा पूर्वोत्तर रहेगी। इस ऐतिहासिक अवसर पर उप महापौर ने नगर निगम की सम्मानित जनता को ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

सहायक अध्यापक संघ से मिले शिक्षा मंत्री

मेदिनीनगर। रविवार को शिक्षा मंत्री ने सामुदायिक सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद बिहारी महतो को अपने आवास बुलाया और संबंधित समस्याओं को जाना। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा की कैबिनेट बैठक के बाद सबकी सहमति लेकर सारी समस्याओं को समाधान करते हुए लागू करने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए मंत्री ने अध्यक्ष को सभी गुटों से बात कर सहमति प्राप्त करने का विचार प्रकट किया है । मंत्री ने कहा कि सरकार अनुकंपा , ईपीएफ,कल्याण कोष, जल्द लागू करने जा रहे है ।एनसी अप्रशिक्षित, विसंगति ,सीटेट सभी बिंदुओं को विचार कर जल्द समाधान किया जाएगा।साथ मे राजेन्द्र कुमार महतो और संजय कुमार पांडे भी मौजूद रहे।

समृद्धि मिशन ने जरूरतमंदों के बीच किया भोजन का वितरण

मेदिनीनगर। समृद्धि मिशन के द्वारा शनिवार को शनि मंदिर और अम्बेडकर पार्क के पास दातुन बेचने वाले,रिक्शा चालक और जरूरत मंदो के बीच भोजन का वितरण किया।मिशन की टीम को इस कार्य में अपार खुशी मिलती है। टीम के सदस्य जब मिलकर जरूरतमंदों के बीच भोजन कपड़ा या फिर छोटी-मोटी जरूरत की वस्तुएं लेकर उनके पास पहुंचते हैं।टीम के द्वारा रोटी, पूरी सब्जी और बुन्दिया का वितरण दोना -पत्तल वालों के बीच किया गया।भोजन देनेवाले परिवार और बड़ी ही निष्ठा से उसे वितरण करने वाले हर सदस्य के लिए टीम आभार व्यक्त करती है।इस कार्य मे बैजन्ती गुप्ता ,अहिल्या गिरि, वन्दना श्रीवास्तव ,वीणा गुप्ता, रंजीता देवी, शिल्पी गोस्वामी, श्वेता पाण्डेय, बेबी पाण्डेय,का योगदान रहा।

झारखंड सरकार की विफलता के खिलाफ भाजपा जन आक्रोश रैली को लेकर बैठक

मेदिनीनगर। पांकी लोहरसी प्रदेश भाजपा द्वारा निर्धारित जन आक्रोश रैली की तैयारी को लेकर मंडल की संयुक्त बैठक पांकी के श्रीराम सेल्स के ऑफिस में बैठक आयोजित की गई। बैठक में हेमंत सरकार के जनविरोधी नीतियों और सरकार के विफलता के खिलाफ प्रदर्शन करने को लेकर जिम्मेवारी सौंपी गई। प्रदेश भाजपा द्वारा पांकी मंडल के कार्यक्रम के प्रभारी भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनोद कुमार सिंह जी को बनाया गया है। बैठक की अध्यक्षता पांकी भाजपा मंडल उपाध्यक्ष शत्रुधन सिंह जी ने किये। श्री सिंह ने पांकी मंडल एवं लोहरसी मंडल के सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को 10 नवंबर को जन आक्रोश रैली को सफल बनाने पर विस्तृत जानकारी दिये।बैठक की संचालन पांकी भाजपा महामंत्री। श्यामनंदन ओझा जी ने किये। बैठक में पांकी वरिष्ठ भाजपा नेता लॉरिक सिंह ,भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता, जिला चतरा सांसद प्रतिनिधि सह प्रदेश स्तरीय नेता अजय प्रसाद गुप्ता, पांकी सांसद प्रतिनिधि सत्यप्रकाश ऊर्फ चुनमुन पांडे, लोहरसी मंडल अध्यक्ष अरूण सिंह, लोहरसी मंडल महामंत्री विनोद प्रजापति, पांकी मंडल महामंत्री सतनारायण यादव, कामता यादव, मंटू शर्मा, रिंकू पांडे, बलि यादव, बलराम गोसाई, लोहरसी भाजपा मंडल उपाध्यक्ष रंजय ठाकुर, राहुल पाठक, कार्तिक सिंह आदि सामिल हुवे। कार्यक्रम का समापन पांकी मंडल अध्यक्ष स्व. बाल्मिकी सिंह जी की याद में दो मिनट का मौन धारण कर की गई।

उधारी भुंईया ने सरकारी लाभ से वंचित को लेकर लगाई गुहार

नावाबाजर। विधिक सेवा शिविर मे नावा बाजार प्रखंड के सिंजो निवासी उदारी भुइयां व उनके धर्मपत्नी लक्ष्मीनिया देवी दोनों वृद्धो ने नावा बाजार प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद अमीर हमजा के समक्ष सरकारी लाभ से वंचित को लेकर लगाई गुहार लगाते हुए कहा कि 20 वर्ष पहले हम दोनों को पति पत्नी को मृत घोषित कर सरकारी लाभ से वंचित रखा गया ।अभी तक आधार कार्ड ,राशन कार्ड ,पेंशन ,आवास सहित सभी लाभों से हम दोनों वंचित हैं।

आज मनेगी देव दीपावली, कोयल तट पर गंगा आरती का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू में आज देव दीपावली पर्व कार्तिक पूर्णिमा के एक दिन पूर्व ही मनाया जायेगा। धार्मिक ग्रंथों की मानें तो देव दीपावली के दिन गंगा नदी में स्नान ध्यान करने से मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है। हिन्दू और सिक्ख धर्म के अनुयायियों देव दीपावली को धूमधाम से मनाते हैं। सनातन धर्म में दीपों का त्योहार दीपावली का विशेष महत्व है। दीपावली के पंद्रह दिनों के बाद यानी कार्तिक पूर्णिमा के दिन देव दीपावली मनाई जाती है। आसान शब्दों में कहें तो कार्तिक महीने में अमावस्या के दिन मनुष्यो की दीपावली और पूर्णिमा के दिन देव दीपावली मनाई जाती है। देव दीपावली के दिन प्रसिद्ध नदी किनारे स्थित प्रमुख शहरों में गंगा आरती का आयोजन किया जाता है। देव दीपावली क्यों मनाई जाती है:-सनातन धार्मिक ग्रंथों की मानें तो दैविक काल में एक बार त्रिपुरासुर के आतंक से तीनों लोकों में त्राहिमाम मच गया। त्रिपुरासुर के पिता तारकासुर का वध देवताओं के सेनापति कार्तिकेय ने किया था। उसका बदला लेने हेतु तारकासुर के तीनों पुत्रों ने भगवान ब्रह्मा जी की कठिन तपस्या कर उनसे अमर होने का वर मांगा। हालांकि, भगवान ब्रह्मा ने तारकासुर के तीनों पुत्रों को अमरता का वरदान न देकर अन्य वर दिया। कालांतर में भगवान शिवजी ने कार्तिक पूर्णिमा के दिन तारकासुर के तीनों पुत्रों यानी त्रिपुरासुर का वध कर दिया। उस दिन देवताओं ने काशी नगर में गंगा नदी के किनारे दीप जलाकर देव दीपावली मनाई। उस समय से देव दीपावली मनाई जाती है। वर्तमान समय में भी हर साल कार्तिक पूर्णिमा के दिन देव दीपावली मनाई जाती है। **देव दीपावली का महत्व :** ऐसी मान्यता है कि देव दीपावली के दिन देवी-देवता पृथ्वी पर आकर दीपावली मनाते हैं। इस मौके पर झारखंड में, वाराणसी में, बिहार में, गंगा आरती का विशेष आयोजन किया जाता है। गंगा घाटों को सजाया जाता है। हर वर्ष कार्तिक अमावस्या तिथि पर दीपावली का त्योहार मनाया जाता है। मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन ही समस्त देवी-देवता स्वर्ग से धरती पर आते हैं और गंगा स्नान करने के बाद दीपोत्सव का त्योहार मनाते हैं। देव दीपावली पर लोग अपने घर पर दीए और सुंदर-सुंदर रंगोली से मुख्य द्वार को सजाते हैं। देव दीपावली को मुख्य रूप से शिव की नगरी वाराणसी में बड़े ही उत्साह के साथ मनाते हैं। इस दिन गंगा आरती के साथ गंगा के घाटों और शहर की हर गली में दीपक से रोशनी की जाती है।

कोयल नदी के तट पर होगी गंगा आरती : पलामू में महा गंगा आरती समिति के द्वारा कोयल नदी के तट पर स्थानीय गिरिवर स्कूल के पास गंगा आरती का आयोजन किया गया है। आयोजन समिति के अविनाश राजा ने बताया कि गंगा आरती पूरे धूमधाम से किया जायेगा। जिसमें स्थानीय लोगों के सहयोग से यह गंगा आरती का आयोजन किया जा रहा है। गंगा आरती के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। उन्होंने आने वाले सभी श्रद्धालुओं को 11 दिये साथ लेकर आने को कहा है।

बेरोजगार संघर्ष मोर्चा की बैठक में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाने का निर्णय

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। जिला कार्यालय में बेरोजगार संघर्ष मोर्चा की बैठक आहूत की गयी। इस बैठक की अध्यक्षता मोर्चा के अध्यक्ष उदय राम ने की। बैठक में सफल अभ्यार्थियों के चतुर्थवर्गीय पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर चलाए जा रहे आंदोलन की समीक्षा की गई। बैठक में आए सभी लोगों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की 147 वी जयंती झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर धूमधाम से मनाई जाएगी। बैठक में उपस्थित उदय राम ने कहा कि उस दिन डाल्टेनगंज रेलवे स्टेशन चौक पर स्थापित भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की जाएगी। उन्होंने कहा कि झारखंड को अलग राज्य बने 22 वर्ष हो गए लेकिन जिस गति से झारखंड का विकास होना चाहिए वह नहीं हो सका है। झारखंड सरकार की उदासीनता के कारण झारखंड का विकास नहीं हो सका। बैठक में श्याम पाठक, प्रदुमन तिवारी ,विजय राम, संजय कुमार, अनिल राम ,अरविंद कुमार, संजीत पासवान, सनी पासवान, उपेंद्र तिवारी, रामपुकार विश्वकर्मा, संजय चौरसिया, हीरामन मांझी, प्रदीप राम, राम नरेश महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

नेत्र ज्योति प्रदान करना है सबसे बड़ा पुनीत कार्य : थाना प्रभारी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। नीलांबर पीतांबरपुर निदान ट्रस्ट एवं जिला अंधापन नियंत्रण समिति के संयुक्त तत्वावधान में निदान सेवा सदन लेस्लीगंज में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन सह लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन थाना प्रभारी गौतम कुमार राय, डॉ वीरेंद्र कुमार तथा अस्पताल प्रबंधन के अध्यक्ष मिस्टर महमूद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर की। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि नेत्र ज्योति प्रदान करना पुनीत कार्य है। निदान सेवा सदन सुदूरवर्ती क्षेत्र के ग्रामीण लोगों को मोतियाबिंद आपरेशन कर लाभ प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि गरीबों को नेत्र ज्योति प्रदान करना सराहनीय कार्य है। क्योंकि आंखे ईश्वर का दिया अनमोल तोहफा है। जिसकी मदद से हम खूबसूरत दुनिया देख पाते हैं। डॉ वीरेंद्र कुमार ने कहा कि कई कारणों से लोग आंखों की बीमारी के शिकार होते हैं, परंतु इससे निराश होने की आवश्यकता नहीं है। संस्था के सुबा सिंह ने कहा कि निदान के द्वार जिला अंधापन नियंत्रण समिति के सहयोग से वर्ष 2006 से ही मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन कराया जा रहा है। संस्था के पास मोतियाबिंद ऑपरेशन सह लेंस प्रत्यारोपण कराने का काफी पुराना अनुभव है। शिविर में अब तक 327 लोगों का नेत्र जांच कीया गया है। शिविर के पहले दिन 81 लोगों का सफल मोतियाबिंद ऑपरेशन नेत्र सर्जन डॉ वीरेंद्र कुमार, डॉ अरविंद एवं डॉ अंकित सोनी के द्वारा किया गया। मौके पर नेत्र सहायक राकेश कुमार, मनीष कुमार, पंकज कुमार, ओटी असिस्टेंट तरन्नुम आरा, सलमान सिद्दीकी, तौकीर आलम, सोनी कुमारी, वीरेंद्र कुमार निशा कुमारी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

महाराज जरासंध की ऐतिहासिक जयंती सम्पन्न

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। रविवार को स्थानीय टाउन हॉल प्रशाल में चंद्रवंशी समाज के सिरमौर मगध नरेश महाराजाधिराज महाराज भगवान जरासंध की जयंती मनाई गई। शुभ मुहुर्त में विधिवत पूजा के साथ आज के इस कार्यक्रम की शुरूआत की गई। दोपहर के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चंद्रवंशी समाज के सिरमौर बिश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी शामिल हुए। साथ में मंचासिन अतिथियों में स्वागत अध्यक्ष युगल किशोर चंद्रवंशी, पूर्व जिला परिषद सदस्य पांडू अनिल चंद्रवंशी, पूर्व जिला परिषद सदस्य चैनपुर शैलेन्द्र कुमार शैलु, वार्ड पार्षद चंचला देवी, प्रदीप अकेला, रामनाथ चंद्रवंशी, नावा खास मुखिया मनोज कुमार आदि लोग उपस्थित रहें। कार्यक्रम की शुरूआत सभी अतिथियों ने सामूहिक दीप प्रज्वलन के साथ किया। मौके पर अपने संबोधन में अनिल चंद्रवंशी ने कहा की हम सभी को अपने अतीत पर गौरव करना चाहिए। भगवान जरासंध जैसे बलशाली हमारे समाज के सिरमौर हैं। अपने संबोधन में शैलेंद्र कुमार शैलू ने कहा की आज जरासंध जयंती के इस ऐतिहासिक मौके पर हम सभी चंद्रवंशी समाज के लोग एकत्रित हुए हैं। आज हमारा समाज शिक्षा स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित है। हम सभी को आपस में चट्टान ने एक साथ साथ जुड़कर अपने हक और अधिकार के लिए लड़ना होगा। मुख्य अतिथि रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि इतिहास महाराज जरासंध की उपलब्धियों को कम आता है। जैसे हम सभी अपने समाज के इतिहास पर गौर करें तो पाते हैं कि भगवान जरासंध की मां जरा एक देवी थी। जबकि इतिहास ने इसे अपने पन्नों में मनुवादी लेखकों के द्वारा राक्षसी बताया। यह हमारे समाज के साथ एक भयावह खिलवाड़ है। हम सभी को अपने बेहतर कार्यों के द्वारा अनेक कीर्तिमान स्थापित करते हुए समाज के शीर्ष पदों पर फतेह फहराना होगी। तभी हमारे समाज की सर्वस्व जय जयकार होगी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो को पगड़ी और शॉल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन शैलेश कुमार चंद्रवंशी ने किया। जबकि समारोह को सफल बनाने में पूजा समिति का अध्यक्ष कोमल कुमार अंकू, अखिल भारतीय चंद्रवंशी समाज के अध्यक्ष विक्की चंद्रवंशी पूजा समिति के महामंत्री रंजीत कुमार समाजसेवी विजय चंद्रवंशी गुड्डन कुमार सहित सैकड़ों लोगों का सामूहिक योगदान रहा।

झारखण्ड क्रांति मंच की बैठक में आशिष व अन्य मनोनीत

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। झारखण्ड क्रांति मंच के केन्द्रीय कमिटी के वरिष्ठ पदाधिकारियों व सदस्यों की बैठक आज शांतिपूरी मेदिनीनगर स्थित नागलोक उत्सव भवन में मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन मंच के वरीय केन्द्रीय उपाध्यक्ष गिरिजा प्रसाद विश्वकर्मा ने किया। बैठक के प्रारंभ में पिछले कार्यक्रमों की समीक्षा के बाद मंच के आन्दोलनात्मक कार्यक्रमों पर संतोष व्यक्त किया गया। बैठक के पहले प्रस्ताव में आगामी 26 नवम्बर 2022 को मंच के तीसरे स्थापना दिवस को समारोहपूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया। दूसरे प्रस्ताव में झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शिवनाथ हत्याकांड के सभी आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कराने व मुआवजे समेत हथियार का लाइसेंस दिलाने हेतु पहल करने की मांग की गई तीसरे प्रस्ताव में झारखण्ड में प्रस्तावित नगर निकायों के चुनाव के पूर्व पिछड़ी जातियों का आरक्षण सुनिश्चित कराते हुए 5 जनवरी 2023 के मतदाता सूची के आधार पर चुनाव कराने की मांग की गई। चौथे प्रस्ताव में पाटन प्रखण्ड के उताकी ग्राम में पिछले 20 अक्टूबर को नाबालिग दलित लड़की पूजा कुमारी के साथ ब्लातकार करनेवाले शनि सिंह को शीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी सजा दिलाने की मांग की गई। बैठक में सर्वसम्मति से अंतिम प्रस्ताव पारित कर चंदू राम वार्ड नं०1, सिंगरा को झारखण्ड क्रांति मंच के मेदिनीनगर निगम क्षेत्र इकाई का महासचिव एव आशिष कुमार पासवान (पूर्व प्रत्याशी पंचायत समिति पूर्वडीहा) ग्राम कड़मरी निवासी को चैनपुर प्रखण्ड इकाई का उपाध्यक्ष व जितेन्द्र राम ग्राम पूर्वडीहा निवासी को चैनपुर प्रखण्ड इकाई का सचिव मनोनीत किया गया।

अम्बेडकर पार्क में योग अभ्यास में जुड़ रहे लोग

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। स्थानीय अंबेडकर पार्क में रविवार की सुबह योगाभ्यास को लेकर शहर के कई लोग जुटे। शहर के स्थानीय लोगों के द्वारा अंबेडकर पार्क में योगाभ्यास आरंभ किया गया है। जिसमें बच्चे, बुजुर्ग और युवा का भागीदारी अधिक दिख रहा है। योग अभ्यास करने वालों में मंजय कुमार, दीपू सोनी, राजू वर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे। गौरतलब है कि शहर में अंबेडकर पार्क के बन जाने के बाद योग करने के लिए एक सुरक्षित स्थान मिला है जहां पर लोग आसानी से सुबह में योगाभ्यास कर सकते हैं।

विधिक सेवा-सह- सशक्तिकरण जागरूकता शिविर का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

नावाबाजार। प्रखंड कार्यालय के सभागार में विधिक सेवा सशक्तीकरण जागरूकता शिविर आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ अमीर हमजा ने किया। वहीं संचालन पीएलभी सुमंत कुमार ने की। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद आमिर हमजा द्वारा विधिक सेवा सशक्तिकरण जागरूकता शिविर का उदेश बताया गया उन्होंने कहा कि शिविर से एसी एसटी तथा असहाय लोगों को कानूनी, शिक्षा, चिकित्सा, आवास, पेंशन, बाल विवाह प्रथा, नारी सशक्तिकरण, छात्रवृत्ति, मनरेगा योजना, डायन बिसाही प्रथा सहित तमाम समस्याओं का निष्पादन विधिक सेवा द्वारा किया जाता है। मौके पर लाभुकों को वीडियो अमीर हमजा ,अंचलाधिकारी राकेश श्रीवास्तव, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि राजबली महरा ,उप प्रमुख मीर खुर्शीद आलम द्वारा संयुक्त रूप से कंबल ,रोजगार कार्ड, पेंशन स्वीकृत कर परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। शिविर में कौशल विकास केंद्र निष्ठा नावा बाजार, आंगनबाड़ी द्वारा स्टॉल लगाकर लाभुकों को लाभ दिया गया। मौके पर डॉ एम एम प्रसाद, आंगनवाड़ी सुपरवाइजर मिसी किरण, पंचायती राज पदाधिकारी सरजू प्रसाद यादव, कनीय अभियंता लवकुश कुमार, मनरेगा बीपीओ आशीष कुमार, सहित कई लोग शिविर में शामिल हुए।

कमजोर लोग के लिए सशक्तिकरण शिविर वरदान साबित होगा : शिखा

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। सशक्तिकरण शिविर कमजोर बर्ग के लोगो के लिए वरदान साबित होगा। उक्त बातें सिविल जज सीनियर डिवीजन शिखा अग्रवाल ने कही। उन्होंने कहा कि गरीब लाचार लोगो को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए ही इस तरह के शिविर का आयोजन किया जाता है। वे पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में रविवार को चैनपुर प्रखंड परिसर में सशक्तिकरण शिविर के उदघाटन समारोह में बोल रही थी। शिविर का उदघाटन सिविल जज सीनियर डिवीजन शिखा अग्रवाल, जे एम अपेक्षा, जे एम मिस रूबी, बीडीओ गिरिवर मिंज, पैनलअधिवक्ता संतोष कुमार पाण्डेय, शैलेन्द्र कुमार तिवारी अधिवक्ता ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में जरूरतमंद लोगो के बीच कम्बल बितरण किया गया। इस मौके पर चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी गिरिवर मिंज ने कहा कि सरकार गरीब कमजोर बर्ग के लिए कई कल्याणकारी योजनाए संचालित कर रही है। स्कूली छत्राओ के लिए साबित्री बाई फुले योजना है। जिसके माध्यम से आर्थिक मदद किया जाता है।साथ ही पशुधन योजना है। मौके पर पैनल अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि सशक्तिकरण शिविर के माध्यम से समाज के अंतिम ब्यक्ति तक पहुँच कर विकास योजनाओं का लाभ देना है। उन्होंने कहा कि बच्चों, विधवाएं, दिव्यांगों, महिलाओं, अनुसूचित जाति अनुसूचित जन जाति एवं बरिष्ठ नागरिकों के कल्याण हेतु इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। मौके पर अधिवक्ता शैलेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान किया जाता है। नई दिशाए के सचिव इंदु भगत ने कहा कि जिले में प्रत्येक माह लोक अदालत का आयोजन किया जाता है।साथ ही मेडिएशन बोर्ड में सुलह के आधार पर मामले निपटाए जाते हैं। इस मौके पर पीएलभी सुचिता एक्का, सनतोष तिवारी, के अलावे प्रखंड व अंचल कर्मी आंगनबाड़ी सेविका सहायिका,महिला समूह की दीदी के अलावे दर्जनों लोग उपस्थित थे।

भय, भूख, भ्रष्टाचार को ले झारखंड सरकार के खिलाफ होगा आंदोलन

नवीन मेल संवाददाता

नावाबाजार। भाजपा प्रखंड समिति का बैठक रविवार को कंडा में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष महादेव प्रसाद यादव ने की। बैठक में भय, भूख, भ्रष्टाचार व महिलाओं के साथ बढ़ते अपराध के खिलाफ झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विरोध में आक्रोश रैली को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। साथ हीं प्रदर्शन को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। इसके लिए सर्वसम्मति से प्रखंड संयोजक अखिलेश यादव को बनाया गया। मौके पर मंडल के भाजपा कार्यकर्ता महामंत्री पंकज चंद्रवंशी, महामंत्री ओबीसी मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष उदय यादव, एसटी मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष बलराम सिंह,एससी मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष अशोक पासवान, युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष नंदलाल ठाकुर, अशोक पासवान, लीलावती देवी, मनोज साव, महेंद्र साव, अरुण मेहता, मुन्ना राम, अशोक यादव जगनारायण सिंह, अखिलेश यादव, निर्मल यादव, अर्जुन मेहता आदि लोग मौजूद थे।

न्यूज गैलरी

छठ पूजा में बचत चंदा से महावीर मंदिर का होगा रंगरोगन का कार्य

रमना। गंगा तालाब छठ घाट परिसर में रविवार को प्रातः पूजा कमिटी एवं ग्रामीणों की बैठक हुई बैठक की अध्यक्षता सुदर्शन बियार ने की । बैठक में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई तत्पश्चात सर्वसम्मति से निम्नांकित प्रस्ताव पारित किए गए । सर्वप्रथम कोषाध्यक्ष सुनील प्रजापति के द्वारा छठ पूजा के आय-व्यय का हिसाब प्रस्तुत किया गया जिसमें कूल आमद ?113820 खर्च ?105574 तथा बचत 8246 हुआ श्री हनुमान मंदिर का निर्माण जारी है मंदिर के गुंबद निर्माण के पश्चात कलश बैठाने एवं प्लास्टर तथा वॉल पुट्टी कराना आवश्यक है। छठ घाट एवं मंदिर विकास के लिए कमेटी के अध्यक्ष ,उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष एवं सूचना मंत्री को अधिकृत किया गया । वे क्षेत्र के सांसद, विधायक, जीप अध्यक्ष, प्रखंड प्रमुख ,बीडीसी एवं स्थानीय मुखिया से संपर्क कर निर्माण कार्य को आगे बढ़ाएंगे। छठ पूजा में लोगों की सेवा एवं सहयोग की सराहना की गई। वही छठ पूजा में बढ़-चढ़कर सहयोग करने वाले रमना थाना प्रभारी सुधांशु कुमार को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। इस बैठक में प्रमुख रूप से उपाध्यक्ष नरेश साह, कोषाध्यक्ष सुनील प्रजापति ,सूचना मंत्री बबलू बियार एवं लालू प्रजापति, संजय प्रजापति ,राज किशोर प्रजापति ,सुरेश प्रजापति, रामलाल बियार ,नंदू साह , प्रभु सह , रामप्रवेश गुप्ता ,विजय साह, देव कुमार साह , कुलदीप प्रजापति ,मोती बियार, रामजी बियार ,रामनाथ , छोटन बियार , कृष्णा बियार, जयराम बियार, अवधेश बियार ,भागीरथी बैठा , आदि उपस्थित थे ।

पुलिस के हत्थे चढ़ा पशु तस्कर, 22 पशु भी जब्त

मंझिआंव/गढ़वा। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घुरूआ के स्थानीय निवासी स्वर्गीय महमूद खान के पुत्र हसीब खान 22 पशु के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि हसिब खान बीती रात्रि 5 नवंबर दिन शनिवार को 22 पशु को ले जा रहा था। स्थानीय पुलिस ने मिली गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो ने छापेमारी अभियान चलाया जिसमें पुलिस ने हसीब खान को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

झारखअड प्राथमिक शिक्षक संघ ने नये क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी कैसर रजा का सम्मान समारोह आयोजित किया

श्री बंशीधर नगर। राजकीय मध्य विद्यालय नगर उंटारी में रविवार को झारखण्ड प्राथमिक शिक्षक संघ के तत्वावधान में नये क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी कैसर रजा का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर संघ के नेताओ ने क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी के अब तक के क्रिया कलापों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये अपनी समस्याओं को रखा तथा समाधान की दिशा में कार्रवाई करने का आग्रह किया .क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी कैसर रजा ने शिक्षकों को विश्वास दिलाया कि उनके स्तर शिक्षकों की समस्याओं का समाधान करने का पूरा प्रयास किया जायेगा। सम्मान समारोह में शिक्षक संघ द्वारा क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी को माला पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मौके पर संघ के अध्यक्ष कमलेश्वर पांडेय,सचिव अनीश अहमद खां, सतीश चौबे,राकेश चौबे,राजीव रंजन द्विवेदी, चंद्रदेव राम, जनेश राम, आफताब आलम,रामलाला मिश्र,राजनाथ राम सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे. सम्मान समारोह की अध्यक्षता भरत प्रसाद साहू ने तथा संचालन खुशदिल सिंह ने किया।

बाइक व फोर व्हीलर की आमने-सामने की भीषण टक्कर में युवक की मौत

मंझिआंव/गढ़वा। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत करुइ के स्थानीय निवासी जनार्दन सिंह के 34 वर्षीय पुत्र रवि रंजन सिंह उर्फ काजू सिंह को बाइक तथा फोर व्हीलर की आमने सामने की भीषण टक्कर में मौत हो गई। गौरतलब है कि रवि रंजन सिंह उर्फ काजू सिंह भवनाथपुर ग्राम बुका से अपने पैतृक आवास करुई रात्रि 10 बजे 5 नवंबर दिन शनिवार को घर आने के क्रम में नगर भवनाथपुर रोड कौडिया बाबा पूल के पास फोर व्हीलर एवं बाइक की भीषण टक्कर में मौत हो गई। बताया जाता है कि फोर व्हीलर की लाइट से ना देख पाने की वजह से भीषण टक्कर हुई जिससे या हृदय विदारक घटना घटी। इस हृदय विदारक घटना से उनके परिजनों एवं आस-पास के गांव में मातम पसरा है।

बिजली के करंट की चपेट में आने से महिला घायल

भवनाथपुर। विश्व शांति वैदिक महायज्ञ में शामिल होने के लिए भवनाथपुर के सिंदुरिया आश्रम पहुंची बरडीहा थाना क्षेत्र के सलगा निवासी रामलाल रजवार की पत्नी धनव्रत देवी शनिवार की शाम में बिजली की करंट की चपेट में आने से घायल हो गई। घायलावस्था में गुरु भाईयों ने सात बजे रात्रि को भवनाथपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर पहुंचे,जहां पर तैनात आयुष डॉक्टर निशंक निश्रम की देखरेख में इलाज किया जा रहा है। घटना के संबंध में महिला के पति रामलाल रजवार ने बताया कि हमलोग पूरा परिवार भवनाथपुर में आयोजित होनेवाले यज्ञ में शामिल होने के लिए पहुंचे हुए थे कि मेरी पत्नी भोजन करने के पश्चात थाली साफ करने गई थी,उसी दौरान बिजली के नंगे तार में स्पर्श हो जाने के कारण घायल हो गई। चिकित्सक ने बताया कि महिला की स्थिति खतरे से बाहर है।

विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर में बोले जिला सत्र न्यायधीश

अधिकारों के प्रति लोगों को जागरूक करें

नवीन मेल संवाददाता

श्री बंशीधर नगर। प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के तत्वावधान में विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया.शिविर का उदघाटन जिला सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार त्रिपाठी, पैनल वरिष्ठ अधिवक्ता देवेन्द्र प्रजापति, प्रखण्ड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, बीडीओ श्रवण राम,अंचलाधिकारी अरुण कुमार मुंडा,उप प्रमुख गणेश प्रताप देव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर को संबोधित करते हुये जिला सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार त्रिपाठी ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार का मुख्य उद्देश्य है कि कोई भी व्यक्ति न्याय से वंचित नही हो। उन्होंने कहा कि इस तरह का शिविर आयोजित कर लोगो को सरकार की योजनाओं की जानकारी देना तथा उन्हें विधिकरूप से जागरूक करना है.उन्होंने कहा कि यदि लोग अपने अधिकार व कर्तव्यों के प्रति जागरूक नही होंगे तो वे लाभ से वंचित रहेंगे। उन्होंने लोगो को कई मामलों से सम्बंधित विधिक जानकारी भी दिया।

सामाजिक कुरितियों के संबंधी में दी विधिक जानकारी

पैनल के वरिष्ठ अधिवक्ता देवेन्द्र प्रजापति ने दुर्घटना अधिनियम, अंधविश्वास, डायन बिसाही के सम्बंध में विधिक जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि कानून की जानकारी नही होने के कारण लोगो को न्याय से वंचित होना पड़ता है .उन्होंने कहा कि वाहन चालक के पास वाहन का कागजात, इंसोरेंस, हेलमेट होना आवश्यक है। प्रखण्ड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति को न्याय मिले, इसी उद्देश्य से इस प्राधिकार का गठन किया गया है। उन्होंने उपस्थित लोगों से विधिक सेवा का लाभ लेने की अपील किया। बीडीओ श्रवण राम ने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी विस्तार से दिया। सीओ अरुण कुमार मुंडा ने लोगो दाखिल खारिज,आपसी बंटवारा से सम्बंधित जानकारी तथा सीडीपीओ रीना साहू ने बाल विकास परियोजना द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दिया .शिविर को उप प्रमुख गणेश प्रताप देव ने भी संबोधित किया . शिविर में वृद्धावस्था पेंशन के 10 लाभुकों को स्वीकृति पत्र,12 लोगो को कम्बल,10 लोगो को जॉब कार्ड,3 असहाय निशक्तों को ट्राइसाइकिल तथा जेएसएलपीएस के एक महिला स्वयं सहायता समूह को ग्रामीण वनांचल बैंक द्वारा 25 लाख का ऋण दिया गया। शिविर में पी एल भी मनोज कुमार द्विवेदी,एस आई कुमार विक्रम सिंह, प्रखण्ड कार्यालय सहायक अनिल कुमार सिंह,प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रखण्ड समन्वयक स्नेहा सिंह,जन सेवक उत्तम रंजन,विकास कुमार,जेएस एल पी एस के धनंजय कुमार,निधि भारती सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पंचायत राज प्रखण्ड समन्वयक कौशल कुमार ने किया।

धुरकी में जिला विधिक सेवा प्राधिकार का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

धुरकी। प्रखंड मुख्यालय पर रविवार को बीडीओ अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता मे जिला विधिक सेवा प्राधिकार का आयोजन किया गया जसमे मुखिया अतिथि ए सी जी एम अरविंद कच्छप,बीस सूत्री अध्यक्ष ओवैदुल्लाह हक अंसारी, थाना प्रभारी सदानंद कुमार,प्रखंड प्रमुख शांति देवी, जिप सदस्य संगीता कुमारी मुखिया महबूब अंसारी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि अरविंद कच्छप ने कानूनी सलाह दी। उपस्थित लोगों को यह जानकारी देते हुए कहा कि आप सबों को जो संवैधानिक अधिकार जो मिला है.। इसका सही उपयोग आपको करने की जरूरत है। कार्यक्रम का उद्देश्य सही मायने में लोगों को जागरूक करना ही है जागरूकता तभी आएगी जब आप कानूनी सलाह लेंगे वहीं बीडीओ अरुण कुमार ने मनरेगा पीडीएस जेएसएलपीएस कृषि ऋण पशुपालन से संबंधित मिलने वाला लाभ की विशेष जानकारी दी. वहीं अध्यक्ष ओबैदुल्लाह ने लोगों को प्रखंड से संचालित होने वाली योजना से लाभान्वित को लेकर चर्चा की. मुखिया महबूब ने पंचायत स्तरीय होने वाले विकास योजना को लेकर लोगों को जागरूक किया. इस दौरान कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण जेएसपीएल, नारी शक्ति, से जुड़ी महिलाएं एवं काफी संख्या में पुरुष उपस्थित थे।

हर वर्ग के दुख-दर्द को समझती है हेमंत सरकार : मिथिलेश ठाकुर

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। आंगनबाड़ी वर्कर यूनियन के बैनर तले रविवार को शहर के नवादा मोड़ स्थित उत्सव गार्डन में अभिनंदन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। झारखंड सरकार द्वारा राज्य की आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं का मानदेय वृद्धि किए जाने के पर सेविकाओं एवं सहायिकाओं ने इस समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर का अभिनंदन करते हुए उन्हें सम्मानित की।

मौके पर मंत्री मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि राज्य की पिछली सरकार आंगनबड़ी सेविका सहायिकाओं का शोषण करती थी। सरकार की योजना को जमीनी स्तर तक अगर कोई पहुंचाता है, तो वह आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका हैं। लेकिन इनके कल्याण के संबंध में किसी भी तरह की बात पिछली सरकार ने नहीं सोचा। हमारी सरकार हर वर्ग के दुख-दर्द को समझती है। आपकी मांगों पर विचार करते हुए अमल किया गया। मंत्री ने कहा कि पिछली रघुवर सरकार द्वारा आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका,पारा शिक्षक, अनुबंध कर्मियों पर लाठीचार्ज किया जाता था। अब हमारी सरकार आप की मांग को मानते हुए आप को सम्मानित कर रही है। मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग करते हुए जनता की चुनी हुई सरकार को गिराना चाहती है। जनता जाग चुकी है। आने वाले लोकसभा, विधानसभा चुनाव में सबक सिखाते हुए मुंहतोड़ जवाब देगी। मौके पर उप विकास आयुक्त राजेश राय, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, वीणा सिन्हा, बालमुकुंद सिन्हा, रामचंद्र पासवान, अनिता दत्त, रेखा चौबे, ताहिर अंसारी, चंदन पासवान, आशुतोष पांडेय जिले भर की आंगनवाड़ी सेविका एवं सहायिका सहित अन्य लोग लोग उपस्थित थे।

मंत्री करायेंगे गढ़वा में नि:शुल्क मेगा मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन

जिले भर के मोतियाबिंद मरीजों को मिलेगा लाभ : मंत्री

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर निःशुल्क मेगा मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन कराएंगे। मंत्री श्री ठाकुर की माता स्व. विमला देवी एवं पिता स्वतंत्रता सेनानी स्व. कौशल कुमार ठाकुर की पुण्य स्मृति में झारखंड स्थापना दिवस के मौके पर इस शिविर का आयोजन किया जाएगा। मंत्री श्री ठाकुर ने रविवार को गढ़वा स्थित अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर यह जानकारी दी।

मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के मरीजों के लिए बल्कि पूरे गढ़वा जिला के मरीजों के लिए निःशुल्क मेगा मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया है। इस शिविर में मरीजों के रहने, खाने, ऑपरेशन, चश्मा, दवा आदि की सभी व्यवस्था निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। कटक आई हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर उड़ीसा के योग्य चिकित्सको की टीम अत्याधुनिक विधि से मरीजों का ऑपरेशन करेगी। मंत्री ने बताया कि 12, 13 एवं 14 नवंबर को विभिन्न प्रखंडों में स्क्रीनिंग के माध्यम से मरीजों की जांच कर चिन्हित किया जाएगा। जबकि 15 से 20 नवंबर तक सदर अस्पताल में मोतियाबिंद जांच कर मरीजों को ऑपरेशन की तिथि उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही 15 से 25 नवंबर तक सदर अस्पताल गढ़वा में मरीजों का ऑपरेशन भी किया जाएगा। इसके लिए जिले भर में झारखंड मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारियों एवं विधायक प्रतिनिधियों आदि से लोग संपर्क कर मरीज अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

मंत्री ने संगठनों एवं क्लबों से सहयोग की अपील

मंत्री श्री ठाकुर ने विभिन्न संगठनों एवं क्लबों से इस कार्य में सहयोग एवं मार्गदर्शन करने की अपील की है। मंत्री ने कहा कि सरकार बनने के बाद से ही करोना जैसे विषम परिस्थितियों में भी जिले में स्वास्थ्य सुविधा में आमूलचूल सुधार किया गया है। सदर असपताल का जीर्णोद्धार, ऑक्सीजन प्लांट की व्यवस्था, बर्न यूनिट, डायलिसिस, आईसीयू, सभी प्रकार की जांच की व्यवस्था आदि की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। साथ ही जिले भर के सभी पीएचसी व सीएचसी को भी बेहतर बनाया जा रहा है। आने वाले समय में बहुत जल्द जिले भर में और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध होगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से स्वास्थ्य विभाग के विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे उपस्थित थे।

विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

लाभुकों को सोना सोबरन योजना का मिला लाभ

नवीन मेल संवाददाता

चिनियां। प्रखंड मुख्यालय प्रांगण मे रविवार को विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया । जिसकी शुरूआत मुख्य अतिथि के रूप में गढ़वा न्यायालय के न्यायाधीश विमलेश कुमार सहाय प्रखंड विकास पदाधिकारी कालिदास मुंडा सीओ निशांत अंजुम कल्याण पदाधिकारी दिनेश कुमार प्रखंड प्रमुख सुनैना देवी ने दीप प्रज्वलित कर विधिक जागरूकता शिविर कार्यक्रम का उद्घाटन किया । शिविर में मुख्य अतिथि न्यायाधीश विमलेश कुमार सहाय ने पहले ममता देवी सोनी देवी का गोद भराई कार्यक्रम रस्म की अदायगी कि। वही तीन बच्चे को अन्नप्राशन अपने हाथों खिर खिलाकर किया व पूर्ण आवास लाभुक लक्ष्मण ठाकुर सोहर सिंह को हाथो मे आवास का चाभी अपने हाथों से सौंपा। वही वृद्ध एतवरिया देवी, काको देवी, पूरन भुइयां, चंद्रिका चौधरी, सैरून बीवी, दुबराज परहीया, मानिक माझी,आदि को कंबल वितरण किया गया।

लाभुकों को मिला योजनाओं का लाभ

किसान वीरेंद्र सिंह, उमेश कुमार, रीना देवी, रामदेव सिंह,सुरेंद्र सिंह, कुदुश अंसारी, केदार सिंह, बजरंग प्रसाद आदि को सरसों का बीज दिया गया । तथा सोना सोबरन योजना के तहत लाभुकों को धोती साड़ी का भी वितरण किया गया। वही मौके पर मुख्य अतिथि श्री न्यायधीश विमलेश कुमार सहाय ने शिविर के माध्यम से विधिवत हक अधिकार? न्याय के बारे में जानकारी दी। मौके पर बिडीओ कालिदास मुंडा,सिओ निशांत अंजुम,कल्याण पदाधिकारी दिनेश कुमार सिंह, कृषि पदाधिकारी पवन कुमार, पंचायत सेवक रामनाथ सिंह, बिटीएम सत्येंद्र कुमार सिंह, आवास ऑर्डिनेटर पंकज विश्वकर्मा, शांतोष कुमार,अमित कुमार जेई, सुकेश कुमार, प्रखंड प्रमुख सुनैना देवी,मुखिया गोपाल कुमार यादव, विधिक सेवा सहकारीता के गोपाल कुमार पांडेय सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे ।

मारपीट की घटना में नावाडीह गांव निवासी देवानंद चौधरी घायल

गढ़वा। थाना क्षेत्र के अचला नावाडीह गांव निवासी देवानंद चौधरी मारपीट की घटना में घायल हो गया है। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया घटना के संबंध में देवानंद चौधरी ने बताया कि मेरी पत्नी मंजू देवी को शिव साव के द्वारा डायन बिसाही का आरोप लगाया जाता है। एवं उन लोग के घर में कोई भी बीमार पड़ता है तो उसके सारे सदस्य मारपीट करने पर उतारू हो जाते हैं इसी कारण को लेकर शिव साव के घर वालों ने देवानंद चौधरी को मारपीट कर घायल कर दिया और आने जाने का रास्ता भी रोक रखा है। परिजनों के द्वारा उसे घायल अवस्था में उठाकर सदर अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया है।

विश्वशांति वैदिक महायज्ञ आयोजित

अतिभौतिकवादी प्रवृति के चलते वैदिक परंपराओं से दूर हो रहेः श्री विज्ञान देव

नवीन मेल संवाददाता

भवनाथपुर। अध्यात्म मानव जीवन की अपरिहार्य आवश्यकता है। इसके द्वारा हमारे जीवन का संपूर्ण विकास होता है। भारतीय संस्कृति अत्यंत समृद्ध है, जिसने विरासत के रूप में आध्यात्मिकता को मनाव कल्याण के लिए सहज रूप में प्रदान किया है किन्तु आज के युग की बढ़ती हुई अतिभौतिकवादी प्रवृति के चलते हम भारतीय संस्कृति के सनातन वैदिक परंपराओं से दूर होते जा रहे हैं। धर्म , अर्थ, काम और मोक्ष की ये चार पुरुषार्थ ही भारतीय संस्कृति का आधार है जिसकी सिद्धि मानव जीवन का परम उदेश्य है।

उक्त बातें विहंगम योग संस्थान के संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज ने बोकारो स्टाइल माइन्स कॉलेज सिंदुरिया,भवनाथपुर परिसर में आयोजित दोदिवसीय जय स्वर्वेद कथा एवं 1101 कुंडीय विश्वशांति वैदिक महायज्ञ के पावन अवसर उपस्थित हजारों अनुयायियों में मध्य व्यक्त किये।

उन्होंने कहा कि भारत की आत्मा का नाम ही अध्यात्म है। आध्यात्मिक महापुरुषों के बदौलत ही भारत विश्व गुरु रहा है, विश्वगुरु है और मैं कहता हूं भारत विश्व गुरु रहेगा।

इसके पूर्व प्रातः6 से 8 बजे तक शारीरिक आरोग्यता के निमित्त आश्रम से आए कुशल योग प्रशिक्षकों द्वारा आसन प्राणायाम एवं ध्यान का सत्र संचालित हुआ। जिसमे हजारों योग साधक अनेक असाध्य रोगों से निजात पाने का गुर सीखे। दिन में 11 बजे से 1101 कुंडीय विश्वशांति वैदिक महायज्ञ का शुभारंभ संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज के कर कमलों द्वारा अ अंकित श्वेत ध्वजारोहण कर दीप प्रज्जवन के साथ हुआ।

भव्य एवं आकर्षक ढंग से सजी 1101 कुण्डीय यज्ञ वेदियों में वैदिक मंत्रों की ध्वनि से संपूर्ण वातावरण शुचिता को धारण करते हुए गुंजायमान हो उठा। हजारों दंपत्तियों ने व्यष्टिगत एवं समष्टिगत लाभ हेतु वैदिक मंत्रोंच्चारण के बीच यज्ञ कुंड में आहुतियों को प्रदान किये।

यज्ञ के उपरांत मानव मन की शांति व आध्यात्मिक उत्थान के निमित्त ब्रह्मविद्या विहंगम योग के क्रियात्मक ज्ञान की दीक्षा आगत नए जिज्ञासुओं को दिया गया। जिसमें लगभग 500 नए जिज्ञासुओं ने ब्रह्मविद्या विहंगम योग के क्रियात्मक ज्ञान की दीक्षा को ग्रहणकर अपने जीवन का आध्यात्मिक मार्ग प्रसस्त किया।

मौके पर विधायक भानु प्रताप शाही पहुँचकर संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किये। उन्होंने स्वयं एवं क्षेत्रवासियों के लिए सुख शांति और समृद्धि की कामनाएं की।

कार्यक्रम में विहंगम योग संत समाज झारखंड के अध्यक्ष राधाकृष्ण सिन्हा, उपाध्यक्ष यू पी सिंह , सुरेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

डंडई प्रखंड कार्यालय में हुआ विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

लोगों को विभिन्न कानूनी पहलुओं की दी गयी जानकारी

नवीन मेल संवाददाता

डंडई। प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में रविवार को विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। व्यवहार न्यायालय के न्यायिक दंडाधिकारी हर्षित कुमार की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में वीडियो सोमा उराँव,सीओ चोनाराम हेंब्रम, प्रमुख कांति देवी, उप प्रमुख अंजली देवी, सदर पंचायत मुखिया धनवंती देवी, सरिता सिंह, बच्चा लाल गुप्ता के साथ-साथ अन्य जनप्रतिनिधि, पंचायत सचिव व रोजगार सेवकों के अलावा प्रखंड के सभी कर्मियों ने भाग लिया । कार्यक्रम में भाग लिए लोगों के सर पर कंबल ओढ़ा व मनरेगा के नए मजदूरों के हाथों में जॉब कार्ड थमा कार्यक्रम की शुरूआत की गई । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए न्यायिक दंडाधिकारी हर्षित कुमार ने लोगों को कई तरह के कानूनी जानकारियां दी । साथ ही कानूनी

जानकारी से अनभिज्ञ रहे लोगों को उन्होंने घंटों देर तक बारीकी से समझाने का प्रयास किया । अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि गांव घर में डायन बिसाही व भूमि विवाद एक अभिशाप बनकर रह गया है । लोग शिक्षित व साक्षर होकर के भी उस से बाज नहीं आ पा रहे हैं । चाहे थाना हो या न्यायालय कहीं भी उस तरह के समस्याओं का अंबार लगा रह रहा है । उन्होंने कहा कि गांव की ऐसी महिलाओं पर डायन बिसाही का आरोप लगता है जो विधवा है या उनके बाल बच्चे नहीं है । उन्हीं लोगों पर झूठा आरोप लगा उन्हें बेवजह के परेशान करने का काम किया जाता है । दंडाधिकारी ने कहा कि डायन बिसाही का आरोप लगाने वालों को कभी भी वास्तविक आरोप लगाना चाहिए । नहीं तो जांच में आरोप गलत पाए जाने पर उनके लिए 3 वर्ष कारावास की सजा का प्रावधान है । उन्होंने लोगों को अहम जानकारी देते हुए बताया कि लोग किसी भी तरह की शिकायत के लिए अगर थाना जाते हैं और वहां पर उनका शिकायत नहीं लिया जाता है तो वह सीधे उनके खिलाफ कोर्ट पहुंच जाएं । और वहां पर अपना मामला के साथ-साथ संबंधित थानाधिकारी के मामलों पर भी न्यायालय में शिकायत दर्ज कराएं । साथ ही कहां की जो लोग यह नहीं कर सकते वे सभी अपने-अपने शिकायत को तीन स्तर में स्पीड पोस्ट करें । उनमें पहला न्यायलय दूसरा पुलिस अधीक्षक और तीसरा संबंधित थाना के थानाप्रभारी के नाम से । उसके 15 दिन बाद उक्त जगह के पावती रसीद को लेकर सीधे संबंधित पदाधिकारियों के पास पहुंचे । इस तरह से भी आप सभी को न्याय मिल जाएगा । मौके पर महेश्वर राम,कमलकांत प्रसाद,सलीम अंसारी, रामदेव राम, शारदा देवी, श्रीकांत प्रसाद,उदय राम,आशीष कुमार सहीत सैकड़ो लोग उपस्थित थे

न्यूज गैलरी

मनिका में वन बचाव संघर्ष समिति की बैठक, कई विषयों पर हुई चर्चा

लातेहार। जिला के मनिका प्रखंड अंतर्गत स्थित सिंजो पंचायत के ग्राम केड़ीमहुआ मे आज दिन रविवार को वन बचाव संघर्ष समिति के द्वारा बैठक किया गया। इस बैठक का अध्यक्षता बचन सिंह ने किये। बचन सिंह ग्रामीणों से आग्रह किया कि जंगल में लगे हुए पेड़ को नहीं काटना है पेड़ काटने से जंगल पुरा खत्म होते ही जा रहा है जो जलावन की लकड़ी ले जाते हैं वह सुखा हुआ लकड़ी ले जाए। जंगल में बिना सुखा हुआ लकड़ी को नहीं काटना है पेड़ काटते हुए पकड़ा जाने पर दंड किया जाएगा। और सब कोई को 2 पौधा जंगल में लगाना है मौके पर उपस्थित संपत सिंह, धनेश्वर सिंह ,आशिक मियां रामचंद्र ठाकुर, इजराफिल अंसारी महेंद्र भुइया, मुल्लू देवी, राजकुमार सिंह, पूजा देवी, उर्मिला देवी, नरेश भुइया , सामदेव भुइयां समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

आरागुंडी पंचायत के लूटी गांव में करंट लगने से एक किसान की मौत

लातेहार। सदर थाना क्षेत्र के आरागुंडी पंचायत के लूटी गांव में रविवार की सुबह करंट लगने से एक किसान की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। मृतक किसान की पहचान लूटी गांव निवासी सुनील उरांव पिता स्व. लालमोहन उरांव उम्र 40 वर्ष के रूप में कई गई है। बताया जा रहा है कि किसान अपने खेत में आलू में पानी पटवन के लिए लाइन जोड़ने गया था। इसी दौरान खाली पैर रहने के कारण विद्युत प्रवाहित में सट जाने से घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इसकी सूचना आरागुंडी पंचायत मुखिया रवि भगत, समाजिक कार्यकर्ता मंजर हुसैन, पंचायत समिति सदस्य सीता देवी को मिलते ही घटना स्थल पर पहुंचकर मृतक के स्वजनों को ढांढस दी और हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। इसकी सूचना लातेहार थाना पुलिस को मिलते ही दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में कर लातेहार सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर स्वजन को सौंप दिया। इधर इनके स्वजनों का रो- रोकर बुरा हाल है।

जरूरतमंद वृद्ध व असहाय लोगों के बीच मुखिया ने बांटे कंबल

बरवाडीह। बरवाडीह प्रखण्ड के मोरवाईकला पंचायत सचिवालय में मुखिया आशीष सिंह जरूरतमंद व असहाय वृद्ध लोगों के बीच कंबल वितरण किया। मुखिया आशीष सिंह ने कहा कि जरूरतमंद लोगों को ठंड के मौसम में कंबल वितरण करना एक पुण्य का काम है। जिसे जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराएगा कंबल को चयनित कर जरूरतमंद लोगों के बीच वितरण किया जा रहा है। कंबल वितरण कार्यक्रम में ग्राम प्रधान अवतार सिंह, वार्ड सदस्य प्रेमा देवी, सोनी देवी समेत कई जन प्रतिनिधि मौजूद रहे।

पत्रकार के उपर चलायी गोली, बाल बाल बचा, इनोवा कार जब्त

बालूमाथ। बालूमाथ में वरिष्ठ पत्रकार जावेद अख्तर पर रविवार को अपराधियों ने फायरिंग कर दी। इस फायरिंग में पत्रकार बाल-बाल बच गए। घटना के वक्त मो अख्तर बालूमाथ के माधव ढाबा में बीते दिनों के तरह बैठे थे। मिली जानकारी के अनुसार अपराधियों ने नाम पूछने के बाद फायरिंग कर दी। अपराधी इन्नोवा गाड़ी से आये थे। फायरिंग के बाद वे इन्नोवा से पांकी की ओर भाग निकले।
इधर घटना के बाद बालूमाथ पुलिस और हेरहंज पुलिस की तत्परता से हेरहंज थाना पुलिस ने इनोवा गाड़ी से भाग रहे संदिग्धों को पकड़ लिया है और जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। इधर घटना के बाद बालूमाथ और आसपास के क्षेत्रों में सनसनी का माहौल है। बता दें कि घटना के बाद बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले का जायजा ले अग्रेतर कार्रवाई में जुट गए हैं।

द्वितीय चरण के छट्ठे दिन सबानो में आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन

चतरा/सिमरिया। राज्य सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संचालीत आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के द्वितीय चरण के छट्ठे दिन जिले के 12 प्रखंडों में से सिमरिया प्रखंड के सबानो पंचायत में रोस्टर अनुसार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाकर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से योग्य लाभुकों को लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में जिप सदस्य देवनंदन साहू, बीडीओ नीतू सिंह, सीओ, मुखिया आदि उपस्थित थे। ज्ञात हो कि आपके द्वार कार्यक्रम का 14 नवम्बर तक जिले के विभिन्न प्रखण्डों के पंचायतों में किया जायेगा। वहीं 07 नवंबर को सदर प्रखंड के डमडोईयां, हंटरगंज के सलैया, इटखोरी के परसौनी, कान्हाचट्टी के चारु, मयूरहंड के करमा, प्रतापपुर के प्रतापपुर, सिमरिया के हुरनाली व टंडवा प्रखंड के किचटो पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कर योग्य लाभुकों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा।

राज्य के श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोगता पहुंचे प्रतापपुर, कहा

चाल धंसने से मृतक के परिजनों को सरकारी प्रावधान के अनुरुप लाभ मुहैया कराया जायेगा

नवीन मेल संवाददाता

चतरा। रविवार को हेलीकॉप्टर से राज्य के श्रम नियोजन एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानन्द भोगता चतरा जिले के प्रतापपुर प्रखंड पहुंचे। जहां राजद कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर श्री भेगता का स्वागत किया। तत्पश्चात मंत्री प्रखंड के हुमाजांग पंचायत अंतर्गत बिलासपुर गांव पहुंचकर चाल धंसने से मृत तीन बच्चियों परिजनों से मुलाकात कर मंत्री सांत्वना दिया और हरसंभव सरकारी मदद करने का भरोसा दिलाया। साथ ही आर्थिक मदद की और वस्त्र प्रदान किया। मंत्री इस दौरान घायल बच्ची व उसके परिजनों से भी मुलाकत कर हर संभव सहयोग का

अश्वासन दिया। वहीं मंत्री श्री भोगता ने कहा कि घटना बेहद दुःखद है। हम दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हैं और इस दुख की घड़ी में हम मृतकों के परिजनों के साथ खड़े हैं। आगे कहा कि परिजनों को प्रावधान के अनुरुप सरकारी लाभ मुहैया कराया जाएगा। तत्काल पीड़ित परिजनों को 50-50 हजार की सहायता राशि 15 नवंबर को राज्य स्थापना दिवस पर उपलब्ध कराए जाने की बात कही। बताते चलें किघर के रंग रोगन के लिए दूधी मिट्टी लाने खदान में महिलाएं व युवतियां गई थी। जहां चाल धंसने से दलित परिवार के तीन बच्चियों की मृत्यु हो गई थी। जबकि एक बच्ची गंभीर रुप से घायल हो गई थी। वहीं प्रतापपुर पहुंचे मंत्री ने जरुरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। इस दौरान उपविकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, एसडीओ मुमताज अंसारी, एसडीपीओ अविनाश कुमार, बीडीओ मुरली यादव, अंचलाधिकारी जुल्फिकार अंसारी, थाना प्रभारी विनोद कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर लव कुमार, जिप अध्यक्ष ममता कुमारी, मंत्री प्रतिनिधि लवली देवी, मुखिया सावित्री देवी समेत कई गणमान्य शामिल थे।

एतवारी छठ पर श्रद्धालुओं ने दिया अर्घ्य, की पूजा अर्चना

नवीन मेल संवाददाता

चतरा/गिद्धौर/इटखोरी/मयूरहंड। एतवारी छठ पर रविवार को जिला मुख्यालय सहीत गिद्धौर, पत्थलगड़ा, सिमरिया, इटखोरी व मयूरहंड आदि प्रखंड़ों में श्रद्धालुओं द्वारा विभिन्न नदी घाटों पर पूजा अर्चना कर अर्घ्य अर्पित किया गया। गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित लोटार डैम छठ घाट पर भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे व व्रतियों ने विधिवत मंत्रोउचारन के साथ पूजा अर्चना कर डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। वहीं इस दौरान लोटार डैम छठ घाट सूर्य मंदिर अध्यक्ष मुन्नी राम दांगी, भास्कर स्वलम्बन क्लब के अध्यक्ष मुकेश कुमार, मंटू कुमार, मनोज वर्मा, उपेंद्र कुमार सहित काफी संख्या में श्रद्धालु जुटे थे। वहीं इटखोरी प्रखंड के विभिन्न छठ घाटों पर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने ने अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर सुख समृद्धि की कामना की।

यादव महासभा की बैठक में सामाजिक कुरीतियां दूर करने पर हुई विशेष चर्चा

नवीन मेल संवाददाता

गारु। गारू प्रखंड अंतर्गत बारेसाढ़ में आज यादव महासभा की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वप्रथम भगवानश्री कृष्ण का यदुवंशियों द्वारा विधी विधान से पूजा-पाठ किया गया। महासभा की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रामदास यादव ने किया। बैठक में यादव समाज के प्रबुद्ध जनों द्वारा समाज को आगे ले जाने के लिए रणनीति तय की गई। साथ ही समाज को सशक्त बनाने एवं सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया गया। बैठक सेना में अहीर रेजिमेंट का गठन करने की मांग को लेकर प्रदेश सहित देशभर में महासभा के द्वारा आंदोलन तेज किये जाने हेतु निर्णय लिया गया। आगामी 19 नवंबर को होने वाले प्रदेश कार्यसमिति की आयोजित बैठक की तैयारी हेतु रणनीति बनाया गया। संगठन को मजबूत बनाने हेतु आवश्यक रणनीति बनाने के साथ

सभी पंचायतों में गठित पंचायत कमिटी को सक्रिय करने हेतु आदि मुद्दों पर बैठक किया गया। बैठक में यादव महासभा के जिलाध्यक्ष वृंदबिहारी प्रसाद यादव, उपाध्यक्ष दरोगी यादव, सचिव सुरेश प्रसाद यादव,प्रखंड अध्यक्ष प्रखंड अध्यक्ष रामदास यादव, सदस्य अखिलेश यादव,मनोज यादव, तुलसीदास यादव,सागर यादव,बलराम यादव संजय यादव, उमेश यादव, रामदयाल यादव, पारस यादव, मोहन यादव, रामनाथ यादव, रंजन यादव आदि मोजूद थे।

चतरा : मेगा विधिक जागरूकता सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

अपने अधिकार और कर्तव्यों के प्रति रहे जागरूक: डीएलएसए

नवीन मेल संवाददाता

चतरा। रविवार को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के अखिल भारतीय अभियान, नागरिकों के विधिक जागरूकता सह सशक्तिकरण के अंतर्गत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश सह प्राधिकार के अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में सचिव प्रज्ञा बाजपाई के द्वारा स्थानीय प्रशासन के सहयोग से कान्हाचट्टी प्रखंड कार्यालय परिसर में मेगा विधिक जागरूकता सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 50 कंबल, 40 जॉब कार्ड एवं 40 वृद्धा विधवा पेंशन स्वीकृति पत्र, महिला ग्रुप के बीच छह लाख के चेक के साथ 16 लाख की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया तथा 20 को सावित्रीबाई

फुले किशोरी समृद्धि योजना का पत्र दिया गया। वहीं शिविर में श्रीमती बाजपाई ने उपस्थित ग्रामीणों को उनके संविधानिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के साथ नालसा नई दिल्ली के 10 स्कीमों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि आज के युग में कानूनी जागरूकता बहुत जरूरी है। कानून सभी के लिए बराबर है। हर नागरिक को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक होना होगा और बेटियों का उत्थान व महिलाओं का सम्मान बहुत जरूरी है। साथ ही घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को जानकारी दी की प्राधिकार द्वारा प्रत्येक प्रखंड कार्यालयों में विधिक सहायता केंद्र कायम की गई हैं, जिसके माध्यम से हर वृद्ध पुरुष एवं महिला व बच्चों को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान की जाती है। इसके अलावे आगामी 12 नवंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी देते हुवे न्यायालय में लंबित सुलहनिए वादों का निष्पादन करने का सचिव ने आग्रह किया। कार्यक्रम में बीडीओ हुलास महतो, प्रखंड कृषि पदाधिकारी नवीन तिर्की, बीपीओ (मनरेगा) नीरज पासवान व एसआई विकास यादव ने संबंधित जानकारी दी। इस अवसर पर पीएलवी पिंटू रविदास, अशोक यादव, प्रभु कुमार यादव, अरविंद कुमार दास एवं अब्दुल जिलानी आदि उपस्थित थे।

होरीलौंग में फाइनल फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

होरीलौंग को हराकर बभन्डीह बनी विजेता

नवीन मेल संवाददाता

बरवाडीह। प्रखंड के छेंचा पंचायत के होरीलौंग ग्राम में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का शनिवार दोपहर फाइनल होरीलॉन्ग एवम खुरा पंचायत बभन्डीह फुटबाल क्लब के बीच खेला गया। टूर्नामेंट में 2 दर्जन से अधिक टीमों ने हिस्सा लिया। वही जिसमें खेले गए फाइनल मैच में बभन्डीह की टीम विजेता रही। फाइनल मैच में मुख्य अतिथि प्रदेश युवा कांग्रेस के कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह, छेंचा पंचायत के मुखिया आशा देवी व अन्य अतिथियों ने फीता काटकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। फाइनल मैच में छेंचा पंचायत के होरीलॉन्ग एवम खुरा पंचायत के बभन्डीह फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया। जिसमे बभन्डीह की टीम ने होरीलौंग टीम को 3-0 गोल के अंतर हराकर खिताब पर कब्जा किया। मैच के उपरांत मैच संपन्न होने के उपरांत फाइनल मैच संपन्न होने के उपरांत अतिथियों द्वारा विजेता व उप विजेता टीम को कब व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

फुटबॉल को अपने दिनचर्या में शामिल करें

कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित कांग्रेस को टिकट विजय बहादुर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में फुटबॉल को अपने दिनचर्या में शामिल करते हुए फुटबॉल खेल को बढ़ावा देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में फुटबॉल प्रतियोगिता में कई प्रतिभागी छिपे हुए हैं। इसे आगे लाने की जरूरत है. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार फुटबॉल खिलाड़ियों को प्रोत्साहन व फुटबॉल खेल को बढ़ावा देने के लिए कई कार्य कर रही है। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने अपने संबोधन में फुटबॉल को बढ़ावा देने की बात कही। कहा की पंचायत स्तर पर इस तरह के प्रतियोगिताओं का आयोजन होना सकारात्मक सोच का सूचक है। वही इस दौरान राजीव सिन्हा, शिक्षक नंददेव राम,आलोक कुमार समेत अयोजन कमिटी पदाधिकारी सभी सदस्य सभी सदस्य एवं काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

पत्रकार संघ की बैठक में संगठन, कोष व सुरक्षा को लेकर लिये गये कई निर्णय

नवीन मेल संवाददाता

गिद्धौर(चतरा)। रविवार को गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित जवाहर फुटबॉल मैदान में गिद्धौर पत्रकार संघ की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पत्रकार संतोष कुमार व संचालन कुदुस आलम ने किया। इस दौरान पत्रकार संगठन के मजबूती पर चर्चा करते हुए प्रखंड पत्रकार संघ को भंग कर पुनर्गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से पत्रकार लक्ष्मण दांगी को अध्यक्ष, गंगा प्रसाद को सचिव व घन्यश्याम कुमार दास को कोषाध्यक्ष मनोनित किया गया। साथी हीं पत्रकार संगठन, सुरक्षा व कोष से सम्बंधित कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में पत्रकार संजय दांगी, रवि प्रियदर्शी, तुलसी यादव आदि शामिल थे।

सीसीएल हमारे साथ शोषण कर रही है: रैयत

बालूमाथ। थाना अंतर्गत संचालित संघमित्रा के मगध कोल माइंस के कांटा 15-16 नम्बर को रविवार सुबह चमातू विस्थापित ग्रामीणों ने बंद करा दिया । जिससे कोयले का परिवहन कार्य ठप हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि रोजगार के लिए सीसीएल द्वारा चमातू फेस 3 का कोयला सिर्फ चमातू गांव स्थित कांटा से ही परिवहन करने का बात कही थी। पर यहां का कोयला मगध के अन्य कांटा से परिवहन हो रहा है जिससे चमातू विस्थापित रैयतों पर बेरोजगारी की समस्या उत्पन्न हो रही है। सीसीएल हम विस्थापित रैयतों को फॉर्मेट भी नही दे रही है। विस्थापितों ने सीसीएल पर शोषण करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने मगध प्रबंधक को आवेदन देकर सिर्फ चमातु कांटा से कोयले की धुलाई करने और पर्याप्त मात्रा में फॉर्मेट देने की मांग की है। मौके पर सैकड़ों विस्थापित रैयत ग्रामीण मौजूद रहे।

पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने दी जानकारी

चोरी के सामान के साथ नाबालिग समेत तीन धरायें

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। सदर थाना क्षेत्र के मानिकपुरा गांव में हुए चोरी का उद्भेदन लातेहार थाना पुलिस ने कर नाबालिग समेत तीन चोर को गिरफ्तार कर मंडल कारा भेज दिया है। लातेहार पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने रविवार को बताया कि 14 अक्टूबर 2022 रात्रि में लातेहार थाना क्षेत्र अंतर्गत मानिकपुरा गांव में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी घटना को अंजाम दिया गया था। इस संबंध में गांव के ही अजय यादव पिता स्वर्गीय शिव नारायण यादव के द्वारा लातेहार थाना को लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज कराया गया था। इस कांड के उद्भेदन को लेकर लातेहार थाना पुलिस ने एक टीम गठित कर छापामारी अभियान चलाकर गांव के ही आशीष यादव पिता अशोक यादव को पकड़कर लातेहार थाना में लाकर पूछताछ किया गया। जिनके द्वारा उक्त कांड में संलिप्त अपने सहयोगियों अरुण यादव पिता जितेंद्र यादव, प्रमोद यादव पिता विशेश्वर यादव व एक नाबालिग का नाम बताया गया। पुलिस ने इनके पास से इस कांड में चोरी गई ट्रैक्टर का बैटरी एवं मोटर पंप तथा उक्त सभी के द्वारा इनके निशानदेही पर विभिन्न जगहों पर किए गए चोरी का सामान भी बरामद किया गया। थाना प्रभारी ने आगे बताया कि इस गैंग के कई सदस्य अभी भी फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। बहुत जल्द चोर पुलिस के गिरफ्त में होंगे।

इनकी हुई गिरफ्तारी

पुलिस छापेमारी अभियान चलाकर मानिकपुरा गांव निवासी अरुण यादव उम्र 19 वर्ष पिता जितेंद्र यादव, प्रमोद यादव उम्र करीब 27 वर्ष पिता विशेश्वर यादव, आशीष यादव उम्र 22 वर्ष पिता अशोक यादव को गिरफ्तार कर मंडल कारा भेज दिया गया है। जबकि एक नाबालिग बालक को पकड़कर चाइल्ड लाइन में भेज दिया गया है।
बरामद किए गए सामान : इस कांड का लातेहार पुलिस ने उद्भेदन करते हुए एक मोटरसाइकिल, तीन पीस बैट्री, दो पीस सोलर स्ट्रीट, एक पीस सोलर स्ट्रीट लाइट, दो इलेक्ट्रिक मोटर पंप, एक हाइड्रोलिक जैक मशीन बरामद किया है।
छापामारी दल में यह पुलिस पदाधिकारी थे शामिल : इस छापामारी अभियान में लातेहार पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, पुलिस निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार महतो, पुलिस निरीक्षक दीपक नारायण सिंह, सअनि धर्मेंद्र नाथ राय, मोहम्मद शमीम खान एवं लातेहार थाना के थाना सशस्त्र बल मौजूद थे।

विभिन्न मांगों को लेकर 9 नवंबर को केचकी स्टेशन का होगा घेराव

नवीन मेल संवाददाता

बरवाडीह। केचकी स्टेशन में पूर्व की भांति पलामू एक्सप्रेस का ठहराव एवम सासाराम- रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव शुरू करने, रेलवे फुटओवर ब्रिज के निर्माण एवम ग्राम कचनपुर के खड़िया टोला में रेलवे अंडरपास या क्रॉसिंग के निर्माण की मांग को लेकर 9 नवंबर के घेराव कार्यक्रम को लेकर जिप सदस्य कन्हाई सिंह के नेतृत्व ग्रामीणों ने रविवार को केचकी स्टेशन प्रबंधक को

संयुक्त ग्राम सभा के बैनर तले धरना कार्यक्रम को लेकर लिखित सूचना दी गई .इस संबंध में जिप सदस्य कन्हाई सिंह ने कहा कि कोरोना काल के समय से केचकी स्टेशन में पलामू एक्सप्रेस का ठहराव बंद है. जिसके कारण क्षेत्र की जनता को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है. रेलवे प्रशासन द्वारा केचकी स्टेशन में फुटओवर ब्रिज का निर्माण अभी तक नहीं कराया गया है जिसके कारण यात्रियों के जान माल को खतरा है.वही कचनपुर गांव के खड़िया टोला में रेलवे लाईन के दोनों ओर घनी आबादी है, लेकिन यहां पर अभी तक रेलवे अंडरपास या क्रॉसिंग का निर्माण नहीं कराया गया है , जिससे हमेशा दुर्घटना की संभावना बनी रहती है. कन्हाई सिंह ने कहा कि केचकी स्टेशन झारखंड के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बेतला नेशनल पार्क एवम पलामू किला के सबसे नजदीक स्टेशन है लेकिन यहां पर सासराम-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है
. इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव नहीं होने के कारण क्षेत्र की बड़ी आबादी को राजधानी रांची आने जाने में परेशानी होती है. मौके पर कैचकी बुद्धेश्वर सिंह , केचकी पंचायत वार्ड सदस्य जयशंकर सिंह, ममता देवी, रामदयाल सिंह, उमेश सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित थे.फोटो

न्यूज गैलरी

शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग से सामान जलकर हुए खाक

बानो। बानो भिकरा टोली निवासी जदु नायक के घर मे शार्ट सर्किट के कारण आग लगने से कई सामान जल कर खाख हो गया। मिली जानकारी के अनुसार रविवार सुबह जदु नायक अहले सुबह उठ कर चाय बना रहा था तभी घर मे लगे बिजली बोर्ड में शॉट सर्किट के कारण बोर्ड में आग लगने बाद आस पास के सामानों में आग लग गया। आग को ग्रामीणों ने मिल जुल कर बुझाया वही घटना की सूचना बानो पुलिस को दी गई मौके पर ग्रामीणों व पुलिस ने मिल कर आग पर काबू पाया। जदु नायक ने बताया कि घर मे रखे पास बुक ,राशन कार्ड सहित अन्य कागज पत्र ,कपड़े ,आनाज जल गए घर में खाने के लिये आनाज नही है इस लिये प्रखंड कार्यालय सहयोग की अपील की है।

नहाने के दौरान डोभा में डूबने से व्यक्ति की मौत

सिमडेगा। सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत बांगरू पंचायत के तियुटोली गांव में शनिवार की शाम में डोभा में नहाने के दौरान डूबने से एक व्यक्ति बेहोश हो गया जिसे परिवार वालों ने तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा लाया। इधर सदर अस्पताल सिमडेगा में डॉक्टरों के द्वारा मृत घोषित कर दिया। घटना के संबंध में बताया गया कि निर्दोष डुंगडुंग घर के पास ही बने डोभा में नहाने के लिए गया था और इसी दौरान पैर फिसलने से गहरे पानी में चला गया और आसपास मदद नहीं मिली तो वह बेहोश हो गया। इधर सदर अस्पताल सिमडेगा में उसकी मौत हुई रविवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया।

नेहरू युवा केंद्र सिमडेगा द्वारा मयंगसोर में चलाया गया स्वच्छता अभियान

बानो। नेहरू युवा केन्द्र सिमडेगा के द्वारा बानो प्रखण्ड के मयंगसोर में स्वच्छता जागरूकता एवं श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बानो प्रखण्ड के युवा मंडल के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। स्वच्छता जागरूकता एवं श्रमदान कार्यक्रम अंतर्गत युवाओं ने श्रमदान कर सड़क मरम्मत का कार्य किया। कार्यक्रम में मयंगसोर स्कूल से लेकर बस्ती तक कच्ची सड़क पर मोरम मिट्टी डालकर सड़क की मरम्मत की गई। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय युवा स्वंयसेवक चंद्रकांता कुमारी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद युवा मंडल मयंगसोर के राजेन्द्र सिंह तथा अन्य युवा मंडल के सदस्यों ने मिलकर श्रमदान किया और साथ ही सप्ताह में कुछ घंटे श्रमदान अवश्य करने का भी प्रण लिया।

कुल्हाड़ी से मारकर महिला की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

कोलेबिरा। कोलेबिरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बोकबा गांव में शनिवार की देर रात गांव की एक महिला को कुल्हाड़ी से मारकर व्यक्ति के द्वारा हत्या कर दी। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बोकबा निवासी संजय नाग पिछले 3 साल से ?22000 धान की बकाया राशि को गांव के ही बलराम साहू नामक व्यक्ति के घर पैसा मांगने गया गया। इसी क्रम में बलराम साहू की पत्नी आशा देवी से संजय नाग के साथ कहा सुनी हो गई । बात बढ़ गई और गाली गलौज के बीच में संजय गुस्से में आकर आशा देवी को कुल्हाड़ी से वार कर दिया जिससे आशा देवी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।कोलेबिरा थाना को सूचना मिलने के बाद पुलिस घटना स्थल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया वही संजय नाग को गिरफ्तार कर लिया। इधर रविवार को पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने के पश्चात हत्या का मामला दर्ज करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया एवं आगे कार्रवाई में जुट गई।

लोहरदगा में निकली कांग्रेस की भारत जोड़ो पदयात्रा, कई दिग्गज मंत्री व नेता हुए शामिल

नवीन मेल संवाददाता



लोहरदगा। झारखंड में भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम का दूसरा चरण का समापन लोहरदगा जिले में पदयात्रा निकालकर कांग्रेस जनों ने किया। स्थानीय शंख मोड़ स्थित भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा में माल्यार्पण करते हुए भारत जोड़ो यात्रा का शुरूवात की गई। कांग्रेस जनों की विशाल पदयात्रा शहरी क्षेत्र के पतराटोली, पावरगंज, मिशन चौक, बरवा टोली, कॉलेज रोड होते हुए मैना बगीचा पहुंचा । जहां वीर बुधु भगत प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सभा आयोजित की गई। भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम में बड़े संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। वही महिलाओं ने भी पारंपरिक वेशभूषा में बढ़ चढ़ कर इस यात्रा में हिस्सा लिया। भारत जोड़ो यात्रा में कांग्रेस के कई बड़े नेताओं ने भाग लिया। जिसमे प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, मंत्री डा रामेश्वर उरांव, मंत्री बन्ना गुप्ता, आलमगीर आलम, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, केंद्रीय कांग्रेस कमिटी के तारिक अनवर सहित कई नेताओं ने भारत जोड़ो पदयात्रा में शामिल रहे। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा देश एक संकट की दौर से गुजर रहा है देश में मंहगाई, बेरोजगारी और नफरत चरम है। राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा का संकल्प लिया है जिसे हमलोग झारखंड में पूरा कर रहे है। केंद्र सरकार के खिलाफ लोगो का आक्रोस साफ देखा जा रहा है। झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर आलम ने कहा भारत जोड़ो यात्रा एक सफल कार्यक्रम है। लोगो में उत्साह देखने को मिल रही है और कांग्रेस को लोगो का जनसमर्थन मिल रही है। लोग बढ़ चढ़ कर भाग ले रहे हैं। मंत्री आलमगीर आलम ने कहा देश में भय का वातावरण से लोग डरे हुए हैं। देश में कांग्रेस दहशत की राजनीति नहीं करने देगी। नफरत छोड़ भाईचारा जोड़ों का संदेश लेकर पदयात्रा निकाला गया है। एआईसीसी महासचिव तारिक अनवर ने कहा देश संकट के दौर से गुजर रहा है नफरत का वातावरण है। महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी की समस्या पर ध्यान दिलाने के लिए पदयात्रा की जा रही है। राहुल गांधी पदयात्रा को तपस्या के रूप में लिए हैं। राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा देश जोड़ो पर यात्रा को मिल रहा अपार जनसमर्थन से देश का वातावरण निश्चित बदलेगा। नफरत की राजनीति को कांग्रेस पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी। इधर यात्रा को लेकर भव्य तरीके से तैयारी की गई थी। बैनर पोस्टर से लोहरदगा शहर पाट दिया गया था। पदयात्रा में शामिल नेताओ ने कहा कि देश में सांप्रदायिकता का जहर घोलकर स्वार्थ की राजनीति की जा रही है।

चोरी का सामान बेचना और खरीदना दोनों जुर्म : हरिऔध करमाली

कैरो / लोहरदगा। कैरो थाना क्षेत्र में विगत दिनों लूटकांड में उपयोग मोबाईल खरीद कर उपयोग करने के अभियुक्त को जेल भेजा गया था जिसको लेकर लूट कांड के अनुसंधानकर्ता कैरो थाना के पुलिस अवर निरीक्षक हरिऔध करमाली के द्वारा आवश्यक पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर अभियुक्त को शनिवार को जेल भेजा दिया गया। पत्रकारों से बात करते हुए इस संबंध में पुलिस अवर निरीक्षक हरिऔध करमाली ने बताया कि जैसे चोरी करना एक अपराध है जिसमें आईपीसी के धारा 379 के तहत 3 साल तक की सजा का प्रावधान किया गया है।इसी तरह चोरी का सामान खरीदना या उसका इस्तेमाल करना भी एक अपराध ही है, काफी सारे लोग चोरी का सामान खरीद लेते हैं उन्हें यह नहीं पता होता है कि यह एक अपराध है। अगर आप कोई ऐसा सामान खरीदते हैं या इस्तेमाल करते हैं जिसके बारे में आपको पता है कि यह चोरी का सामान है तो उसको इस्तेमाल करना या खरीदना एक अपराध है जिसमें आपको आईपीसी के धारा 411 के तहत 3 साल तक की सजा हो सकती है।उन्होंने क्षेत्र के आम लोगो से अपील किया है की किसी भी व्यक्ति को कहीं पर मोबाइल आदि कोई भी सामान मिले तो नजदीकी थाना को इसकी सूचना दे न की उसे अपने पास रखकर उसका इस्तेमाल करे। जानकारी होने के बावजूद किसी से चोरी का सामान नहीं ले सबसे पहले वैसे लोगों को पुलिस पकड़ रही है जिनके हाथों में अपराधियों द्वारा चोरी व लूट का सामान बेचा जाता है,हो सके वैसे लोगों को जेल का हवा भी खाना पड सकता है।

रास मेला को लेकर जलडेगा थाना में हुई शांति समिति की बैठक

जलडेगा। प्रखण्ड के हाई स्कूल मैदान में 9 नवंबर को होने वाले रास मेला को देखते हुए जलडेगा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक बीडीओ विजय राजेश बरला की अध्यक्षता में हुई। मौके पर मेला में शांति बनाए रखने हेतु विभिन्न पहलुओं पर गंभीरता से विचार किया गया। बीडीओ ने कहा कि मेले में बहुत ज्यादा संख्या में लोगों के आने का अनुमान है ऐसे में शांति समिति के लोगों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है इसलिए किसी प्रकार की सूचना जिससे मेले में शांति व्यवस्था पर असर हो अविलंब पुलिस प्रशासन अथवा प्रखंड प्रशासन को दें। थाना प्रभारी फिलिप मिंज ने कहा कि शांति व्यवस्था में बाधा डालने वालों के खिलाफ पुलिस कानूनी कार्यवाही करेगी। मौके पर सुभाष साहू, त्रिलोक साहू, प्रताप साहू, सुरेश बाघेल, किशन बड़ाईक, जयंती देवी सहित शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

पेशरार के जवाखाड़ में जंगली हाथियों ने धान की फसल को किया चट, किसान परेशान

नवीन मेल संवाददाता

पेशरार/लोहरदगा। जिले के अति सुदूरवर्ती व उग्रवाद प्रभावित पेशरार प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत रोरद अंतर्गत जवाखाड़ निवासी जोन तिर्की के तीन क्यारी खेत में लगाया गया धान की फसल को जंगली हाथियों के झुंड ने चट कर गया। जिससे किसान जोन तिर्की को हजारों रुपये का आर्थिक क्षति पहुंचा है। इस संदर्भ में भुक्तभोगी किसान जोन तिर्की ने बताया कि बीते दिनों 13 की संख्या में रोरद पंचायत के चंदगो गांव होते हुए जवाखाड़ पहुंची जहां पर जंगली हाथियों के झुंड ने हमारे खेत पर लगाई गई धान की फसल को रौंदने और खाकर काफी नुकसान पहुंचाने का काम किया है। भुक्तभोगी किसान ने बताया कि हाथियों के उत्पात से हमे काफी नुकसान उठाना पड़ा है। किसान ने बताया कि देर शाम गांव वालों ने मशाल बनाकर जंगली हाथियों के झुंड को पेशरार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मदनपुर लावापानी की ओर सुरक्षित तरीके से भगाने का काम किया। उल्लेखनीय है कि बीते एक सप्ताह से पेशरार प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जंगली हाथियों के उत्पात से लोगों में खौफ बना हुआ है लोग भय और डर के साथ रात-दिन व्यतीत करने को विवश हैं। परंतु वन विभाग की टीम अभी तक कोई ठोस पहल नहीं कर दिखाया है जिससे क्षेत्र के लोगों में वन विभाग के प्रति नाराजगी बना हुआ है।

ग्यारह नवम्बर तक चलेगा सदस्यता अभियान : जाहिद

लोहरदगा। झारखण्ड संवेदक संघ लोहरदगा कि बैठक समाहरणालय मैदान में जाहिद अंसारी कि अध्यक्षता में हुई। बैठक में उपस्थित संवेदकों ने सर्व समिति से निर्णय लिया कि 11 नवम्बर तक सभी निबंधित संवेदक को झारखण्ड संवेदक संघ लोहरदगा का सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है एवं जोड़ा जा रहा है । सभी संवेदकों से अनुरोध है कि समय से पहले सभी रसीद कटा कर सदस्य बन जाएं । 12 नवम्बर 2022 को समाहरणालय मैदान में बैठक सह चुनाव सम्पन्न कराया जाएगा। उस बैठक में अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष के साथ उपाध्यक्ष एवं सह सचिव का चुनाव होगा। सदस्यता ग्रहण करने वाले सदस्य ही उमीदवारी एवं मतदान कर सकेंगे। आज के बैठक में मुख्य रूप से राजकिशोर महतो, निधीकांत प्रसाद, जाहिद अंसारी, खालिक हुसैन, राजु गुप्ता, साहिद अंसारी, चंदन यादव, मनोज साहु, अजीत कुमार, बलीराम सिंह, जहांगिर आलम, लाल बैजनाथ, लाल उज्जय, भैया मनोज नाथ, अजहर इकबाल, बिक्रम, इम्तियाज, एकरामुल, जफर इकबाल, बिहारी भगत, कमलेश साहु, लाल मनोज, नसीम, सनी अहमद, इरफान अंसारी, शोएब खान, मो ताजउदिन, अरशद, अफरोज आदि मौजूद थे।

नवगठित कोलेबिरा कांग्रेस कमेटी की बैठक सह परिचय सम्मेलन का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

कोलेबिरा। कोलेबिरा में नवगठित कांग्रेस कमेटी की परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया कार्यक्रम का संचालन प्रखंड अध्यक्ष सुलभ नेल्सन डुंगडुंग की अध्यक्षता में की गई। बैठक में राहुल गांधी के नेतृत्व चल रहे भारत जोड़ो पदयात्रा एवं नवगठित 37 सदस्यों कांग्रेस कमेटी का परिचय सम्मेलन तथा कार्यभार के बारे में बताया गया साथ ही साथ सिमडेगा जिले में दोनों विधानसभा कोलेबिरा तथा सिमडेगा में सभी प्रखंड पंचायत तथा गांव में पदयात्रा करने का निर्णय लिया गया।भारत जोड़ों पदयात्रा के कोलेबिरा प्रभारी अनुप लकड़ा ने कहा भारत पदयात्रा पूर्व कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में करीब 3570 किलोमीटर कन्याकुमारी से कश्मीर तक पैदल यात्रा किया जा रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य भारत के सभी संप्रदाय सभी जाति धर्म के लोगों को नफरत से निकलकर ऐक दूसरे से जुड़कर रहें।भाजपा के द्वारा जो जहर घोली गयी है उसे साफ कांग्रेस पार्टी कर रही है। आने वाले 2024 में फिर से पुरे देश में कांग्रेस अपना परचम लहराएगी। भाजपा केवल और केवल जनहित के मुद्दे को भटकाकर जाति धर्म के नाम पर लड़ाकर असली नीति गायब करना चाहती है, पूरे देश में बेरोजगारी फैली हुई है महंगाई पहली लेकिन लोगों को इस मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी भटकाने का कार्य कर रही है। बैठक में संगठन के संबंध में बताया गया राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार समिति के गठन के बाद में मंडल अध्यक्षता कमेटी का गठन, तथा पंचायत कमिटी और बूथ कमेटी का भी गठन किया जाएगा।

24 घंटे का अष्टप्रहरी हरिकर्तन का किया गया आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

जलडेगा। स्थानीय ग्रामीणों के तत्वावधान में राधाकृष्ण ठाकुर बाड़ी मंदिर में लोक कल्याण उद्देश्य 24 घण्टे का अष्टप्रहरी हरिकर्तन का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम को लेकर पंडित अरूण कुमार मिश्रा की अगुवाई में मंदिर परिसर से कलश शोभायात्रा निकाला गया। तेलंगा नाला में मंत्रोचारण के साथ विधिवत पुजन कर जल उठाव कर नगर भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर में स्थापित किया गया। इस दौरान जय श्री राम, हरे राम हरे कृष्ण की भजन व जयकारे से भक्तीमय माहौल में श्रद्धालु सराबौर थे। कलश यात्रा में शामिल लोगों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। कल प्रातः 6 बजे से हरे राम हरे कृष्ण हरि किर्तन का नामकरण करते हुए 24 घण्टे तक लगातार हरे राम हरे कृष्णा मंत्रोचारण किया जाएगा। मौके महाप्रसाद सिंह, राजू साहू, रामअवतार अग्रवाल, बसंत साहू, गोविन्द अग्रवाल, संजय अग्रवाल, अहिल्या देवी, बिनोद साहू, अघना खडिया, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

दो ट्रकों में टक्कर, वाहन क्षतिग्रस्त, चालक को आई चोट, जांच में जुटी पुलिस

सेन्हा-लोहरदगा। सेन्हा थाना क्षेत्र के कुंदगड़ी मोड़ के समीप देर रात एन एच 143 ए पथ पर सड़क दुर्घटना में बॉक्साइड ट्रक बी एच एच 8184 एवं लाइन ट्रक जे एच 19 बी 9790 का टक्कर हो गया जिसमें दोनो भारी वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं लाइन ट्रक चालक के पैर में चोट आने की बात बताई जा रही है। घटना बीते रात 9 बजे का बताया जा रहा है। वहीं सड़क दुर्घटना के उपरांत घटना की जानकारी स्थानीय लोगो के माध्यम से सेन्हा थाना प्रभारी ऋषिकांत को मिलते ही दलबल के साथ घटना स्थल कुंदगड़ी मोड़ पहुंच घटना का जायजा लेते हुए अग्रतर कारवाई में पुलिस जुट गई। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि घटना चालक की लापरवाही के कारण हुआ है। और इस घटना में एक चालक को पैर में हल्की चोटें आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बॉक्साइड लोडडे ट्रक सेरेंगदाग माईनस से बॉक्साइट लोड कर लोहरदगा जा रही थी जबकि लोहरदगा की ओर से गुमला जा रही लाइन ट्रक के बीच टक्कर होने से दोनो वाहन क्षतिग्रस्त हो गया।

सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान हुई मौत

सिमडेगा। सिमडेगा सदर अस्पताल में सड़क हादसे में घायल होकर आए 44 वर्षीय व्यक्ति की इलाज के दौरान रविवार की सुबह मौत हो गई। व्यक्ति की पहचान रेंगारिह थाना क्षेत्र के गींडरा ओहदार टोली निवासी धनेश पाइक के रूप में हुई। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मनोज मरांडी ने बताया कि वह सड़क किनारे खड़ा था इस दौरान एक बाइक ने उसे धक्का दे दिया और धक्का लगने की वजह से उसके सर में चोट लगीं।

बोलबा समसेरा पारिश में युवा-युवती संघ की काथलिक सभा का हुआ आयोजन

मुख्यमंत्री द्वारा चलए जा रहे योजनाओं का लाभ उठायें ग्रामीण : अनिल कंडुलना

नवीन मेल संवाददाता

बोलबा। रविवार को बोलबा प्रखण्ड के समसेरा पारिस में युवा युवती संघ एवं महिला संघ कथलिक सभा की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला संयोजक मण्डली के सदस्य अनिल कंडुलना को आमंत्रित किया था। अनिल कंडुलना ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा -हमारे राज्य में चल रहे विकास योजनाओं एवं मुख्यमंत्री द्वारा चलए जा रहे योजनाओं का लाभ लें और लोगों को ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का लाभ लेने की अपील करें। आगे उन्होंने कहा झारखंड में हेमंत सरकार प्रतिवर्ष अपने राज्य के गरीब लोगों के लिए कल्याणकारी कार्यक्रम, योजनाओं एवं अभियानों को संचालित करती रहती हैं। अब हेमंत सरकार अपनी सरकार के 3 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कर रही हैं।इस के माध्यम से प्रदेश में पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से ग्रामीण नागरिकों के बीच राज्य में संचालित लोक- कल्याणकारी योजनाओं को रखा जा रहा है और शिविरों में ही पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इस अभियान से सरकार की योजनाएं जैसे सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, पोटो हो खेल विकास योजना, फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान, सोना सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना, कंबल वितरण, हरा राशन कार्ड, छात्रवृत्ति योजना जैसी कई लोक कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को लाभान्वित करना है। झामुमो नेता नोवास केरकेट्टा ने कहा इन योजनाओं के माध्यम से लाभार्थियों को लाभान्वित करके उन्हें आर्थिक, सामाजिक, मानसिक एवं भावनात्मक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की पहल की जा रही है। इस कार्यक्रम में समसेरा पल्ली पुरोहित फादर रफाइल केरकेट्टा, एवं सहायक पुरोहित गण, कैथोलिक सभा अध्यक्ष सिलबानुस लकड़ा, बोलबा प्रमुख सुनीता केरकेट्टा एवं अन्य सदस्य गण मौजूद रहे।

लदेव साहु महाविद्यालय में क्रिकेटर आशीष कुमार का प्राचार्य ने किया स्वागत

लोहरदगा। बलदेव साहू महाविद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र अशीष कुमार का स्वागत महाविद्यालय के प्राचार्य और खेल प्रभारी आनंद मांझी सहित शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं ने स्वागत किया। आशीष कुमार महाविद्यालय के क्रिकेट टीम को खेल के मैदान में जरूरी दिशा निर्देश देकर महाविद्यालय के लिए एक टीम गठित किया, जो इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए रांची रवाना होगी। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को कहां की सभी खिलाड़ियों के एकजुटता के कारण है टीम अच्छा परफॉर्मेंस कर सकती है। कोई भी खिलाड़ी अधिक महत्वपूर्ण और कोई साधारण नहीं है। सभी के पास प्रतिभा की पूरी ताकत है। बस इसका उपयोग अनुशासित ढंग से करना होगा। महाविद्यालय के शिक्षक डॉ शशि कुमार गुप्ता ने रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी आशीष कुमार के महाविद्यालय की खिलाड़ियों को टिप्स देने पर खुशी जाहिर करते हुए कहां की आशीष कुमार हमारे महाविद्यालय की नाज हैं। हम सभी को इनके ऊपर गर्व है।

भाजपा किसान मोर्चा की जिला कार्यकारी समिति की बैठक संपन्न, संगठन मजबूती को लेकर हुई चर्चा

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। भाजपा सिमडेगा जिला कार्यालय में रविवार को किसान मोर्चा की जिला कार्यकारी समिति की बैठक संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हीराराम के द्वारा किया गया मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में किसान मोर्चा के प्रमंडलीय प्रभारी संतोष साहू ,प्रदेश किसान मोर्चा कार्यालय मंत्री सुरेंद्र नाथ एवं जिला प्रभारी मुन्ना बड़ाईक उपस्थित रहे । बैठक की शुरूआत सर्वप्रथम सभी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित करते हुए की गई मौके पर जिला अध्यक्ष हीराराम ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए सभी लोगों को किसान मोर्चा को और भी सशक्त बनाने की आवश्यकता है उन्होंने कहा कि सभी लोग केंद्र सरकार के द्वारा किसानों के लिए किए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं के बारे में अधिक से अधिक प्रचार करने की आवश्यकता है ताकि लोग सरकार के सभी चीजों को जान सके। मौके पर उन्होंने आगे कहा कि लगातार राज्य में जिस प्रकार से भ्रष्टाचार लूट का सूट और राज्य में दुष्कर्म जैसी घटनाएं घट रही है चिंता का विषय है। इसके खिलाफ भी लोगों को जागरूक करते हुए राज्य की हेमंत सोरेन की सरकार को सत्ता से बाहर करने के लिए लोगों को सरकार की विफलताओं की जानकारी देनी है। मौके पर रितेश कुमार, जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाइक जिला महामंत्री जगदीश साहू, राम विलास राणा जनेस्वर बिल्हौर, रामलाल नायक, परमेश्वर सिंह, पाकरटांड विजय कुमार सिंह, नगर अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद, जिला प्रवक्ता शंकर महली, कार्यालय मंत्री लाल साहू के साथ आईटी सेल जिला प्रभारी घनश्याम सिंह उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

सरकार ने 2022-23 में मिलों को 60 लाख टन चीनी निर्यात की दी अनुमति

नयी दिल्ली। सरकार ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान मिलो को 60 लाख टन चीनी के निर्यात की अनुमति दी है और इसे तेजी से पूरा करने को भी कहा है। वाणिज्य मंत्रालय की रविवार को जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि चीनी का निर्यात बढ़ने से चीनी मिलों की परिचालन लागत उनकी परिचालन पूंजी की लागत का बोझ है हल्का होगा। विज्ञप्ति के अनुसार चीनी की कीमतों और चीनी मिलों की वित्तीय स्थिति में संतुलन बनाए रखने के लिए सरकार ने वित्तीय वर्ष 2022 23 के दौरान 60 लाख टन चीनी के निर्यात की अनुमति दी है। बयान में कहा गया है विदेश व्यापार महानिदेशालय ने चीनी के निर्यात को प्रतिबंधित श्रेणी में रखने के निर्णय को 31 अक्टूबर 2023 तक बढ़ाने की अधिसूचना पहले ही जारी कर दी है।

वित्त वर्ष 2022-23 में अब तक आधे से कम पूंजीगत व्यय : टाटा स्टील

नई दिल्ली। इस्पात उत्पादक कंपनी टाटा स्टील के मुख्य कार्यपालक अधिकारी टीवी नरेंद्रन ने कहा है कि चालू वित्त वर्ष के लिए निर्धारित पूंजीगत खर्च का आधे से कम खर्च अब तक किया है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 12,000 करोड़ रुपए के पूंजीगत व्यय की योजना बनाई थी। इसमें से लगभग 8,500 करोड़ रुपए भारत के लिए जबकि बाकी राशि यूरोप में अपने परिचलान के लिए निर्धारित की गई थी। चालू वित्त वर्ष के सात महीने बीत जाने के बाद पूंजीगत व्यय योजना से संबंधित एक सवाल पर नरेंद्रन ने कहा, हमने अब तक (नियोजित पूंजीगत व्यय का) 50 प्रतिशत से थोड़ा कम खर्च किया है। चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में टाटा स्टील का एकीकृत शुद्ध लाभ 90 प्रतिशत घटकर 1,297 करोड़ रुपए रह गया। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 12,547.70 करोड़ रुपए था। नरेंद्रन ने यह भी कहा कि ब्रिटेन के कारोबार के संबंध में टाटा स्टील की भविष्य की कार्रवाई ब्रिटेन सरकार की प्रतिक्रिया पर आधारित होगी।

एफएमसीजी कंपनियों को तीसरी तिमाही से मार्जिन में सुधार, ग्रामीण बिक्री में वापसी की उम्मीद

नयी दिल्ली। दैनिक उपभोग के उत्पाद बनाने वाले एफएमसीजी क्षेत्र को चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही से अपने मार्जिन में सुधार के साथ ग्रामीण बाजार से वापसी की भी उम्मीद है। हालांकि एफएमसीजी उद्योग को उच्च मुद्रास्फीति के कारण 2022-23 की दूसरी यानी सितंबर तिमाही में बिक्री में कमी सामना करना पड़ा। एफएमसीजी क्षेत्र को अब त्योहारी सीजन की शुरूआत और ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छे मानसून तथा फसल कटाई के साथ सुधार की उम्मीद है। चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में एफएमसीसजी कंपनियों ने अपनी बिक्री में मूल्य आधारित वृद्धि दर्ज की है। कुछ श्रेणियों में ब्रिटानिया, डाबर और नेस्ले जैसी एफएमसीजी कंपनियों ने भी बिक्री में वृद्धि दर्ज की है। घरेलू कंपनी मैरिको ने बीती तिमाही के अपने वित्तीय नतीजे में कहा, रखुदरा मुद्रास्फीति स्थिर रहने के कारण एफएमसीजी क्षेत्र में लगातार चौथी तिमाही में बिक्री में गिरावट देखी गई। मांग की भावना काफी हद तक पिछली तिमाही की तरह ही थी और तिमाही के आखिरी महीने में ही इसमें थोड़ा सुधार हुआ। पैराशूट, सफोला और हेयर एंड केयर जैसे ब्रांडों के तहत उत्पाद बेचने वाली कंपनी ने कहा कि सकल मार्जिन में चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के दौरान तिमाही आधार पर सुधार होना चाहिए।

नवंबर के पहले हफ्ते में एफपीआई ने 15,280 करोड़ रुपए की खरीदारी की

नई दिल्ली। दो महीनों तक भारतीय बाजारों से निकासी करने वाले विदेशी निवेशकों ने नवंबर के पहले हफ्ते में जोरदार वापसी करते हुए घरेलू इक्विटी बाजारों में 15,280 करोड़ रुपए मूल्य के शेयरों की खरीद की है। विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की तरफ से नीतिगत दरों में वृद्धि को लेकर नरम रहने की उम्मीद में विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजारों में जमकर खरीदारी की। कोटक सिक्योरिटीज के इक्विटी शोध (खुदरा) प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का प्रवाह निकट समय में मौद्रिक सख्ती से जुड़े आघातों को देखते हुए उतार-चढ़ाव से भरा रह सकता है। इसके साथ ही भू-राजनीतिक स्थिति भी एक कारक बन सकती है। डिपॉजिटरी से मिले आंकड़ों के मुताबिक, एफपीआई ने एक से चार नवंबर के बीच भारतीय इक्विटी बाजारों में 15,280 करोड़ रुपए का निवेश किया।

जीएम सरसों से शहद-उत्पादक किसानों को नुकसान होने का खतरा : सीएआई

नयी दिल्ली (एजेंसी)। जीएम सरसों को पर्यावरणीय परीक्षण के लिए जारी किए जाने पर उठे विवादों के बीच देश में मधुमक्खी-पालन उद्योग के महासंघ कंफेडरेशन ऑफ ऐपीकल्चर इंडस्ट्री (सीएआई) ने इस फैसले को मधु क्रांति' के लिए बेहद घातक बताते हुए इस पर रोक लगाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से दखल देने की मांग की है। मधुमक्खी-पालन उद्योग संगठन सीएआई के अध्यक्ष देवव्रत शर्मा ने पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में कहा, ह्यह्यहमने प्रधानमंत्री से मांग की है कि वह आनुवांशिक रूप से संशोधित (जीएम) सरसों की फसलों को अनुमति न देकर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सरसों खेती से जुड़े लगभग 20 लाख किसानों और मधुमक्खीपालक

किसानों की रोजी-रोटी छिनने से बचाएं। शर्मा ने कहा, जीएम सरसों की खेती होने पर मधुमक्खियों के पर-परागण से खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने एवं खाद्यतेलों की आत्मनिर्भरता का प्रयास प्रभावित होने के साथ ही मधु क्रांति का लक्ष्य और विदेशों में भारत के गैर-जीएम शहद की भारी निर्यात मांग को भी धक्का लगेगा। उन्होंने कहा, हमारे यहां पहले सूरजमुखी की अच्छी पैदावार होती थी और थोड़ी-बहुत मात्रा में ही इसका आयात करना पड़ता था। लेकिन सूरजमुखी बीज के संकर किस्म के आने के बाद आज सूरजमुखी की देश में पैदावार खत्म हो गयी है और अब सूरजमुखी तेल की जरूरत सिर्फ आयात के जरिये ही पूरी हो पाती है। यही हाल सरसों का भी होने का खतरा दिखने लगा है। शर्मा ने कहा कि मधुमक्खी-पालन के काम में उत्तर भारत में लगभग 20 लाख किसान प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं। इसके अलावा उत्तर भारत के लगभग तीन करोड़ परिवार सरसों खेती से जुड़े हुए हैं। देश के कुल सरसों उत्पादन में अकेले राजस्थान का ही योगदान लगभग 50 प्रतिशत है। उन्होंने कहा, जीएम सरसों का सबसे बड़ा नुकसान खुद सरसों को ही होगा। फिलहाल किसान खेती के बाद अगले साल के लिए बीज बचा लेते हैं लेकिन जीएम सरसों के बाद ऐसा करना संभव नहीं रहेगा और किसानों को हर बार नये बीज खरीदने होंगे जिससे उनकी लागत बढ़ेगी।

अनिल अंबानी की 2 कंपनियों के शेयर की तगड़ी खरीदारी, निवेशकों ने खूब बनाए पैसे

नई दिल्ली (एजेंसी)। अनिल अंबानी की कर्ज में डूबी कंपनी-रिलायंस पावर और रिलायंस इंफ्रा, दोनों कंपनियों के निवेशकों की चांदी है। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को रिलायंस पावर और रिलायंस इंफ्रा के शेयर की तगड़ी खरीदारी हुई। किन शेयरों में बिकवालीः बीते शुक्रवार को रिलायंस होम फाइनेंस के शेयर में बिकवाली का माहौल रहा। कंपनी का शेयर भाव 1.34% की गिरावट के साथ 3.68 रुपये पर ठहरा। रिलायंस कैपिटल की बात करें तो 4.93% लुढ़क कर 9.26 रुपये पर बंद हुआ। बता दें कि रिलायंस कैपिटल के बोलीदाताओं ने ऋणदाताओं और प्रशासकों के सामने कई कानूनी मुद्दों को उठाया है। मीडिया में इस खबर के आने के बाद बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई ने कंपनी से जवाब मांगा है। कंपनी पर 20 हजार करोड़ से ज्यादा का कर्ज है। रिपोर्ट के मुताबिक हिंदुजा, टॉरेंट, ज्यूरिख और पिरामल जैसे बोलीदाताओं ने मुख्य रूप से रिलायंस कैपिटल की दो कंपनियों के मामले को उठाया है। ये कंपनियां- रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड और रिलायंस जनरल इंश्योरेंस हैं। इनसे जुड़ी कानूनी जंग को लेकर बोलीदाता संकोच कर रहे हैं।

महंगाई पर काबू पाने के लिए अलग-अलग उपाय करने में जुटे हैं दुनिया भर के देश

नई दिल्ली (एजेंसी)। दुनिया के कई देशों में महंगाई 4 दशक के उच्च स्तर पर पहुंच चुकी है और उसे काबू पाने के लिए अलग-अलग देश अलग-अलग कदम उठा रहे हैं। अमेरिका में भारी महंगाई पर काबू पाने के लिए फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में आक्रामक

वृद्धि करने में जुटा हुआ है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व और बैंक ऑफ इंग्लैंड ने ब्याज दरों में 75 बेसिस प्वाइंट की वृद्धि कर दी है। महंगाई पर काबू पाने के लिए उधारी की दरें बढ़ाने के बारे में दोनों बैंकों का अलग-अलग तर्क है। फेडरल रिजर्व ने कहा है कि ब्याज दरें पहले के अनुमान से अधिक ऊंचे लेवल पर जा सकती है जबकि इंग्लैंड के अधिकारियों ने कहा है कि ब्रिटेन में ब्याज दरें फाइनेंसियल मार्केट के अनुमान से कम रहने वाली हैं। ब्रिटेन की इकनोमी एक अजीब सी मुसीबत के दौर से गुजर रही है। एक्सपर्ट के अनुसार वहां आर्थिक मंदी शुरू हो चुकी है। अमेरिका की अर्थव्यवस्था इस समय मंदी का मुकाबला कर रही है और अक्टूबर में जॉब के शानदार आंकड़े इसकी गवाही दे रहे हैं। फेडरल रिजर्व के अनुमान के मुताबिक अमेरिका में मंदी के संकेत नहीं मिल रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया और नॉर्वे में केंद्रीय बैंक ब्याज दरों में मामूली वृद्धि कर महंगाई पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं। चेज रिपब्लिक ने ब्याज दरों में वृद्धि करने से इंकार कर दिया है। दुनिया के कई देशों में इस समय जॉब मार्केट की स्थिति बेहतर नजर आ रही है। बैंक ऑफ इंग्लैंड ने पिछले 33 साल में ब्याज दरों में सबसे बड़ी वृद्धि की है, लेकिन उसने भविष्य में ब्याज दरें बढ़ाने की आशंका से इनकार किया है और कहा है कि इससे इकोनामी 2 साल के लिए मंदी के दौर में जा सकती है।

डॉ. रेड्डीज क्षमता विस्तार पर करेगी 1,500 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय

नयी दिल्ली। दवा क्षेत्र की कंपनी डॉ. रेड्डीज लेबोरेटरीज वित्त वर्ष 2022-23 में करीब 1,500 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय करेगी जिसका एक बड़ा हिस्सा क्षमता निर्माण में लगेगा। कंपनी के मुख्य वित्तीय अधिकारी पराग अग्रवाल ने यह जानकारी दी। दवा कंपनी इस राशि का इस्तेमाल मौजूदा संयंत्रों में क्षमता बढ़ाने, शोध एवं विकास गतिविधियों को मजबूती देने और डिजिटलीकरण की परियोजनाओं में निवेश के लिए करेगी। अग्रवाल ने कहा, समूचे वित्त वर्ष के लिए पूंजीगत व्यय करीब 1,500 करोड़ रुपये होगा जिसमें से बड़ा हिस्सा बायोसीमिलर कारोबार और इंजेक्टेबल कारोबार में क्षमता बढ़ाने के लिए किया जाएगा। कंपनी के निवेशक संबंध प्रमुख अमित अग्रवाल ने कहा कि पूंजीगत व्यय सिर्फ नए संयंत्रों के निर्माण में न होकर कई मौजूदा संयंत्रों में क्षमता विस्तार पर भी किया जाएगा।

गौतम अडानी ने खरीदी थी इनॉक्स ग्रीन एनर्जी सर्विसेज में हिस्सेदारी, निवेशकों को कमाई का मिलेगा मौका

नई दिल्ली (एजेंसी)। आईपीओ पर दांव लगाकर कमाई करने वाले निवेशकों के लिए नवंबर का महीना काफी अच्छा है। इस महीने में कई कंपनियों के आईपीओ आ रहे हैं। ऐसा ही एक आईपीओ विंड एनर्जी ऑपरेशन और मेंटेनेंस सर्विस प्रोवाइड करने वाली इनॉक्स ग्रीन एनर्जी सर्विसेज का है। इस कंपनी का आईपीओ 11 नवंबर को खुलकर 15 नवंबर को बंद होगा। हालांकि, आईपीओ के लिए प्राइस बैंड की घोषणा अभी नहीं हुई है। 740 करोड़ रुपये के आईपीओ से जुटाई गई रकम का उपयोग कंपनी द्वारा ऋण चुकाने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। आईपीओ के लिए मर्चेंट बैंक- एडलवाइस फाइनेंशियल सर्विसेज, डीएएम कैपिटल एडवाइजर्स, इक्विरस कैपिटल,

आईडीबीआई कैपिटल मार्केट्स एंड सिक्योरिटीज और सिस्टेमैटिक्स कॉरपोरेट सर्विसेज हैं। आईपीओ का रजिस्ट्रार लिंक इनटाइम इंडिया है। इनॉक्स ग्रीन एनर्जी सर्विसेज, आईनॉक्स विंड की एक सहायक कंपनी है और इनॉक्स जीएफएल समूह की कंपनियों का हिस्सा है। आईनॉक्स विंड की वर्तमान में आईनॉक्स ग्रीन एनर्जी सर्विसेज में 93.84 प्रतिशत हिस्सेदारी है। हाल ही में इनॉक्स ग्रीन एनर्जी सर्विसेज ने तीन स्पेशल यूनिट्स (एसपीवी) में अपनी समूची इक्विटी हिस्सेदारी गौतम अडानी की कंपनी अडानी ग्रीन एनर्जी को बेच दी है। बीते अक्टूबर में आइनॉक्स विंड ने शेयर बाजार को बताया था कि उसने सब्सडियरी यूनिट आइनॉक्स ग्रीन एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड के जरिये विंड वन रिनर्जी लिमिटेड विंड थ्री रिनर्जी लि. और विंड फाइव रिनर्जी लि. में अपनी इक्विटी हिस्सेदारी अडानी ग्रीन एनर्जी को बेची है।

> हाल ही में इनॉक्स ग्रीन एनर्जी सर्विसेज ने तीन स्पेशल यूनिट्स (एसपीवी) में अपनी समूची इक्विटी हिस्सेदारी गौतम अडानी की कंपनी अडानी ग्रीन एनर्जी को बेच दी है।

विदेशों में मांग बढ़ने से बीते सप्ताह खाद्य तेल की कीमतों में सुधार

नयी दिल्ली। बीते सप्ताह दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में विदेशों में खाद्यतेलों की मांग बढ़ने तथा रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण आपूर्ति प्रभावित होने से सरसों, सोयाबीन, मूंगफली तेल-तिलहन, बिनौला, सीपीओ और पामोलीन तेल कीमतों में सुधार आया। सर्दियां आने के साथ शादी-विवाह की मांग बढ़ने से भी इस कीमत वृद्धि को समर्थन मिला। कारोबारी सूत्रों ने कहा कि पिछले साल के मुकाबले इस वर्ष कपास (नरमा) के भाव कम हैं जिसकी वजह से किसान कम भाव पर नरमा बिक्री के लिए कम माल ला रहा है। कम आपूर्ति के बीच बिनौला तेल कीमतों में सुधार आया है। सूत्रों ने कहा कि किसान मंडियों में सरसों काफी कम बेच रहे हैं और जाड़े के साथ-साथ शादी विवाह के मौसम की मांग होने के कारण सरसों तेल तिलहन कीमतों में सुधार है। जाड़े में हल्के तेलों की मांग बढ़ने और वैश्विक स्तर पर खाद्यतेलों की कम आपूर्ति की वजह से मूंगफली, सोयाबीन तेल तिलहन कीमतों में भी सुधार आया। सूत्रों के मुताबिक, रूस-यूक्रेन युद्ध को देखते हुए खाद्यतेलों की आपूर्ति कम होने से उत्पन्न कमी को कच्चा पामतेल (सीपीओ) और पामोलीन तेल पूरा कर रहा है। इसी वजह से इन तेलों की वैश्विक मांग है। खाद्यतेलों की आपूर्ति कम होने से सीपीओ और पामोलीन तेल कीमतों में सुधार देखा गया।

देश के 69% परिवार आर्थिक रूप से कमजोर

नई दिल्ली (एजेंसी)। वित्तीय समावेशन की दिशा में मजबूत प्रगति और वित्तीय सेवा उद्योग के विस्तार के बावजूद देश के करीब 69 प्रतिशत परिवार अपनी वित्तीय असुरक्षा और कमजोरी का सामना कर रहे हैं। एक सर्वेक्षण पर आधारित रिपोर्ट में यह दावा किया गया। आर्थिक खबरों के डिजिटल मंच 'मनी9' की तरफ से व्यक्तिगत वित्त के बारे में कराए एक सर्वेक्षण के आधार पर यह रिपोर्ट जारी की गई है। 'इंडियाज पर्सनल फाइनेंस पल्स' नाम के इस सर्वेक्षण में भारतीय परिवारों की आय, बचत, निवेश एवं खर्च से जुड़े बिंदुओं को समेटने की कोशिश की गई है। इस सर्वेक्षण के आधार पर परिवारों की आमदनी, खर्च एवं बचत के तौर-तरीकों को समझने के लिए देश की पहली नागरिक वित्तीय सुरक्षा रैंकिंग 'मनी9 वित्तीय सुरक्षा सूचकांक' भी जारी की गई है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, 'देश में 4.2

सदस्यों वाले एक परिवार की औसत आय 23,000 रुपये प्रति माह है। वहीं 46 प्रतिशत से अधिक परिवारों की औसत आय 15,000 रुपये प्रति माह से भी कम है। इसका मतलब है कि ये परिवार आकांक्षी या निम्न आय समूह से ताल्लुक रखते हैं।' यह सर्वेक्षण रिपोर्ट कहती है कि देश के सिर्फ तीन प्रतिशत परिवारों का ही जीवन-स्तर विलासिता से भरपूर है और उनमें में अधिकतर परिवार उच्च आय वर्ग से संबंधित हैं। इस सर्वेक्षण में पाया गया कि करीब 70 प्रतिशत परिवार बैंक जमा, बीमा, डाकघर बचत और सोने के रूप में अपनी वित्तीय बचत करते हैं। इनमें भी उनका सबसे ज्यादा जोर बैंकों एवं डाकघरों पर होता है और जीवन बीमा एवं सोना का स्थान उसके बाद आता है। भारतीय परिवारों की बचत का 64 प्रतिशत से अधिक हिस्सा बैंक खातों में जमा के रूप में है जबकि सिर्फ 19 प्रतिशत परिवारों को ही बीमा की सुरक्षा हासिल है। मई और सितंबर के बीच कराए गए इस देशव्यापी सर्वेक्षण में 20 राज्यों के 31,510 परिवारों से बात की गई। इस दौरान शहरी इलाकों के अलावा ग्रामीण परिवारों से भी चर्चा की गई। मनी9 का संचालन करने वाले टीवी9 नेटवर्क के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी बरुण दास ने कहा, 'यह सर्वेक्षण गुणवत्तापरक वित्तीय आंकड़ों की दिशा में एक बड़ी खाई को पाटने की कोशिश है। इसमें भारतीय परिवारों की व्यक्तिगत वित्तीय जरूरतों पर विशेष ध्यान दिया गया है।'

> यह सर्वेक्षण रिपोर्ट कहती है कि देश के सिर्फ तीन प्रतिशत परिवारों का ही जीवन-स्तर विलासिता से भरपूर है और उनमें में अधिकतर परिवार उच्च आय वर्ग से संबंधित हैं।

सेबी ने 2021-22 में 107 मामलों के समाधान से 59 करोड़ रुपए जुटाए

नई दिल्ली। बाजार नियामक सेबी ने वित्त वर्ष 2021-22 में प्रतिभूति नियमों के उल्लंघन से संबंधित 107 मामलों को समाधान प्रक्रिया के जरिए सुलझाकर शुल्क के रूप में 59 करोड़ रुपए जुटाए। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। प्राप्त सूचना के मुताबिक, समाधान प्रक्रिया के लिए सेबी ने वित्त वर्ष 2021-22 में कुल 107 मामले भेजे। इन मामलों के निपटारे के एवज में कुल 59 करोड़ रुपए की राशि इकट्ठा हुई। समाधान प्रणाली के तहत सेबी के निर्धारित नियमों का उल्लंघन करने के आरोप का सामना कर रही कंपनी अपनी गलती को स्वीकार किए बगैर ही समाधान शुल्क देकर मामले को खत्म कर सकती है। वित्त वर्ष 2020-21 में सेबी ने 216 मामलों का निपटारा समाधान प्रक्रिया के जरिए किया था और शुल्क के रूप में 68.23 करोड़ रुपए एकत्र हुए थे।

चार नेपालियों ने अरबपति को फ्राइड राइस खिलाकर किया बेहोश, लूटे 5 करोड़ रुपये

जोधपुर (एजेंसी)। राजस्थान के जोधपुर से बेहद हैरान करने वाली खबर आई है। जोधपुर में जो वारदात हुई है वह राजस्थान की शायद अब तक की सबसे बड़ी घटना है। जब नौकरों ने मालिक के घर जेवर और कैश साफ किया है। बताया जा रहा है कि करीब 4 से 5 करोड़ रुपए के जेवर और कैश लेकर वे फरार हो गए हैं। वह हेक्सा कार भी लेकर गए हैं और उन्हें जोधपुर से नागौर की तरफ जाते हुए ट्रेस किया गया है, लेकिन नागौर के आगे जाने के बाद उनकी लोकेशन फिलहाल पुलिस को नहीं मिल सकी है। पुलिस का मानना है कि संभव है उन्होंने हेक्सा कार को वहीं छोड़ दिया और उसके बाद अन्य व्हीकल से भी आगे की तरफ निकल गए हैं। उधर नागौर की तरफ राजस्थान से जाने वाले तमाम मार्गों पर नाकाबंदी

कर दी गई है। जोधपुर की है घटना एयरपोर्ट थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने बताया कि हैंडीक्राफ्ट कारोबारी अशोक चोपड़ा के यहां एक महिला करीब 4 साल से काम कर रही थी। यह नेपाली नौकर महिला परिवार की सदस्य की तरह यहां रहती थी और परिवार को इस पर बहुत भरोसा था, लेकिन करीब 2 महीने पहले उसने तीन अन्य अपने परिचित नौकरों को अशोक चोपड़ा के यहां काम दिलाया। किसी का काम बागवानी करने का था तो किसी का काम सब्जी और फल लाने का था। चार नौकर पिछले करीब 2 महीने से लगातार यहां रेंकी कर रहे थे। उसके बाद देर रात उन्होंने इस वारदात को अंजाम दिया। सबसे पहले एक नौकर ने फ्राइड राइस बनाए उसके बाद अन्य ने उसमें नशे की दवाई मिलाई। यह फ्राइड राइस अशोक चोपड़ा और उनके परिवार ने खाया और उसके बाद वे लोग सवेरे तक होश में नहीं आ सके। सवेरे करीब 11. 00 बजे अशोक चोपड़ा की बड़ी बेटी को जब होश आया तो उन्होंने अशोक चोपड़ा के बिजनेस पार्टनर के के विश्नोई को इसकी सूचना दी। वह चोपड़ा के घर पहुंचे और उसके बाद पुलिस को जानकारी दी पुलिस और मेडिकल की टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। पता चला घर में 7 कमरों में से सभी सेफ और लॉकर तोड़कर उनमें से जेवर और कैश निकाल लिया गया।

> वहीं किसी का काम बागवानी करने का था तो किसी का काम सब्जी और फल लाने का था। चार नौकर पिछले करीब 2 महीने से लगातार यहां रेंकी कर रहे थे।

मारुति सुजुकी अपने मानेसर संयंत्र की क्षमता में एक लाख इकाई की कर सकती है बढ़ोतरी

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी वाहन विनिमार्ता मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) बढ़ती मांग को देखते हुए अपने मानेसर संयंत्र की उत्पादन क्षमता एक लाख इकाई तक बढ़ा सकती है जबकि उसके सोनीपत संयंत्र में परिचालन वर्ष 2025 में शुरू होने की उम्मीद है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अपने वाहनों की बढ़ती मांग के मद्देनजर एमएसआई गुरुग्राम स्थित विनिर्माण संयंत्र में भी उत्पादन क्षमता बढ़ाने पर विचार कर सकती है। अभी मानेसर और गुरुग्राम के संयंत्रों को मिलाकर कंपनी की कुल उत्पादन क्षमता 15 लाख इकाई प्रतिवर्ष है। साझेदार कंपनी सुजुकी मोटर की गुजरात स्थित संयंत्र में भी 7.5 लाख इकाइयों का उत्पादन होता है। एमएसआई ने हरियाणा में सोनीपत के खारखोड़ा में अपने नए संयंत्र की स्थापना की दिशा में काम शुरू कर दिया है।

टॉप 10 में से 7 कंपनियों का मार्केट कैप 1.33 लाख करोड़ रुपये बढ़ा, रिलायंस को सबसे ज्यादा मुनाफा

> वहीं, आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) और भारती एयरटेल के पूंजीकरण में गिरावट दर्ज की गई।

नई दिल्ली (एजेंसी)। इक्विटी बाजारों में तेजी के रुख के बीच टॉप 10 वैल्यूएबल कंपनियों में से सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बीते हफ्ते 1,33,707.42 करोड़ रुपये बढ़ गया। सर्वाधिक बढ़त रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड में दर्ज की गई। पिछले हफ्ते बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 990.51 अंक यानी 1.65 प्रतिशत बढ़ा। इससे शीर्ष कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई। टॉप 10 मूल्यवान कंपनियों में आरआईएल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, इंफोसिस, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), एचडीएफसी लिमिटेड और आईटीसी का पूंजीकरण बढ़ा। वहीं, आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) और भारती एयरटेल के पूंजीकरण में गिरावट दर्ज की गई। देश की सबसे मूल्यवान कंपनी आरआईएल का बाजार पूंजीकरण पिछले हफ्ते 44,956.5 करोड़ रुपये बढ़कर 17,53,888.92 करोड़ रुपये हो गया। एचडीएफसी बैंक का पूंजीकरण 22,139.15 करोड़ रुपये बढ़कर 8,34,517.67 करोड़ रुपये हो गया। एसबीआई के पूंजीकरण में 20,526.61 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई और इसका मूल्यांकन बढ़कर 5,29,898.82 करोड़ रुपये हो गया। वहीं टीसीएस का पूंजीकरण 19,521.04 करोड़ रुपये बढ़कर 11,76,860.69 करोड़ रुपये हो गया। एचडीएफसी लिमिटेड का बाजार पूंजीकरण 16,156.04 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 4,52,396.31 करोड़ रुपये हो गया।

सम्पादक की कलम से...

राजनीतिक अस्थिरता की स्थिति

15 नवम्बर को झारखंड 22 वर्ष का हो जायेगा। इन 22 वर्षों के झारखंड के इतिहास पर गौर किया जाय तो इस प्रदेश की नियति में मानो राजनीतिक अस्थिरता समायी हुई है। वर्ष 2014 से 2019 के कार्यकाल को छोड़ दें तो इससे पहले के 14 वर्षों में झारखंड ने राजनीतिक अस्थिरता की मिशाल कायम की है। इससे पहले की एक भी सरकार ने अपना कार्यकाल पूरा नहीं किया। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में झामुमो, कांग्रेस और राजद महागठबंधन ने भाजपा को बुरी तरह से पटखनी दी और अपार बहुमत के साथ सरकार बनायी। दो वर्ष तो कोविड काल में ही चला गया। इसके बाद सरकार ने काम करना तो शुरु किया लेकिन जिस तरह से खान लीज मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के गर्दन पर निलंबन की तलवार लटकी हुई है और इसको लेकर पिछले छह महीने से जिस तरह से राज्य की राजनीति में भूचाल देखने को मिल रहा है वह इस बात की तरफ साफ तौर पर इशारा कर रहा है कि यह सूबा एक बार फिर राजनीतिक अस्थिरता की तरफ बढ़ गया है। गौरतलब है कि झारखंड बिहार से झारखंड 15 नवम्बर 2000 को अलग हुआ। इसको लेकर लंबी लड़ाई लड़ी गयी। तब बिहार में इसे लेकर निराशा थी, क्योंकि यह हिस्सा प्रचुर खनिज और प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण था। तब यह कहा जाता था कि बिहार में तो बाद तीन ही चीज बच गये हैं, लालू, बालू और आलू। लेकिन आन्दोलन से उपजे इस प्रदेश के साथ यह विडंबना लगी रही कि 22 वर्षों में 5 वर्ष को छोड़ दिया जाय तो यहाँ सरकारें हमेशा अस्थिर रही। यही वजह है कि 22 वर्षों में इस प्रदेश में 11 मुख्यमंत्री बदले गये। गठबंधन का ऐसा भी प्रयोग इस प्रदेश में हुआ कि एक निर्दलीय को मुख्यमंत्री बनाया गया। इतना ही नहीं निर्दलीय मुख्यमंत्री की सरकार को निर्दलीय मंत्री ही चला रहे थे। भाजपा सबसे लंबे समय तक सत्ता में रही, लेकिन मुख्यमंत्री के रूप में केवल रघुवर दास ही अपना कार्यकाल पूरा कर सके। बाकी सरकारें बीच में ही धड़ाम होती रहीं। इस बीच कई तरह के गठजोड़ बने। लगभग सभी प्रमुख दलों को यहां कभी न कभी सत्ता में रहने का मौका मिला। पूर्व में क्षेत्रीय दल झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भाजपा के साथ मिलकर भी सरकार बनाई। राज्य में राजनीतिक अस्थिरता का आलम यह रहा कि तीन बार यहाँ राष्ट्रपति शासन लगे। पिछले विधानसभा चुनाव में महागठबंधन को बहुमत मिली और हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री की गद्दी मिली। सामान्य बहुमत से अधिक विधायकों का आंकड़ा होने के कारण अभी उनकी कुर्सी को खतरा नहीं है, लेकिन तकनीकी मामलों में फंसे होने के कारण एक बार फिर से राज्य में राजनीतिक अस्थिरता की स्थिति बनती दिख रही है। ईडी ने अवैध खनन घोटाला के मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पूछताछ के लिए बुलाया है। इसके अलावा सीएम तथा खान मंत्री के पद पर रहते हुए अपने नाम से पत्थर खनन लीज लेने संबंधी आरोप में उनकी विधानसभा की सदस्यता पर भी तलवार लटक रही है। राज्यपाल ने इस संबंध में चुनाव आयोग से दोबारा मंतव्य मांगा है। फिलहाल हेमंत सोरेन ईडी के समक्ष पूछताछ के लिए उपस्थित नहीं हुए हैं। सत्तापक्ष के विधायकों संग बैठक में इससे संबंधित निर्णय हुआ है। इस बीच स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए मुख्यमंत्री के राज्य के दौरे के कार्यक्रम निर्धारित किये गये हैं। अब देखना दिलचस्प होगा कि आगे क्या होता है?

आज का इतिहास

1933 : जर्मनी ने मित्र राष्ट्रों के समूह से अलग होने की घोषणा की।
1943 : जापान ने फिलीपींस की स्वतंत्रता की घोषणा की।
1946 : हालैंड और इंडोनेशिया ने संघर्ष विराम समझौते पर हस्ताक्षर किए।
1948 : इजरायल और मिस्त्र के बीच युद्ध की शुरूआत हुई।
1996 : फिजी व्यापक परीक्षण प्रतिबंध संधि की पुष्टि करने वाला प्रथम देश बना।
1997 : अरुंधति राय को उनके उपन्यास 'द गॉड आफ स्माल थिंग्स' के लिए ब्रिटेन के सबसे प्रतिष्ठित बुकर पुरस्कार के लिए चुना गया।
1998 : गरीबी उन्मूलन के लिए भारत की फातिमा बी को संयुक्त राष्ट्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
2006 : संयुक्त राष्ट्र संघ ने उत्तर कोरिया पर प्रतिबंध लगाया।
1882 : शिमला में पंजाब विश्वविद्यालय की स्थापना की गई।
1884 : प्रसिद्ध क्रांतिकारी और 'गदर पार्टी' के संस्थापक लाला हरदयाल का जन्म।
1956 : डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने अपने तीन लाख 85 हजार अनुयायियों के साथ कोचांदा में बौद्ध धर्म अपनाया।
1931 : पूर्व राष्ट्रपति ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का तमिलनाडु के रामेश्वरम में जन्म।
1932 : टाटा कंपनी ने टाटा संस लिमिटेड नामक देश की पहली एयर लाइन की शुरूआत की।
1949 : त्रिपुरा राज्य को भारत में सम्मिलित किया गया।
1961 : लेखक सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला का निधन।
1978 : सोवियत संघ ने पूर्वी कजाखस्तान क्षेत्र में परमाणु परीक्षण किया।
1988 : उज्वला पाटिल समुद्र के रास्ते विश्व का चक्कर लगाने वाली पहली एशियाई महिला बनी।
1990 : बॉलीवुड अभिनेता ओम शिवपुरी का निधन।
1990 : सोवियत संघ के राष्ट्रपति मिखाइल गोबाचौव को नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया।

संपादक के नाम पाठकों की पाती

प्रदूषण को रोकें

सिंगल यूज प्लास्टि पर प्रतिबंध आज-कल का एक ज्वलंत विषय है । क्योंकि सरकार ने सिंगल यूज प्लास्टि का उपयोग बंद करने और पर्यावरण के अनुकूल कैरी बैग का उपयोग करने के लिए अभियान शुरू किया है। सिंगल यूज प्लास्टिक का हर साल लाखों टन उत्पादन होता है। जिसमें प्लास्टिक की थैलियां, पॉलीथिन, प्लास्टिक के सोडा और पानी की बोतलें और खाद्य पैकेजिंग आइटम आदि शामिल हैं। ये सिंगल यूज प्लास्टि केवल एक बार उपयोग किए जाते हैं और फिर रीसायकल के लिए कचरे के रूप में फेंक दिए जाते हैं। प्लास्टिक बैग या प्लास्टिक बायोडिग्रेडेबल नहीं होते हैं और आमतौर पर ये जमीन के अंदर चले जाते हैं । जहां यह दब जाता है और धीरे-धीरे पानी में चला जाता है। कुछ दिनों के बाद विभिन्न तरीकों से यह समुद्र में चला जाता है। वे मिट्टी और जल निकायों में प्रवेश करते हैं और छोटे कणों में टूट जाते हैं, लेकिन वे विघटित नहीं होते हैं। सिंगल यूज प्लास्टि सौ से अधिक वर्षों तक मिट्टी और पानी में रहते हैं और विषाक्त रसायनों को छोड़ते हैं । इस तरह हमारे सुंदर ग्रह और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाते हैं। प्लास्टिक की थैलियां प्लास्टिक बैग जो जल निकायों में प्रवेश करती हैं। जल प्रदूषण का एक प्रमुख कारण हैं और इस प्रकार हमारे पर्यावरण को हर संभव तरीके से खराब कर रही हैं। सरकार द्वारा सिंगल युज प्लास्टिक पर पाबंदी के बाद प्रशासन इस पर कड़ी कार्रवाई कर रही है। मैं लोकप्रिय हिन्दी समाचार पत्र राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से लोगों से अपील करता हूँ कि सिंगल युज प्लास्टिक का इस्तेमाल पर रोक लगाये,और प्रशासन के द्वारा चलाये जा रहे जागरूकता अभियान में का हिस्सा बनें।

■ **काशी प्रसाद , मेदिनीनगर।**

जिंदगी से मायूस होते लोग

> भारत में आत्महत्या करने वालों की संख्या हत्या में जान गंवाने वालों से पांच गुना अधिक है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2019 में 1.39 लाख लोगों ने आत्महत्या कर ली। इसमें सड़सठ फीसद अठारह से पैंतालीस साल की उम्र के बीच के लोग थे। आत्महत्या करने वालों में पढ़े-लिखे लोगों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2019 में हर चार मिनट में किसी न किसी व्यक्ति ने मौत को गले लगा लिया। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने आत्महत्याओं पर जारी अपनी रिपोर्ट में कहा है कि दुनिया भर में हर साल करीब आठ लाख लोग आत्महत्या करते हैं।

अधिकांश मानसिक रोगी और अवसाद पीड़ित व्यक्ति परिवार तथा मित्रों- परिचितों के प्रेम, समझ-बूझ, समाज के साथ और आवश्यकतानुसार चिकित्सीय परामर्श से स्वस्थ हो सकते हैं। ऐसे लोगों को एकांतवास नहीं, प्रेमिल साथ की आवश्यकता होती है। उनके मन की तहों को खोलने, उनके अंदर चल रहे विचारों के झंझावातों को जानने-समझने और नकारात्मकता को दूर करने की आवश्यकता है। तमाम कोशिशों के बावजूद खुदकुशी की प्रवृत्ति पर काबू नहीं पाया जा पा रहा है। आत्महत्या करने वालों में किशोर, युवा, ढ़लती उम्र के लोग तक शामिल हैं। इसके पीछे कारोबार में विफलता, मानसिक अवसाद, प्रेम में विफलता, घरेलू कलह, गरीबी, कर्ज का चक्र आदि कई वजहें बताई जाती हैं। पर गहरी पड़ताल करने पर इन प्रत्यक्ष कारणों के अलावा कई अन्य परोक्ष कारण भी दिखाई पड़ते हैं। पर कारण कोई भी हो, जिंदगी से बड़ी और महत्त्वपूर्ण तो कोई चीज नहीं हो सकती। मगर रोजमर्रा की मुश्किलों और जद्दोजहद को लेकर जीवन की अंगुली ही छोड़ देना, किन मानसिक, सामाजिक और पारिवारिक दुरूहताओं का परिणाम है? यह प्रश्न विचारणीय है। भारत में आत्महत्या करने वालों की संख्या हत्या में जान गंवाने वालों से पांच गुना अधिक है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2019 में 1.39 लाख लोगों ने आत्महत्या कर ली। इसमें सड़सठ फीसद अठारह से पैंतालीस साल की उम्र के बीच के लोग थे। आत्महत्या करने वालों में पढ़े-लिखे लोगों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2019 में हर चार मिनट में किसी न किसी व्यक्ति ने मौत को गले लगा लिया। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने आत्महत्याओं पर जारी अपनी रिपोर्ट में कहा है कि दुनिया भर में हर साल करीब आठ लाख लोग आत्महत्या करते हैं, जिनमें से लगभग इक्कीस फीसद भारत में करते हैं। इनमें पंद्रह से उनतीस साल की उम्र के लोग बड़ी संख्या में होते हैं। यानी ऊर्जा, उत्साह और सपनों से लबरेज उम्र में जिंदगी से पलायन एक भयानक सच्चाई है। महानगरों, बड़े शहरों के साथ-साथ छोटे शहरों, कस्बों और गांवों में भी ऐसी घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। गौरतलब है कि भारत में आत्महत्या की दर महिलाओं के मुकाबले पुरुषों में ज्यादा है। तेजी से शिक्षित और विकसित होते भारत में बढ़ती आत्महत्या की मनोवृत्ति से हमारी जीवन शैली, सोच, बदलता पारिवारिक और सामाजिक परिवेश, शिक्षा और रोजगार की स्थिति, व्यवस्था की फितरत सब पर एक प्रश्नवाचक चिह्न लगता है। जीवन सबको प्रिय होता है। व्यक्तिवादी होते इस दौर में तो स्वयं के प्रति मुग्धता और बढ़ी है। खुद के विकास, पहचान, महत्त्व के प्रति लोग पहले से ज्यादा जागरूक हुए हैं। समान्यतया लोग आज सबसे ज्यादा खुद की चिंता करते हैं, उसके बाद किसी और की। खासकर युवा अपने रहन-सहन, पहनावे आदि पर ज्यादा ध्यान देने लगे हैं। 'मैं', 'मेरी पहचान', 'मेरी मर्जी' जैसे शब्द लगातार अहम होते जा रहे हैं। शायद इसी आत्ममुग्धता में आत्महत्या का बीज भी छिपा है। स्वयं के विकास की लगातार बढ़ती भूख में जहां 'मैं' का भाव बढ़ा है, वहीं लोगों को परिवार और सामाजिकता से दूर भी किया है। इससे व्यक्ति में अकेलापन बढ़ा है। वह अपनी समस्याएं किसी से साझा करने में कतराने लगा है। या फिर उसकी नजर में ऐसा कोई होता ही नहीं, जिससे वह अपने दिल की बात कह सके। इससे हताशा बढ़ी है और आत्महत्या की दर भी। छोटे-बड़े शहरों, गांवों, घरों, कार्यस्थलों के साथ-साथ आइआइटी, आइआइएम जैसे उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्रों में बढ़ती आत्महत्या की प्रवृति इसी ओर इशारा करती है। पिछले कुछ दशक से लोगों की इच्छाएं और उम्मीदें तेजी से बढ़ी हैं। सब कुछ मुी में कर लेने का दौर-सा चल पड़ा है। सामने वाला व्यक्ति इतना संपन्न हो सकता है, तो मैं क्यों नहीं? मैं सब कुछ क्यों नहीं पा सकता या जो चाहूं वह क्यों नहीं बन सकता जैसी बातें खूब होने लगी हैं। मगर इसके बरक्स अवसर उतने नहीं बढ़े हैं। उम्मीदों और यथार्थ के बीच बड़ा फर्क होता है। यही फर्क लोगों को पहले अवसाद, फिर खुद को मिटाने की ओर धकेल रहा है। नब्बे के दशक में भारत में उदारवाद और खुली अर्थव्यवस्था की शुरूआत हुई। तब से जहां एक ओर भौतिक तरक्की की बयार बही, वहीं उपभोक्ता संस्कृति भी तेजी से बढ़ी है। बढ़ते बाजारवाद ने हर घर में विलासिता के संसाधन भर दिये हैं।

■ **संगीता सहाय**

सावधान! हम बुद्धिजीवी हैं

हमने उनसे कहा जेब से रुपए निकालना जरूरत है और निकलवाना राजनीति। राजनीति के पीछे भी राजनीति होती है। सिर्फ चेहरों को बदनाम करने से कुछ नहीं होता। चेहरे नीयत से और नीयत राजनीति की धूल में झोंके जाते हैं। वे हमसे कुछ कहें मैं पहले बोल उठा - आप और किसी की जेब पर डाका नहीं डाल सकते ? अपनी भड़ास कहीं और नहीं निकाल सकते ? लेकिन वे हमसे बोले - निकाल तो देता साहब लेकिन मगर आपकी इज्जत का सवाल ख्याल हो आया। हमारा देश इज्जत देने के चक्कर में इज्जत लुटाने का रिकॉर्ड दर्ज करने में सबसे आगे है। इस देश में चुपचाप रहने वाले स्पीच इज सिलवर एंड साइलेंस इज गोल्ड की बैंड लगाने में अपना सब कुछ होम कर देते हैं। इन्हीं को बुद्धिजीवी कहते हैं। ये अपने तरीके के भूत हैं। वर्तमान और भविष्य को गरियाने के लिए तर्क जेब में लिए फिरते हैं। ऐसे लोगों के जेबों से पैसे निकालना बड़ा टेढ़ा काम है। ऐसे लोगों को आईना दिखाना तो चाहता हूँ लेकिन इनके आईने इनका चेहरा दिखाने में हार जाते हैं। आईना के अर्थ शब्दकोश में कुछ भी हो इनके यहाँ धोखा, फरेब और छलावा है। मरते दम तक अपने असली चेहरे से अनजान रहते हैं और लोगों जानने के ढोंग में उनकी जान निकालने की हरकत इन्हें बुद्धिजीवि का तमगा दे देता है। इनका दिल इतना बड़ा है कि चूहे तक देश की समृद्धि को खा लें ऐसी सारी व्यवस्था करते हैं, जबकि आदमी होकर खाना खा लें तो इनके सारे नैतिक मूल्य अंतरिक्ष में खो जाते हैं। इनके नैतिक मूल्यों की दूरी किलोमीटर तो क्या प्रकाशवर्ष तक पता नहीं लगा सकता। भूख भूख का नाम देकर गाली देना हमारे यहाँ फैशन हो गया है। इसे मिर्ची की तरह मत देखिये। भूख हर आत्मा का आवरण उतार देती है। रोटी सामने हो तो लाजवंती भी कपड़े उतार देती है। फिर हम तो पहले से ही नागासाधु हैं। अपनी कुंठा ये है भाई साहब कि भूखे के बलिदान को सम्मान नहीं मिलता है। जबकि खा-पीकर मरो तो अस्थि-कलश निकलता है। इसी बात पर एक शेर अर्ज किया है- 'भूख मिटती नहीं रुपया उठता नहीं'। उठते तो लोग हैं किन्हीं कंधों पर भूख बनकर।

■ **डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**
मो. नं. 73 8657 8657

भ्रष्टाचार से देश को मुक्ति दिलाने का अभियान

मोदी ने इस वर्ष लाल किले से संबोधन के दौरान भ्रष्टाचारियों पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने इसके खिलाफ जंग में देशवासियों का सहयोग भी मांगा। प्रधानमंत्री के इस उपयोगी उद्बोधन के अनेक अर्थ निकाले गये, प्रशंसा हुई, तो आलोचना भी कम नहीं हुई है। नरेन्द्र मोदी ने सबसे पहले देश के प्रधानमंत्री बनते ही भ्रष्टाचार मुक्त भारत का संकल्प लिया। उन्होंने न खाऊंगा और न खाने दूंगा का शंखनाद किया, उनके दो बार के प्रधानमंत्री के कार्यकाल में भ्रष्टाचार पर नियंत्रण पाने के लिये अनेक कठोर कदम उठाये गये हैं और उसके परिणाम भी देखने को मिले हैं, लेकिन भ्रष्टाचार फिर भी खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। भ्रष्टाचार की जटिल से जटिल होती स्थितियों को देखते हुए ही केंद्रीय सतर्कता आयोग ने सरकारी संस्थानों, मंत्रालयों और नागरिकों के लिए छह बिंदुओं का सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा पत्र जारी किया है, जिसमें उनसे भ्रष्टाचार मुक्त भारत की संकल्पना के साथ जुड़ने का आह्वान किया गया है। प्रतिज्ञा पत्र को आयोग ने भ्रष्टाचार मुक्त देश के लिए विशेष अभियान के तौर पर पेश किया है। राष्ट्र में भ्रष्टाचार के विरुद्ध समय-समय पर ऐसी क्रांतियां एवं प्रशासनिक उपक्रम होते रहे हैं। लेकिन उनका लक्ष्य, साधन और उद्देश्य शुद्ध न रहने से उनका दीर्घकालिक परिणाम संदिग्ध रहा है। प्रश्न है कि सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा पत्र की आवश्यकता क्यों पड़ी, क्या इसका हश्र ढाक के तीन पात ही होना है? देश को भ्रष्टाचार मुक्त करना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी ही चाहिए। सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा पत्र 31 अक्टूबर से 6 नवम्बर 2022 तक आयोजित किये जाने वाले भ्रष्टाचार मुक्त भारत-विकसित भारत के जागृति अभियान का अभिनव उपक्रम है, इस सतर्कता जागरूकता सप्ताह में तंद्रा तोड़ने के लिये भैरवी तो बजानी ही पड़ेगी। ईमानदारी के अभ्युदय के लिये ही इस प्रतिज्ञा पत्र में कहा है- जीवन के सभी क्षेत्रों में ईमानदारी से काम करेंगे, नियमों का पालन करेंगे। कभी रिश्वत नहीं लेंगे और न ही देंगे। सभी कार्य ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ करेंगे। जनहित में कार्य करेंगे। अपने आचरण में ईमानदारी दिखायेंगे। भ्रष्टाचार की घटना की सूचना संबंधित एजेंसी को जरूर देंगे। ये संकल्प निश्चित ही जन-जन और प्रशासन में बैठे अधिकारी एवं कर्मचारी ले ले तो भ्रष्टाचार को समाप्त होने में देर नहीं लगेगी। लेकिन छोटे-छोटे भ्रष्टाचार के साथ बड़े भ्रष्टाचार को भी नियंत्रित किया जाना जरूरी है। इसके लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक ऐसी क्रांति का शंखनाद किया है जिसमें प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी जैसी एजेन्सियां सक्रिय हुई हैं, जिसने न केवल विभिन्न राजनीतिक दलों एवं उनके नेताओं की चूलें हिला दी हैं बल्कि भ्रष्टाचार के प्रश्न पर भी प्रशासन-शक्ति को जागृत कर दिया है। अब प्रशासन शक्ति जाग गयी है तो राजनीतिक दलों एवं नेताओं का हिलना, आगबबूला होना एवं बौखलाना स्वाभाविक है। आम आदमी पार्टी के मंत्री सत्येन्द्र जैन की गिरफ्तारी के बाद ईडी ने नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी को पूछताछ के लिए तलब किया है। अन्य नेता भी इसकी गिरफ्त में आये हैं। दरअसल, सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा पत्र ऐसे वक्त में जारी हुआ है, जब माना जाने लगा है कि सरकारी काम बिना लिए-दिये नहीं हो सकता है। ऐसी परिस्थितियों में भ्रष्टाचार के खिलाफ एक मुहिम की जरूरत है, एक जागृति अभियान की आवश्यकता है। सरकारी जांच एजेंसी लगातार राज्यों से लेकर केंद्र में बैठे लोगों पर कार्रवाई भी कर रही है, लेकिन उसका प्रभाव ज्यादा दिखाई नहीं दे रहा है। ऐसे में सवाल खड़ा होता है कि आखिर इस भ्रष्टाचार को हवा कहां से मिल रही है? कौन लोग हैं, जो शीर्ष की सख्ती के बावजूद बेखौफ हैं। कौन है जो सरकारी सेवाओं में भ्रष्टाचार को जगह दे रहे हैं? आखिर प्रशासनिक मशीनरी इसको क्यों नहीं रोक पा रही है? ये ऐसे सवाल है जिनका उत्तर ही हमें भ्रष्टाचार मुक्ति दिशा दे सकती है। रिश्वत एक नासूर है। रिश्वत देने वाला काम जल्दी होने की उम्मीद में रिश्वत दे रहा है। लेने वाला काम करने के बदले रिश्वत ले रहा है। यानी भ्रष्ट-व्यवस्था कायम है। काम में विलम्ब या आम आदमी को परेशान करना- यह भ्रष्टाचार को पोषित करने की जमीन है। भले ही अपेक्षित सारे काम करना सरकारी कर्मचारी-अधिकारी की जिम्मेदारी हो, फिर भी भ्रष्टाचार को शिष्टाचार एवं रिश्वत को एक तरह से सुविधा शुल्क मान लिया गया है और इसके लेन-देन को लेकर कहीं कोई अपराध बोध नहीं दिखाई देता। ऐसे में सवाल यही है कि आखिर इस भ्रष्टाचार को खत्म कैसे किया जाए? क्या सिर्फ इस तरह के प्रतिज्ञा पत्र से भ्रष्टाचार दूर होगा? असल में जरूरत है नीचे से लेकर ऊपर तक सुधार करने की। नीचे का व्यक्ति तभी सुधर सकता है, जब ऊपर बैठा हुआ व्यक्ति भी उस सुधार के लिए प्रेरित हो और भ्रष्टाचार के खिलाफ खड़ा हो। भ्रष्टाचार मठे की तरह राष्ट्र में गहरा पैठा है। राष्ट्रीय स्तर पर 1971 के बाद भ्रष्टाचार ने देश में संस्थागत रूप ग्रहण कर लिया, विशेषतः राजनीतिक दलों में यह तेजी से पनपा। खुद पर भ्रष्टाचार के आरोपों के जवाब में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने कहा था कि 'भ्रष्टाचार तो दुनिया भर में है। सिर्फ भारत में ही नहीं है।' पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने भी कहा था कि केंद्र सरकार गरीबों के लिये दिल्ली से जब एक रुपया गांवों में भेजती है तो सिर्फ 15 पैसे ही उन तक पहुंच पाते हैं। कांग्रेसी प्रधानमंत्रियों की यह कैसी लाचारी थी, कैसी विवशता थी। विडम्बना तो यह है कि कुछ राजनीतिक दलों ने इसी भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष करके सत्ता हासिल की और सत्ता पर बैठते ही भोली-भाली एवं अनपढ़ जनता की आंखों में धूल झोंकते हुए खुलकर भ्रष्टाचार में लिप्त हो गये हैं।

■ **ललित गर्ग**

धर्म दर्शन

श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

अथ प्रथमोऽध्यायः

हे प्रभो! मैंने आपका ऐसा क्रोध पहले कभी नहीं देखा। मेरे प्रति आपका वह सहज तथा शाश्वत प्रेम कहाँ चला गया ?॥ 65 ॥

आपको बज्रपात शत्रुपर करना चाहिये न कि अपने स्नेहीजनपर आपसे सदा वर पानेयोग्य मैं आज शापके योग्य कैसे हो गयी?॥ 66 ॥

हे गोविन्द मैं इसी समय आपके देखते-देखते आपके सामने प्राण त्याग दूंगी क्योंकि आपसे वियुक्त होकर विरहाग्निमें जलती हुई में कैसे जीवित रह सकूँगी?॥ 67 ॥

हे देवेश मेरे ऊपर कृपा कीजिये है विभो। अब मैं इस दारूण शापसे मुक्त होकर आपका सुखदायी सांनिध्य कब प्राप्त करूंगी?॥ 68 ॥

हरि बोले झ हे प्रिये। हे तन्वगि। जब पृथ्वीलोक तुम्हें मेरे समान एक पुत्रकी प्राप्ति हो जायगी तब पुनः मुझे प्राप्त करके तुम सुखी हो जाओगी ॥ 69 ॥

स्वयं संहितायां षष्ठस्कन्धे हैहयानामुत्पत्ति नाम सप्तदशोऽध्यायः ॥ 70 ॥

जनमेजय बोले- [हे मुने!] इस प्रकार कोप करके भगवान्के द्वारा शापित लक्ष्मीजीने घोड़ रूपमें किस प्रकार जन्म लिया और इसके बाद रेवन्तने क्या किया ?॥ १ ॥

अपने पतिके प्रवासमें रहनेके कारण उसके वियोगमें एकाकिनी समय व्यतीत करनेवाली नारीकी भाँति लक्ष्मीजीने घोड़ीका रूप धारण करके किस देशमें समय व्यतीत किया?॥ २ ॥

हे आयुष्मन! पतिसे वियुक्त रहते हुए लक्ष्मीजीने कितना समय बिताया और पुनः उस निर्जन वनमें रहती हुई उन्होंने क्या किया?॥ 3 ॥

समुद्रतनया लक्ष्मीको पुनः भगवान् विष्णुका समागम कब प्राप्त हुआ तथा विष्णुसे अलग रहते हुए उन्होंने किस प्रकार पुत्र प्राप्त किया ?॥ 4 ॥

हे आर्येश! इस वृत्तान्तका वर्णन विस्तारके साथ कीजिये। हे विप्रवर! मैं इस अत्युत्तम पौराणिक आख्यानको सुनना चाहता हूँ ॥ 5 ॥

सूतजी बोले- हे विप्रो परीक्षित्पुत्र ऐसा पूछनेपर व्यासजी इस अति विस्तृत कथाका वर्णन करने लगे ॥ 6 ॥

व्यासजी बोले- हे राजन। सुनिये में अब यह शुभ, पवित्र, स्पष्ट अक्षरोंसे युक्त तथा कानोंको प्रिय लगनेवाली पौराणिक कथा कहूँगा ॥ 7 ॥

कामिनी रमाको विष्णुद्वारा शापित की गयो देखकर रेवन्त भयके कारण जगत्पति वासुदेवको दूरसे ही प्रणाम करके चले गये ॥ 8 ॥

- क्रमशः

चुनाव बिसात पर तेज हुई जोर आजमाइस

गुजरात विधानसभा चुनावों का बिगुल बजने के बाद यहां के सियासी समीकरण की चर्चा शुरू हो गई है। यहां साल 1995 से ही भाजपा वोटों की दौड़ में आगे रही है और वह लगातार मजबूती से चुनाव जीतती रही है। हर बार 182 विधानसभा सीटों में से 100 से ज्यादा सीटें उसके खाते में गई हैं। पिछला 2017 का चुनाव बेशक अपवाद था, जिसमें वह सीटों का सैकड़ा पूरा करने में चूक गई, लेकिन वोट प्रतिशत के लिहाज से पूर्व की तरह कांग्रेस और उसमें बड़ा फासला (छह प्रतिशत से अधिक) रहा। दोनों दलों के बीच हर बार वोट प्रतिशत में नौ से 11 अंकों का अंतर रहा है। फिर भी, कांग्रेस यहां सफल प्रतिद्वंद्वी रही है, क्योंकि किसी तीसरे मजबूत दल का यहां अभाव रहा है। मगर इस बार उसकी राह कुछ ज्यादा कठिन जान पड़ती है, क्योंकि आम आदमी पार्टी ने यहां सफल दस्तक दी है। इससे यहां का चुनावी समीकरण बदलता दिख रहा है। आप नेता अरविंद केजरीवाल कई महीनों से यहां प्रचार कर रहे हैं, जिसका असर भी दिखने लगा है। गुजरात की जनता से बात करने पर यह महसूस होता है कि आप ने उनके बीच एक पहचान बनाई है। उनसे यदि आप दिल्ली से आने की बात कहेंगे, तो वे तुरंत पूछ बैठते हैं, आप आम आदमी पार्टी की तरफ से तो नहीं आए हैं? झाड़ू वाले तो नहीं हैं? साफ है, आप यहां चर्चा में है, लेकिन वह लोगों का कितना भरोसा जीत पायेगी, यह फिलहाल कह पाना मुश्किल है। यहां के पिछले उप-चुनाव भी त्रिकोणीय संघर्ष के संकेत दे रहे हैं। मगर इस संघर्ष में एक तरफ भाजपा है, तो दूसरी तरफ आप और कांग्रेस। मौजूदा स्थिति यही तस्दीक करती है कि यहां भाजपा व दूसरी पार्टियों के बीच ठीक-ठाक फासला है। यहां के मतदाता भाजपा, विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रभावित हैं। इसीलिए नजर इस बात पर होगी कि गुजरात चुनावों में दूसरे और तीसरे पायदान पर कौन सी पार्टी कब्जा करती है? हां, स्थानीय निकाय के चुनावों में, खासकर सूरत के इलाकों में आम आदमी पार्टी ने अच्छा प्रदर्शन किया है, जिससे उसे नई ऊर्जा मिली है, मगर यह जोश जीत में कितना बदल पायेगा, यह अभी दावे के साथ नहीं कहा जा सकता। जाहिर है, कांग्रेस के लिए यहां दोतरफा जंग है। एक तरफ उसे भाजपा से लड़ना है, तो दूसरी तरफ, आप से मिल रही चुनौतियों से पार पाना होगा। बावजूद इसके उसकी चाल सुस्त दिखती है। भाजपा और आप जहां पुरजोर तरीके से अपनी उपस्थिति दर्ज कर रही हैं, अमित शाह व अरविंद केजरीवाल जैसे नेता लगातार सक्रिय हैं, वहीं मतदाता कांग्रेस के पास ढंग का नेतृत्व न होने की बात कह रहे हैं। किसी दौर में बेशक कांग्रेस यहां मजबूत दल हुआ करती थी, लेकिन अब वह काफी कमजोर लग रही है। वह घर-घर जाकर अभियान चलाने का दावा जरूर कर रही है, लेकिन इसका असर शायद ही दिख रहा है। उसकी मुश्किल यह भी है कि आप जितना ऊपर उठेगी, कांग्रेस उतना नीचे की तरफ जायेगी। दिल्ली और पंजाब में आप ने कांग्रेस का आधार अपनी ओर खिसकाकर ही सरकार बनाई है, और गुजरात भी इसका अपवाद नहीं दिख रहा। यहां इस त्रिकोणीय संघर्ष के कारण भी भाजपा खुद को मजबूत मान रही है। फिर भी, बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि पार्टियां किस तरह के उम्मीदवारों पर दांव लगाती हैं। यहां यह चर्चा जरूर है कि जो पार्टी ढाई दशक से सत्ता में है, उसके खिलाफ अंदरूनी लहर है, लेकिन यह काफी ज्यादा इसलिए नहीं दिख रही, क्योंकि भाजपा ने इसकी काट ढूंढ़ ली है। उसने करीब एक साल पहले यहां का पूरा मंत्रिमंडल बदल दिया था। यहां तक कि नये मुख्यमंत्री की भी ताजपोशी की गई थी। यह सब इसलिए किया गया, ताकि राज्य सरकार के खिलाफ यदि लोगों में कोई असंतोष है, तो उसको दबाया जा सके। साफ है, यहां भाजपा की चुनौती न सिर्फ चुनाव जीतने, बल्कि बड़े अंतर से मैदान मारने की है। गुजरात के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश के चुनावों पर भी लोगों की स्वाभाविक नजर है। दोनों राज्यों में मतगणना 8 दिसंबर को होगी। पिछले दो-तीन दशकों में देखें, तो हिमाचल प्रदेश में हर चुनाव में सरकार बदलती रही है। आम आदमी पार्टी ने यहां पर भी अपनी दावेदारी जताने की कोशिश की है, लेकिन पिछले छह माह की सियासी गतिविधियों से यही जान पड़ता है कि वह यहां शायद ही कोई खास टक्कर दे सके।

■ **संजय कुमार**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज**, संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज,** स्थानीय संपादक : **ओम प्रकाश अमरेन्द्र***, **प्रेस कार्यालय :** रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नम्बर :** 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय** : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, **गढ़वा कार्यालय :** मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, **लातेहार कार्यालय** : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, **लोहरदगा कार्यालय :** रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

चमत्कारिक वनस्पति "अरीठा"

वैद्य ब्रजेश कुमार दुबे
पंतजली आरोग्य केन्द्र
रेड़मा चौक डालटनगंज (झारखंड)
मो0 :- 7903216488,

संस्कृत : अरिष्ट : फेनिल : रक्तबीज : मंगल्य : । गुजराती :- अरीठा।
हिन्दी :- रीठा । मारवाड़ी :- अरीठो। मराठी :- रीठा ।
द्रविडी :- योनान कौट्टे । तैलंगी :- कुंकुडु । चेट्टू । कन्नड़ :- कुकूटेकायि ।
लेटिन :- sapindus, Trikoliatus, Sapinadus, Mukotossi.
स्वरूप : मध्यम कद का एक सुन्दर वृक्ष : पत्ते पक्षवत संयुक्त :
पत्रिका 2-3 जोड़ी में, नोकदार अखण्ड, नीचली सतह रोमश, पुष्प मटमैले सफेद, रस्टी रोमश गुच्छों में : फल मांसल गोल होते है।
स्वाद :- तिक्त ।
रासायनिक संगठन :- इसके फल में सेपोनिन प्रचूर मात्रा में पाया जाता है। इकोसेनिक एसिड़ (N- Eicasanic Acid) प्रचूर मात्रा में पाया जाता है।
गुण व उपयोग :- आयुर्वेदाचार्यों के मतानुसार अरीठा पचने में चरपरा, त्रिदोषनाशक, तीक्ष्ण, गरम, भारी, गर्भपातक और वमनकाकर है। यह गर्भ को निश्चेष्ट करनेवाला और विष के असर को नष्टकरने वाला है। यह स्निग्ध, विपन्ध, फफन्ध, शोपन्ध, वेदनास्थानपक, कण्डुन्ध होता है। इसका उपयोग अर्धाव भेदक, बालों में जूं तथा रूसी नाशक, फोड़े, गण्ड कास, श्वांसरोग में चर्मरोग में (कुष्ठ,कण्डु): संधिशोथ में लाभकारी। फीट दंश, बिच्छू तथा मधुमक्खी दंश में लाभकरी ।

अर्धाव भेदक में फल की उष्ण भाग का नस्य लेने से लाभ होता है। अल्पमात्रा में पीने से वमन होकर विष निकल जाता है। फल के जल से बाल धोने से जू मरकर गिर जाते है। अफीम, कलिहारी का विष शरीर में गया हो तो इसका जल पीने से विष का प्रभाव नष्ट हो जाता है। इसके अन्दर का मगज एक उत्तम कृमिनाशक औषधि है। दमे के अन्दर छाती, में जमे हुये कफ को निकालने के लिये अरीठे से वमन कराई जाती है। इपिकाक और खड़की रास्ना की अपेक्षा इसका असर जल्दी होता है। जीर्ण कफ रोगों में इसको देने से कफ पतला होता है और हृदय को शक्ति मिलती है। कफ रोगों में इसकी बहुत छोटी मात्रा देना चाहिये क्योंकि ज्यादा मात्रा में देने से पाचन क्रिया पर कुछ खराब असर होता है। दमें में और आधाशीशी में इसकी सुंघनी सुंघाने से तत्काल लाभ होता है। अजीर्ण से पैदा हुये उदरशूल में इसकी गुदी की रत्ती (2mg) की गोली बनाकर देना चाहिये। आधाशीशी :- अरीठे के फल को एक-दो काली मिर्च के साथ पानी में घिसकर नाक में टककाने से आधाशीशी का रोग तत्काल दूर होता है।
अनन्त वायु :- प्रसव के पश्चात् वायु का कोप होने से स्त्रियों का मस्किष्क शून्य हो जाता है, आखों के आगे अन्धेरा छः जाता है, दांतों की बत्तीसी भिड़ जाती है और वायु की ताने आने लगती है। ऐसे कठिन समय में अरीठे को पानी में घिसकर फेन पैदाकर आंख में आंजने से तत्काल वायु का कोप दूर होकर जादू के समान असर दिखलाई देता है।
सन्निपात :- अरीठे का मगज, अंकोज के जड़ का छाल, समुद्रफाल का बीज, विष्णुकान्ता बीज, कड़वी तरोई के बीज ये सब समान मात्रा में लेकर तुलशी के रस में खरल कर दो-दो रत्ती की गोलियां बना लेनी चाहिये। रोगी को शक्ति का विचार करके से चार गोलियां तक गरम पानी के साथ देने से उल्टी और टट्टी होकर महाभंयकर सन्निपात दूर हो जाता है। इसके अतिरिक्त इसी औषधि से सर्पदंश, पागल कुत्ते का विष भी वमन होकर नष्ट हो जाते हैं।
विच्छू का जहर :- अरीठे के एक फल की गिरी लेकर उसको पीसकर तीन हिस्से करके गुड़ में मिलाकर उसकी उसकी तीन गोलियां बना लेनी चाहिये। पांच-पांच मिनट पर एक-एक गोली, ठंढ़े पानी के साथ देने से तथा इसी के फल को पानी में घिसकर आंख में आंजने से और डंक लगे स्थान पर लगाने से जहर उत्तर जाता है।

अब मेरे द्वारा दिया जाने वाला अनूभूत योग जो निम्न रोगों पर बहुत ही प्रभाव है

न0 01 बवासीर में :- रोगी के बलाबल को देखते हुये अरीठे के फल का ऊपरी छिलका का चूर्ण एक ग्राम से दो ग्राम तक गाय के दूध से तैयार तक (छांछ) मट्ठा के साथ सुबह खाली पेट सेवन कराया जाता है। चौबिस घंटे तक खाने और पीने में अन्न-जल बंद कराया जाता है। भूख या प्यास लगने पर सिर्फ छांछ (तक) ही सेवन करना होता है। चौबिस घंटे बाद अन्न जल सेवन कर सकते हैं। बस एक दिन के औषधि सेवन से रोग से मुक्ति मिल जाती है। आवश्कतानुसार अगले सप्ताह फिर से दिया जा सकता है। अधिकांश लोग एक खुराक से ही ठीक हो जाते है।
न0 2 :- लकवा रोगियों पर प्रयोग :- अरीठे के फल छाल का चूर्ण चार रत्ती को एक ग्राम गुड़ में अच्छी प्रकार स घोटकर रोगी को औषधि (तैयार किया गया) ताजा दतरंगी छाल के क्वाथ के साथ सेवन कराया जाता है और रोगी को 2-कंबल में लपेट कर रखा जाता है डेढ़ से दो घंटे तक शरीर में बाहरी हवा नहीं लगना चाहिये। दो घंटे बाद रोगी खुद बोलने और हाथ-पांव चलाने लगता है। पहली खुराक में चमत्कार दिखाता है ये अरीठे का योग।

।। जय धनवन्तरी जय आर्युवेद।।

काव्य कोना

दान और ऋण

क्या उतारोगे?
कौन सा चोला बदलोगे?
ऋण जो है ही नहीं,
दान ही हमेशा,
कौन सी परिभाषा,
प्रश्न बनाने की कोशिश,
उतर की संभावना नहीं,
वसुधा का हर कोना,
अनुभव हर श्वास में,
उच्छ्वास में ध्वनि वहीं,
हर सुर ताल में निहित फिर भी रट,
उतारूँगा उतारूँगा,
क्या उतारोगे?
कौन सा चोला बदलोगे?
गुलाब की शय्या नहीं
ना ही रेशमी दुशाला,
करुणा और श्रृंगार,
क्रोध और रोष नहीं,
विद्या की पहली देन,
रश्मि की किरण चाँदी की चमक,
नरम और गरम नयन के आँसू,
वात्सल्य का अनुभव,
मातृ – ऋण मानव तेरी भावना,
दान को ऋण बना,
कितना स्वार्थी है तू,
क्या उतारोगे?
कौन सा चोला बदलोगे?

– नाग मणि

छोटी हो गई है टी-शर्ट तो ऐसे करें उसे रियूज

अगर आप चाहें तो कई पुरानी टी-शर्ट की मदद से एक खूबसूरत डोरमेट बना सकते हैं। इसके लिए आप टी-शर्ट को काटकर फैब्रिक स्क्रैप बनाएं। अब उसे अपने प्लेन डोरमेट पर ग्लू गन की मदद से चिपकाएं। बस आपका ब्यूटीफुल डोरमेट बनकर तैयार है। टी-शर्ट एक ऐसा परिधान है, जिसे हर कोई पहनना पसंद करता है, फिर चाहे पुरूष हो या महिला। लेकिन एक समय के बाद टी-शर्ट पुरानी हो जाती है तो उसे पहनने का मन नहीं करता है या फिर शरीर में बदलाव होने के कारण टी-शर्ट छोटी हो जाती है। ऐसे में लोग उसे अपनी अलमारी में यूं ही रख देते हैं। लेकिन अब आपको ऐसा करने की जरूरत नहीं है। अगर आप चाहे तो उस पुरानी टी-शर्ट को भी कई अलग-अलग तरीकों से इस्तेमाल कर सकते हैं।

बनाएं डोरमेट

अगर आप चाहें तो कई पुरानी टी-शर्ट की मदद से एक खूबसूरत डोरमेट बना सकते हैं। इसके लिए आप टी-शर्ट को काटकर फैब्रिक स्क्रैप बनाएं। अब उसे अपने प्लेन डोरमेट पर ग्लू गन की मदद से चिपकाएं। बस आपका ब्यूटीफुल डोरमेट बनकर तैयार है।

बनाएं रियूजेबल बैग

यह तो हम सभी जानते हैं कि प्लास्टिक बैग एनवायरनमेंट के लिए कितने हानिकारक है। ऐसे में अगर आप चाहें तो अपनी पुरानी टी-शर्ट को भी बतौर रियूजेबल बैग बना सकते हैं। आपको इसके लिए अपनी टी-शर्ट को नीचे से स्टिच करने की जरूरत होती है। साथ ही आप इसकी स्लीव्स को हटा दें।

बनाएं पिलो कवर

अगर आप अपने घर के इंटीरियर में कुछ बदलाव करना चाहती हैं तो ऐसे में आप पुरानी टी-शर्ट का इस्तेमाल करें। आप चाहें तो डिफरेंट कलर की टी-शर्ट से पिलो व कुशन कवर बनाएं। इससे आप अपने घर को आसानी से यूनिक लुक दे पाएंगे।

बनाएं खूबसूरत हेडकवर

अगर आप अपने बच्चे के कमरे को एक मेकओवर देना चाहते हैं तो ऐसे में टी-शर्ट काफी काम आएगा। इसके लिए आप अलग-अलग कलर व प्रिंट्स की टीशर्ट लें और उन्हें अपनी हेडबोर्ड के साइज के आधार पर एक साथ स्टिच कर लें। इस तरह आप कई तरह के डिफरेंट हेडबोर्ड कवर बनाकर तैयार कर सकती हैं।

बनाएं हेडबैंड

टी-शर्ट एक खूबसूरत हेडबैंड भी साबित हो सकता है। इसके लिए आप टी-शर्ट की पतली स्ट्रिप काटें और फिर उससे ब्रेड तैयार करके एक हेडबैंड बना सकते हैं। आप चाहें तो डिफरेंट कलर की स्ट्रिप लेकर उससे एक मल्टीकलर हेडबैंड भी तैयार कर सकते हैं।

❖ **मिताली जैन**

गुरु नानक देव जी वह 10 शिक्षाएं जो हर किसी का जीवन संवार देती हैं

गुरु नानक जी की शिक्षा का मूल निचोड़ यही है कि परमात्मा एक, अनन्त, सर्वशक्तिमान और सत्य है। वह सर्वत्र व्याप्त है। मूर्ति-पूजा आदि निरर्थक है। नाम-स्मरण सर्वोपरि तत्त्व है और नाम गुरु के द्वारा ही प्राप्त होता है। गुरु नानक देवजी सिखों के पहले गुरु थे। अंधविश्वास और आडंबरों के कट्टर विरोधी गुरु नानक का प्रकाश उत्सव (जन्मदिन) कार्तिक पूर्णिमा को मनाया जाता है हालांकि उनका जन्म 15 अप्रैल 1469 को हुआ था। पंजाब के तलवंडी नामक स्थान में एक किसान के घर जन्मे नानक के मस्तक पर शुरू से ही तेज आभा थी। तलवंडी जोकि पाकिस्तान के लाहौर से 30 मील पश्चिम में स्थित है, गुरु नानक का नाम साथ जुड़ने के बाद आगे चलकर ननकाना कहलाया। गुरु नानक के प्रकाश उत्सव पर प्रति वर्ष भारत से सिख श्रद्धालुओं का जत्था ननकाना साहिब जाकर वहां अरदास करता है।



गुरुनानक बचपन से ही गंभीर प्रवृत्ति के थे। बाल्यकाल में जब उनके अन्य साथी खेल कूद में व्यस्त होते थे तो वह अपने नेत्र बंद कर चिंतन मनन में खो जाते थे। यह देख उनके पिता कालू एवं माता तृप्ता चिंतित रहते थे। उनके पिता ने पंडित हरदयाल के पास उन्हें शिक्षा ग्रहण करने के लिए भेजा लेकिन पंडितजी बालक नानक के प्रश्नों पर निरुत्तर हो जाते थे और उनके ज्ञान को देखकर समझ गए कि नानक को स्वयं ईश्वर ने पढ़ाकर संसार में भेजा है। नानक को मौलवी कुतुबुद्दीन के पास पढ़ने के लिए भेजा गया लेकिन वह भी नानक के प्रश्नों से निरुत्तर हो गए। नानक ने घर बार छोड़ बहुत दूर दूर के देशों में भ्रमण किया जिससे उपासना का सामान्य स्वरूप स्थिर करने में उन्हें बड़ी सहायता मिली। अंत में कबीरदास की 'निर्गुण उपासना' का प्रचार उन्होंने पंजाब में आरंभ किया और वे सिख संप्रदाय के आदिगुरु हुए।
सन 1485 में नानक का विवाह बटाला निवासी कन्या सुलक्खनी से हुआ। उनके दो पुत्र श्रीचन्द और लक्ष्मीचन्द थे। गुरु नानक के पिता ने उन्हें कृषि, व्यापार आदि में लगाना चाहा किन्तु यह सारे प्रयास नाकाम साबित हुए। उनके पिता ने उन्हें घोड़ों का व्यापार करने के लिए जो राशि दी, नानक ने उसे साधु सेवा में लगा दिया। कुछ समय बाद नानक अपने बहनोई के पास सुल्तानपुर चले गये। वहां वे सुल्तानपुर के गवर्नर दौलत खां के यहां मादी रख लिये गये। नानक अपना काम पूरी ईमानदारी के साथ करते थे और जो भी आय होती थी उसका ज्यादातर हिस्सा साधुओं और गरीबों को दे देते थे।
सिख ग्रंथों के अनुसार, गुरु नानक नित्य प्रातः बेई नदी में स्नान करने जाया करते थे। एक दिन वे स्नान करने के पश्चात वन में अन्तर्ध्यान हो गये। उस समय उन्हें परमात्मा का साक्षात्कार हुआ। परमात्मा ने उन्हें अमृत पिलाया और कहा- मैं सदैव तुम्हारे साथ हूं, जो तुम्हारे सम्पर्क में आयेंगे वे भी आनन्दित होंगे। जाओ दान दो, उपासना करो, स्वयं नाम लो और दूसरों से भी नाम स्मरण कराओ। इस घटना के पश्चात वे अपने परिवार का भार अपने श्वसुर को सौंपकर विचरण करने निकल पड़े और धर्म का प्रचार करने लगे। उन्हें देश के विभिन्न हिस्सों के साथ ही विदेशों की भी यात्राएं कीं और जन सेवा का उपदेश दिया। बाद में वे करतारपुर में बस गये और 1521 ई. से 1539 ई. तक वहीं रहे।
गुरु नानक देवजी ने जात-पांत को समाप्त करने और सभी को समान दृष्टि से देखने की दिशा में कदम उठाते हुए 'लंगर' की प्रथा शुरू की थी। लंगर में सब छोटे-बड़े, अमीर-गरीब एक ही पंक्ति में बैठकर भोजन करते हैं। आज भी गुरुद्वारों में उसी लंगर की व्यवस्था चल रही है, जहां हर समय हर किसी को भोजन उपलब्ध होता है। इस में सेवा और भक्ति का भाव मुख्य होता है। नानक देवजी का जन्मदिन गुरु पूर्व के रूप में मनाया जाता है। तीन दिन पहले से ही प्रभात फेरियां निकाली जाती हैं। जगह-जगह भक्त लोग पानी और शरबत आदि की व्यवस्था करते हैं। गुरु नानक जी का निधन सन 1539 ई. में हुआ। इन्होंने गुरुगद्दी का भार गुरु अंगददेव (बाबा लहना) को सौंप दिया और स्वयं करतारपुर में 'ज्योति' में लीन हो गए।
गुरु नानक जी की शिक्षा का मूल निचोड़ यही है कि परमात्मा एक, अनन्त, सर्वशक्तिमान और सत्य है। वह सर्वत्र व्याप्त है। मूर्ति-पूजा आदि निरर्थक है। नाम-स्मरण सर्वोपरि तत्त्व है और नाम गुरु के द्वारा ही प्राप्त होता है। गुरु नानक की वाणी भक्ति, ज्ञान और वैराग्य से ओत-प्रोत है। उन्होंने अपने अनुयायियों को जीवन की दस शिक्षाएं दीं जो इस प्रकार हैं-
ईश्वर एक है।
सदैव एक ही ईश्वर की उपासना करो।
ईश्वर सब जगह और प्राणी मात्र में मौजूद है।
ईश्वर की भक्ति करने वालों को किसी का भय नहीं रहता।
ईमानदारी से और मेहनत कर के उदरपूर्ति करनी चाहिए।
बुरा कार्य करने के बारे में न सोचें और न किसी को सताएं।
सदैव प्रसन्न रहना चाहिए। ईश्वर से सदा अपने लिए क्षमा मांगनी चाहिए।
मेहनत और ईमानदारी की कमाई में से जरूरतमंद को भी कुछ देना चाहिए।
सभी स्त्री और पुरुष बराबर हैं।
भोजन शरीर को जिंदा रखने के लिए जरूरी है पर लोभ-लालच व संग्रहवृत्ति बुरी है।

❖ **शुभा दुबे**

इस तरह बनायें खाना, मिलेंगे सभी पोषक तत्व

अक्सर लोग खाना बनाते समय उसका छिलका उतार देते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि सब्जी के अधिकतर पोषक तत्व उसके छिलके में ही मौजूद होते हैं। इसलिए जहां तक संभव हो, सब्जी को छिलके के साथ ही पकाएं। आहार ही जीवन का आधार है। हम जो कुछ भी खाते हैं, उसका व्यापक प्रभाव व्यक्ति के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। इसलिए अक्सर लोग हेल्दी रहने के लिए तरह-तरह के फल व सब्जियों को डाइट में शामिल करते हैं। यह विटामिन्स और मिनरल्स सहित कई तरह के पोषक तत्वों का स्त्रोत है। लेकिन क्या आपको पता है कि अगर हेल्दी फूड को भी सही तरह से पकाकर ना खाया जाए तो इससे खाने के पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं।

छिलके के साथ ही पकाएं : अक्सर लोग खाना बनाते समय उसका छिलका उतार देते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि सब्जी के अधिकतर पोषक तत्व उसके छिलके में ही मौजूद होते हैं। इसलिए जहां तक संभव हो, सब्जी को छिलके के साथ ही पकाएं। हालांकि, आप इसे पकाने से पहले अच्छी तरह धोना ना भूलें।
ओवरकुकिंग से बचें : जब आप खाना पका रहे हैं तो आपको इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि आप ओवरकुकिंग से बचें। कुछ लोग खाने को देर तक पकाते हैं, जबकि ऐसा करना सिर्फ घातक ही है। इससे आहार के पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं और अतिरिक्त गैस भी खर्च होती है। इसलिए अपने फूड को ओवरकुक ना करें।
बहुत अधिक पानी का ना करें इस्तेमाल : यह भी एक महत्वपूर्ण पहलू है, जिस पर ध्यान दिया जाना चाहिए। कुछ लोग खाना बनाते समय बहुत अधिक पानी का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन ऐसा करने से सब्जियों के अधिकतर पोषत तत्व नष्ट हो जाते हैं। दरअसल, जब आप अधिक पानी में कुकिंग करते हैं तो अतिरिक्त पानी को अब्जॉर्ब करने के लिए ओवरकुकिंग करनी पड़ती है। इसके अलावा, पानी के साथ ही कई विटामिन व मिनरल्स वाष्पित हो जाते हैं। इसलिए, आप कम से कम पानी में खाना पकाएं।
स्टीमिंग तरीके को अपनाएं : यूं तो खाना पकाने के कई तरीके हैं, लेकिन अगर आप अपनी सब्जियों के पोषक तत्व को बरकरार रखना चाहते हैं तो ऐसे में स्टीमिंग तरीका अपनाना सबसे अच्छा माना जाता है। कुछ लोग टेस्ट के चक्कर में फ्राइड फूड का सेवन करते हैं लेकिन इससे सेहत पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।

आज का राशिफल

मेष राशि : घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। माता से धन की प्राप्त हो सकती है। सेहत का ध्यान रखें। सम्पत्ति का विस्तार हो सकता है। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

वृष राशि : नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। मन प्रसन्न रहेगा।

मिथुन राशि : नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

कर्क राशि : नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। आय में वृद्धि होगी, परन्तु सेहत का ध्यान रखें। संगीत में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों पर भी ध्यान दें।

सिंह राशि : घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मनःस्थिति रहेगी।

कन्या राशि : परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

तुला राशि : मन परेशान भी हो सकता है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों से संबंधों में कटुता का भाव आ सकता है।

वृश्चिक राशि : बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। आय के नए स्त्रोत विकसित होंगे।

धनु राशि : व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। कारोबार के लिए विदेश यात्रा पर जा सकते हैं। लाभ के अवसर मिलेंगे। मित्रों का सहयोग भी मिलेगा।

मकर राशि : वाणी में सौम्यता रहेगी। कारोबार में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय हो सकता है।

कुंभ राशि : आत्मसंयत रहें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। सन्तान की ओर से कोई सुखद समाचार मिल सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

मीन राशि : मन परेशान भी रहेगा। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ सकती है। किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। परिवार की जिम्मेदारियों में बढ़ोतरी होगी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट



Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

न्यूज गैलरी

विस्थापित लोगों की बस्ती पर सीरियाई सेना की गोलाबारी, छह की मौत

सीरिया (एजेंसी)। विस्थापित परिवारों की बस्ती पर रविवार सुबह सीरियाई सेना की गोलीबारी में छह से अधिक लोगों की मौत हो गई और एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए हैं। इस बस्ती में विद्रोहियों के कब्जे वाले उत्तर-पश्चिमी इलाके में संघर्ष के कारण विस्थापित हुए परिवार रह रहे थे। रूस और तुर्की के बीच मार्च, 2020 में हुए संघर्ष विराम समझौते के उल्लंघन की यह ताजा घटना है। इदलिब सीरिया में विद्रोहियों का अंतिम प्रमुख गढ़ है। इस समझौते का पिछले दो वर्षों में बार-बार उल्लंघन हुआ है, जिसमें सैकड़ों लोग अब तक हताहत हुए हैं। हालांकि, अन्य रिपोर्ट में कहा गया है कि छह लोगों की मौत हुई है और 30 से अधिक लोग घायल हुए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक सीरियाई सेना ने अल-कायदा से जुड़े इदलिब में सबसे मजबूत चरमपंथी गुट हयात तहरीर अल-शाम समूह के ठिकानों पर गोलाबारी की। सीरिया के युद्धक विमानों ने भी हमला किया।

हिंदी साहित्य में आलोचना के शिखर पुरुष मैनेजर पाण्डेय का निधन

नयी दिल्ली (एजेंसी)। हिंदी साहित्य जगत के गंभीर और विचारोत्तेजक आलोचनात्मक लेखन के लिए ख्यात वयोवृद्ध वरिष्ठ लेखक मैनेजर पाण्डेय का निधन हो गया। उन्होंने दिल्ली में अपने आवास पर रविवार सुबह अंतिम सांस ली। यह जानकारी वरिष्ठ साहित्यकर कौशल किशोर ने उनकी पुत्री रेखा पाण्डेय की साझा की गई सूचना के हवाले से दी। राजकमल प्रकाशन समूह के संपादक सत्यानंद निरूपम, प्रसिद्ध लेखक ऋषिकेश सुलभ और कहानीकार सिनीवाली शर्मा आदि ने 81 वर्षीय मैनेजर पाण्डेय के निधन पर गहरी शोक संवेदना जताई है। मैनेजर पाण्डेय का जन्म 23 सितंबर, 1941 को बिहार के गोपालगंज जिले के लोहटी में हुआ था। वे हिंदी में मार्क्सवादी आलोचना के प्रमुख हस्ताक्षरों में से एक हैं। उनकी उच्च शिक्षा काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में हुई। वहां से उन्होंने एमए और पीएचडी की उपाधि प्राप्त कीं। उन्होंने बरेली कॉलेज और जोधपुर विश्वविद्यालय में अध्यापन किया। इसके बाद जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में हिन्दी के प्रोफेसर और जेएनयू में भारतीय भाषा केन्द्र के अध्यक्ष भी रहे।

हिप्र में भाजपा के चुनाव दृष्टि पत्र में हर वर्गों का रखा गया ख्याल, लड़कियों के लिए बड़ी घोषणा

हिमाचल प्रदेश में लोगों के विकास के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं लॉन्च की जायेगी : नड्डा

शिमला (एजेंसी)। हिमाचल विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने रविवार को अपना दृष्टि पत्र जारी कर दिया। इसमें हर वर्ग का ख्याल रखा गया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने दृष्टि पत्र जारी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर सहित प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। दृष्टि पत्र में छात्राओं, महिलाओं और युवाओं के लिए बड़ी घोषणा की गई है। कर्मचारियों के ओल्ड पेंशन स्कीम बहाली को लेकर कोई घोषणा तो नहीं हुई है, लेकिन इसका समाधान निकालने की बात कही गई है।

दृष्टि पत्र में स्कूल जाने वाली बेटियों को साइकिल और कालेज छात्रों को स्कूटी देने का वादा किया गया है। इससे आठ लाख स्कूली बेटियों को सुविधा मिलेगी। इस योजना पर 500 करोड़ रुपये खर्च होगा। इसके अलावा महिलाओं को होम स्टे सहित अन्य उद्यम शुरू करने के लिए ब्याज मुक्त लोन देने के लिए 500 करोड़ रुपए का कॉर्प्स फंड बनाया जाएगा। इसी तरह युवाओं के लिए हिम स्टार्टअप योजना शुरू की जाएगी। दृष्टि पत्र में प्रदेश में पांच नये मेडिकल कालेज खोलने, आठ लाख लोगों को रोजगार देने, सभी गांवों को पीएम सड़क योजना से जोड़ने, धार्मिक पर्यटन स्थलों को सड़क सुविधा से जोड़ने, सेब कार्टन पर 12 फीसदी से अधिक जीएसटी को सरकार द्वारा वहन करने, सरकारी नौकरी में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने, 12 जिलों में बालिका छात्रावासों का निर्माण करने, हिम केयर कार्ड से कवर न होने वाली बीमारियों के इलाज के लिए महिलाओं को स्त्री शक्ति कार्ड देने, 12वीं कक्षा में 5000 रैंक वाले छात्राओं को 2500 रुपये प्रतिमाह की छात्रवृत्ति देने, गरीब परिवार की 30 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को अटल पेंशन योजना में शामिल करने, देवी अन्नपूर्णा योजना से गरीब महिलाओं को 3 फ्री रसोई गैस सिलेंडर देने, सीएम शगुन योजना में बीपीएल परिवारों को 31 हजार की जगहर 51 हजार रुपये देने, माता और नवजात की देखभाल के लिए महिलाओं को 25000 रुपये की राशि देने, और महिलाओं को होमस्टे चलाने के लिए ब्याज मुक्त ऋण देने की घोषणाएं की गई है।

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में विकास के नाम पर कई कल्याणकारी योजनाएं लॉन्च की जाएगी। महिलाओं के लिए विशेषतौर से कई योजनाएं चलाई जाएंगी। महिला सशक्तिकरण पर 11 योजनाएं शुरू की जाएंगी। नड्डा ने कहा कि हमने जो कहा था वो तो किया ही, मगर हमने जो नहीं कहा था उसे भी पूरा किया। विकास के एक नए आयाम को हमने स्थापित किया है। बुलंद इरादों के साथ हिमाचल की जनता की सेवा की गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा के इस संकल्प पत्र में 11 वचन हैं।

दृष्टि पत्र समिति के संयोजक डाक्टर सिकंदर ने बताया कि दृष्टि पत्र के लिए हर वर्ग के किसान, बागवान, महिला, युवा, सैनिक सभी वर्गों के सुझाव आनलाइन व ऑफलाइन मिलें हैं। इस तरह कुल 25 हजार से ज्यादा सुझाव मिले हैं। इन सभी सुझावों को संकलित व अवलोकन के बाद अहम सुझावों को इस दृष्टि पत्र में समाहित किया गया है।

कल दोपहर में लगेगा चन्द्र ग्रहण भारत में शाम को देगा दिखाई

नयी दिल्ली (एजेंसी)। आगामी 8 नवम्बर (17 कार्तिक, शक संवत 1944) को पूर्ण चंद्र ग्रहण लगेगा। चंद्रोदय के समय ग्रहण भारत के सभी स्थानों से दिखाई देगा। हालांकि ग्रहण की आंशिक एवं पूर्णावस्था का आरम्भ भारत के किसी भी स्थान से दिखाई नहीं देगा क्योंकि यह घटना भारत में चंद्रोदय के पहले ही प्रारम्भ हो चुकी होगी। भारत में मंगलवार शाम को दिखेगा। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अनुसार ग्रहण की पूर्णावस्था एवं आंशिक अवस्था दोनों ही का अंत देश के पूर्वी हिस्सों से दिखाई देगा। देश के बाकी हिस्सों से आंशिक अवस्था का केवल अंत ही दिखाई देगा। ग्रहण दक्षिण अमरीका, उत्तर अमरीका, ऑस्ट्रेलिया, एशिया, उत्तर अटलांटिक महासागर तथा प्रशांत महासागर के क्षेत्रों में दिखाई देगा।

ग्रहण भारतीय समयानुसार दोपहर 2.39 बजे पर प्रारम्भ होगा जिसकी पूर्णाव 3.46 बजे पर प्रारम्भ होगी। ग्रहण की पूर्णावस्था का अंत शाम 5.12 बजे पर होगा तथा आंशिक अवस्था का अंत 6.19 बजे पर होगा। देश के पूर्वी भाग में स्थित शहरों यथा कोलकाता एवं गुवाहाटी में चंद्रोदय के समय ग्रहण की पूर्णावस्था चल रही होगी। कोलकाता में चंद्रोदय के समय से लेकर पूर्णावस्था के अंत तक की अवधि 20 मिनट की होगी तथा चंद्रोदय के समय से लेकर ग्रहण की आंशिक अवस्था के अंत तक की अवधि 1 घंटा 27 मिनट की होगी। गुवाहाटी में चंद्रोदय के समय से लेकर पूर्णावस्था के अंत तक की अवधि 38 मिनट की होगी जबकि वहां चंद्रोदय के समय से लेकर ग्रहण की आंशिक अवस्था के अंत तक की अवधि 1 घंटा 45 मिनट की होगी।

अन्य शहरों दिल्ली, मुम्बई, चेन्नै एवं बंगलुरू में पूर्णावस्था के अंत के उपरांत चंद्रोदय होगा एवं उस समय आंशिक ग्रहण चल रहा होगा तथा उपर्युक्त शहरों में चंद्रोदय के समय से लेकर ग्रहण की आंशिक अवस्था के अंत तक की अवधि क्रमशः 50 मिनट, 18 मिनट, 40 मिनट एवं 29 मिनट तक की होगी। भारत में दिखाई देना वाला अगला चंद्र ग्रहण आंशिक होगा और यह अगले साल 28 अक्टूबर को घटित होगा। भारत में पिछला चंद्र ग्रहण 19 नवम्बर 2021 को घटित हुआ था जो कि आंशिक चंद्र ग्रहण था। चंद्र ग्रहण पूर्णिमा के दिन पृथ्वी के सूर्य एवं चंद्रमा के बीच आने पर घटित होता है। पूर्ण चंद्र ग्रहण तब घटित होता है जब चंद्रमा पूर्णतया पृथ्वी की छाया से ढक जाता है।

संयुक्त राष्ट्र में रूस के खिलाफ 52 देशों ने किया मतदान, भारत ने पक्ष में डाला वोट

न्यूयार्क (एजेंसी)। संयुक्त राष्ट्र महासभा में रूस के प्रस्ता 'नाजीवाद के महिमामंडन का मुकाबला' रिकॉर्ड वोटिंग के बाद बहुमत से पास हुआ और समिति ने मसौदे को औपचारिक मंजूरी दे दी है। मसौदे के समर्थन में 105 ने पक्ष में, 52 ने विपक्ष में वोट दिया। जबकि, 15 सदस्यों ने मतदान से परहेज किया। मतदान में भारत ने रूस के समर्थन में वोटिंग की। संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में समिति ने कुल आठ मसौदों को हरी झंडी दिखाई। रूस की ओर से लाए गए मसौदे में स्वदेशी लोगों के अधिकारों, डिजिटल युग में

गोपनीयता, नाजीवाद के महिमामंडन की निंदा शामिल है।

इस मौके पर भारतीय प्रतिनिधि ने कहा कि यह इस समझ के साथ संकल्प पर आम सहमति से जुड़ता है क्योंकि स्वदेशी लोगों की अवधारणा देश के संदर्भ में लागू नहीं है। रूस द्वारा लाए गए मसौ के समर्थन में 105 ने पक्ष में मतदान किया, 52 ने विपक्ष में जबकि 15 सदस्यों ने वोटिंग से परहेज किया। समिति ने शुक्रवार को आठ मसौदे पारित किए। जिसमें मानवाधिकार के कई मुद्दे जिसमें साक्षरता से जुड़ा अधिकार और यौन शोषण से बच्चों की सुरक्षा से लेकर अपराध की रोकथाम और आपराधिक न्याय के मामलों आदि शामिल हैं।

मसौदा प्रस्ताव में नाजी आंदोलन, नव-नाजीवाद और वेफेन एसएस संगठन के पूर्व सदस्यों, स्मारकों को खड़ा करने और नाजी अतीत को महिमामंडित करने के लिए सार्वजनिक प्रदर्शनों को शामिल करने के बारे में समिति ने गहरी चिंता व्यक्त की थी। संयुक्त राष्ट्र ने अपने बयान में कहा कि रूसी संघ के प्रतिनिधि ने जातिवाद और जेनोफोबिक बयानबाजी में वृद्धि पर चिंता व्यक्त की और इस्लामोफोबिया, एफ्रोफोबिया और विरोधीवाद के खिलाफ प्रवासियों और शरणार्थियों को निर्वासित करने का आह्वान किया।

कश्मीर में बदला मौसम: गुलमर्ग समेत ऊंची पहाड़ियां बर्फ से ढकीं

जम्मू-कश्मीर (एजेंसी)। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग सहित कश्मीर घाटी के ऊपरी चोटियों में ताजा बर्फबारी हुई है, जबकि मैदानी इलाकों में बारिश के कारण दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले को जम्मू क्षेत्र के पुंछ और राजौरी जिलों से जोड़ने वाली मुगल सड़क रविवार को बंद हो गई। श्रीनगर के मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान जम्मू-कश्मीर में हल्की से मध्यम बारिश, हिमपात और अगले दो दिनों में वर्षा में कमी आ सकती है। दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले को जम्मू क्षेत्र के पुंछ और राजौरी जिलों से जोड़ने वाली पारंपरिक मुगल रोड को आज पीर की गली में हुई ताजा बर्फबारी के बाद वाहनों के आवागमन के लिए बंद कर दिया गया है। केन्द्रशासित प्रदेश लद्दाख को जोड़ने

वाली श्रीनगर-सोनमर्ग-गुमरी सड़क भी आज जोजिला दर्रे पर बर्फबारी के कारण बंद कर दिया गया। यातायात पुलिस ने ट्वीट किया कि श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात नियमित रूप से चल रहा है। उत्तरी कश्मीर के प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में हल्की बफबारी होने से पर्यटक बर्फ का लुत्फ उठाते दिखे। गुलमर्ग कश्मीर का सबसे ठंडा स्थान रहा जहां रविवार को न्यूनतम तापमान शून्य से 3.6 डिग्री सेल्सियस नीचे चला गया और इस दौरान 16.8 मिमी बारिश भी हुई। जम्मू-कश्मीर के अधिकांश हिस्सों में रात और सुबह के समय मध्यम बारिश हुई है। स्वतंत्र मौसम वेधशाला के फैजान आरिफ ने बताया कि आज ज्यादातर बादल छाए रहने का अनुमान है और कुछ स्थानों पर हल्की, मध्यम बारिश हो सकती है। उन्होंने कहा कि मैदानी इलाकों में बारिश होने का अनुमान जताया गया है।

तंजानिया की विक्टोरिया झील में गिरा यात्री विमान, 23 लोगों को बचाया गया

डोडोमा (एजेंसी)। तंजानिया में उतरने की कोशिश करते समय प्रेसिजन एयर विमान विक्टोरिया झील में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यात्री विमान से अभी तक 23 लोगों को बचाया गया है। इस विमान में 49 यात्री सवार थे। तंजानिया की पुलिस ने बताया कि खराब मौसम की वजह से रविवार तड़के निजी कंपनी प्रेसिजन एयर का विमान कागेरा क्षेत्र के बुकोबा में विक्टोरिया झील में गिर गया। यह हादसा

उत्तर पश्चिमी शहर बुकोबा में लैंडिंग के समय हुआ। विमान में सवार 49 यात्रियों में से अभी तक 23 लोगों को बचाया गया है। झील में कई लोगों के डूबे होने की बात सामने आई है। विमान के झील में डूबने और राहत बचाव का वीडियो और तस्वीरें सामने आ रही है। क्षेत्रीय पुलिस कमांडर विलियम म्वामपाघले के मुताबिक यह दुर्घटना हवाई अड्डे से लगभग 100 मीटर की दूरी पर हुई है। विमान ने तंजानिया की वित्तीय राजधानी दार एस सलाम से झील के किनारे स्थित बुकोबा शहर के लिए 49 यात्रियों के साथ उड़ान भरी थी।

मोबाइल पर खूब बातें करती हैं बिहार की महिलाएं, इंटरनेट यूज करने की रेस में सबसे पीछे

पटना (एजेंसी)। बेरोजगारी, गरीबी और विकास के मामले में बिहार भले ही अन्य राज्यों से पिछड़ा हो लेकिन यहां की महिलाएं मोबाइल का खूब इस्तेमाल करती हैं। जी हां, एक सर्वे में इस बात का खुलासा हुआ है। महिलाओं द्वारा मोबाइल फोन के उपयोग करने के मामले में बिहार देश के कई राज्यों से आगे है। हालांकि, इंटरनेट यूज करने के मामले में बिहार की महिलाएं सबसे पीछे हैं।

51.4 प्रतिशत महिलाएं करती है मोबाइल का उपयोग

महिलाओं द्वारा मोबाइल का प्रयोग	महिलाओं द्वारा इंटरनेट का प्रयोग
बिहार- 51.4प्रतिशत	बिहार- 20.6 प्रतिशत
उत्तर प्रदेश- 46.5प्रतिशत	उत्तर प्रदेश-30.6प्रतिशत
झारखंड- 49.0प्रतिशत	झारखंड-31.4प्रतिशत
बंगाल- 50.1 प्रतिशत	बंगाल- 25.5प्रतिशत

सर्व के अनुसार, बिहार की 51.4 प्रतिशत महिलाएं मोबाइल का उपयोग करती हैं। इसके बाद ओडिशा में 50.1 प्रतिशत, झारखंड में 49.0 प्रतिशत और उत्तर प्रदेश में 46.5प्रतिशत महिलाएं मोबाइल फोन का यूज करती हैं। हालांकि, देश में सबसे अधिक गोवा की 91.2 प्रतिशत महिलाएं और सबसे कम मध्यप्रदेश की 38.5 प्रतिशत महिलाएं मोबाइल का उपयोग करती हैं।

इंटरनेट यूज करने में सबसे पीछे वहीं अगर इंटरनेट यूज की बात करें तो इस मामले में बिहार की महिलाएं सबसे पीछे हैं। महिलाओं द्वारा इंटरनेट के उपयोग का राष्ट्रीय औसत 33 प्रतिशत है। शहरी क्षेत्र की 51.8 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्र की 24.6 प्रतिशत महिलाएं इंटरनेट का यूज करती हैं। वहीं बिहार की सिर्फ 20.6 प्रतिशत महिलाएं ही इंटरनेट का उपयोग करती हैं। बता दें कि टेलीडेंसिटी (दूरसंचार घनत्व) के मामले में बिहार देश में सबसे निचले पायदान पर है, जबकि दिल्ली पूरे देश में टॉप पर है।

न्यूज गैलरी

रांची में जयपाल जूलीयुस हन्ना साहित्य पुरस्कार समारोह का हुआ आयोजन

रांची । विश्व आदिवासी दिवस को लेकर रांची में कार्यक्रमों की शुरूआत हो गई है। झारखंडी भाषा - साहित्य संस्कृति अखरा की ओर से रांची प्रेस क्लब सभागार में रविवार को बहुभाषाई आदिवासी देशज काव्यपाठ और जयपाल जूलीयुस हन्ना साहित्य पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान यहाँ आदिवासी और देशज साहित्यो की प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। काव्यपाठ और साहित्य पुरस्कार समारोह के दौरान आदिवासी और देशज भाषाओं के कवियों ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित जम्मू कश्मीर के साहित्यकार जान मुहम्मद हकीम ने कार्यक्रम की तारीफ की और कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से साहित्यकारों में ऊर्जा का संचार होगा। मुख्य अतिथि ने आगे कहा कि आजादी के पचहत्तर वर्षों बाद भी आदिवासी और देशज साहित्य का अपेक्षाकृत विकास नहीं हो पाया है और इस दिशा में अभी भी काफी कुछ करने की जरुरत है। अपनी रचना के लिए पुरस्कार पाने वाले अरुणाचल प्रदेश के रेमोन लॉन्गकू ने कहा कि वे यहाँ से लौटकर वे पुर्वोत्तर में साहित्य को और आगे बढ़ाने की दिशा में काम करेंगे।

हरमू मैदान में हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपो का हुआ उद्घाटन

रांची। रांची के हरमू मैदान में हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपो का शुभारंभ हो गया है। रविवार को राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने एक्सपो में भ्रमण किया। यह एक्सपो 21 नवंबर तक चलेगा। यहां रोजाना सुबह 11 से रात 9 बजे तक लोग खरीदारी के लिए पहुंच सकते हैं। इस मेले में कुल 150 स्टाल लगे हैं, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों के हस्तशिल्प, कुशल कारीगरों द्वारा बनाये गए हैंडलूम्स हेंडीक्राफ्ट के सामान उपलब्ध हैं। इसमें इलेक्ट्रॉनिक्स और हाउसहोल्ड प्रोडक्ट्स भी शामिल हैं। इसके अलावा फूड स्टॉल की भी व्यवस्था की गयी है। वहीं, बच्चों के लिए झूलों की भी व्यवस्था है। मेले के आयोजक राजेंद्र चौधरी, रोहित चौरसिया, संजीव गोड़किया और विकास जायसवाल ने संयुक्त रूप से बताया कि यहां बनारसी साड़ी, लखनवी चिकन, बंधेज सूट एवं साड़ी, पंजाबी जूती, कश्मीरी शॉल और ड्रेस मटेरियल से लेकर कश्मीरी ड्राई फ्रूट्स, आर्टिफिशियल ज्वेलरी व झारखंड खादी एवं ग्रामोधोग बोर्ड के खादी वस्त्र उपलब्ध हैं।

होली ट्रिनीटी चर्च में धूमधाम से मना वर्ल्ड संडे स्कूल डे

रांची। होली ट्रिनीट चर्च, कडरू पेरिश में रविवार को वर्ल्ड संडे स्कूल डे धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि रीता डेविड ने बच्चों को मुख्य विषय- हमारा प्रभु यीशु बुद्धि और ढील ढौल में परमेश्वर और मनुष्य के अनुग्रह में बढ़ता गया, पर अपने विचार रखे। इस दौरान संडे स्कूल के बच्चों ने धार्मिक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत प्रातःकालीन रविवारीय आराधना के साथ हुई। विशिष्ट अतिथि रेव्ह शामवेल भुईया ने विन्रमता पर प्रकाश डाले हुए कहा कि जब तक हम नम्र नहीं बनेंगे। तब तक हमारी प्रार्थना नहीं सुनी जाएगी। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने पेंटिंग व डांस सहित अन्य प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर संडे स्कूल अधीक्षक तूरतन केरकेट्टा, पेरिश पुरोहित एस डेविड, सचिव प्रवीण तिर्की, कोषाध्यक्ष हिरण कुजूर, रेव्ह केएम फिलीप, डॉ अनुज कुमार तिग्गा सहित अन्य मौजूद थे।

रिंगरोड फायरिंग मामले में पुलिस को मिले अहम सुराग, छापेमारी जारी

कांके। थाना क्षेत्र के सुकुरहुट्टू रिंग रोड आईटीबीपी पंजाबी ढाबा के पास हटिया निवासी भारतीय मजदूर ट्रेड यूनियन काउंसिल के अध्यक्ष विश्वजीत कुमार सिंह को अपराधियों ने गोली मारी थी। घटना शनिवार की शाम लगभग सात बजे की है। गोलीकांड में विश्वजीत बाल बाल बच गए। उन्होंने थाना में दिए बयान में बताया है कि वह बुकुरू स्थित अपने रेस्टोरेंट (स्पाइसी रेस्टोरेंट) रिंग रोड से होते हुए घर लौट रहे थे। वहीं पीछा कर रहे बाइक और स्कूटी सवार चार अपराधी कार के बगल में पहुंचे, विश्वजीत अपना परिचित समझकर कार की गति धीमी कर दी। उसी समय एक ने गोली फायर कर दी, इससे कार का शीशा टूट गया और उसे हल्की चोट लगी। पुलिस ने जांच कर बताया कि कार में अपराधियों ने 8 एमएम की पिस्तौल से गोली चलाई है। कांके पुलिस घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी से अपराधियों की पहचान में जुटी है। फायरिंग मामले में पुलिस को अहम सुराग मिले हैं।

कैंसर लाइलाज नहीं, इससे लड़ने की जरूरत : डीआईजी

नवीन मेल संवाददाता

रांची। डीआईजी अनीश गुप्ता ने कहा कि कैंसर लाइलाज नहीं है। इसका इलाज संभव है लेकिन, इससे लड़ाई जरूरी है। अगर समय रहते हम इसका पता लगा लें और बेहतर इलाज कराएं, तो कैंसर को हराया जा सकता है। राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस की पूर्व भगवान महावीर मेडिका सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा रविवार को मोरहाबादी मैदान में वॉकथॉन में संबोधित कर रहे थे। विशिष्ट अतिथि एसएसपी किशोर कौशल ने कहा कि कैंसर के प्रति जागरुक रहने की आवश्यकता है। मेडिकल डायरेक्टर डॉ विजय मिश्रा ने कहा कि अब रांची में ही कैंसर का बेहतरीन इलाज संभव है। इलाज के लिए बाहर जाने की जरूरत अब नहीं है। मेडिका अस्पताल ने कैंसर रोग के नए विशेषज्ञों की टीम बनायी है, जहां सर्जिकल व मेडिकल आन्कोलॉजी के साथ कीमोथेरेपी जैसी सुविधाएँ उपलब्ध हैं। आन्कोलॉजिस्ट डॉ गुंजेश कुमार सिंह ने कहा कि पिछले एक साल में हमने हजारों मरीजों को देखा है। कैंसर का इलाज आसान हुआ है और अफोर्डेबल भी है। मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं का सहारा लेकर गरीब मरीज भी अपना इलाज करा सकते हैं। इसलिए इसका डर मन से निकाल दीजिए। इलाज कराइए और स्वस्थ रहिए। सर्जिकल ऑकोलॉजिस्ट डॉ सुरेश एम ने कहा कि दो-तीन दशक पहले तक यह आम धारणा थी कि कैंसर का मतलब है जीवन का अंत। लेकिन अब धीरे धीरे लोगों की समझ में आने लगा है कि यदि समय से इलाज हो तो कैंसर को मात दी जा सकती है। एवीपी अनिल कुमार ने कहा पिछले करीब एक साल से मेडिका अस्पताल में कैंसर के इलाज की सुविधा उपलब्ध है। मेडिका समूह बहुत जल्द ही रांची में एक नया अस्पताल शुरू करने जा रहा है, जहां सिर्फ कैंसर के मरीजों का ही इलाज होगा। कैंसर के प्रति जागरूक करने के लिए आयोजित वॉकथॉन को डीआईजी व एसएसपी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

राजस्व (हल्का) कर्मचारी पिछले 45 दिनों से हड़ताल पर

रांची । विभिन्न मांगों के समर्थन में झारखंड के राजस्व (हल्का) कर्मचारी पिछले 45 दिनों से हड़ताल पर चल रहे हैं. हालांकि, कुछ अंचलों में कुछ राजस्व कर्मी हड़ताल से अलग हो कर काम पर वापस लौट आये हैं. डेढ़ माह से कर्मचारियों की हड़ताल की वजह से अंचलों में काम-काज लगभग ठप है. खासकर जाति, आवासीय, आय प्रमाणपत्र नहीं बन पा रहा है. इस वजह युवा सबसे ज्यादा प्रभावित हैं. प्रमाण पत्रों के अभाव में किसी का किसी संस्थान में दाखिला रूका हुआ है, तो किसी का नियोजन. साथ ही दाखिल-खारिज वगैरह भी नहीं हो पा रहा है. जमीन का लगान रसीद भी नहीं कट पा रहा है. इस वजह से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की राशि भी नहीं मिल पा रही है.

तीनों प्लांट में हस्ताक्षर अभियान आज से

नवीन मेल संवाददाता

रांची। एचईसी लिमिटेड श्रमिक कर्मचारी यूनियन की बैठक रविवार को यूनियन कार्यालय में अध्यक्ष प्रकाश कुमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में एचईसी की वर्तमान स्थिति पर चर्चा हुई एचईसी के कामगारों को 8 माह से वेतन नहीं मिलने के कारण कामगारों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार को इस और कोई ध्यान नहीं देने पर चिंता व्यक्त की गई एवं सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस स्थिति का राष्ट्रपति को अवगत कराया जाए इस क्रम में सभी कामगारों को तीनों प्लांट में हस्ताक्षर अभियान करा कर राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा जाएगा आज 07/11/2022 से तीनों प्लांट में हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा एवं हमारी यूनियन के द्वारा इंजीनियर के द्वारा किए जा रहे आंदोलन को नैतिक समर्थन देगा इस बैठक में मुख्य रूप से महासचिव कृष्ण मोहन सिंह समेत रामलाल सिंह, संजय सिन्हा, मोहम्मद अलीम, दीपक कपाड़िया, सुजीत रेवानी, शेखर चौधरी, रमेश पांडे, राजेश टाइगर, अवधेश कुमार, ओम प्रकाश, सी के सिंह, प्रमोद कुमार, सामी, संजीत कुमार, अमित कुमार, मनोज कुमार, अजय कुमार, समेत काफी संख्या में कामगार उपस्थित थे।

श्री गुरुनानक देव के प्रकाश उत्सव पर्व पर की शोभायात्रा में शिव भक्तों ने लगाया शिविर

नवीन मेल संवाददाता

रांची। रविवार को श्री गुरुनानक देव के प्रकाश उत्सव पर्व पर की शोभायात्रा में श्री श्री शिव बारात आयोजन समिति, मेट्रो गली, कृष्ण नगर कॉलोनी रातु रोड के द्वारा भक्तों के लिए सेवा शिविर लगाया गया। जिसमें टोफी, बिस्कुट, आइसक्रीम, ठंडा पानी बांटा गया। हिन्दू जागरण मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष सुजीत सिंह ने कहा श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश उत्सव पर्व पुरे प्रदेशवासियों को लख-लख बधाई दी। इस सेवा शिविर में संस्थापक स्व. जगदीश बजाज, सुजीत सिंह, नवीन पपनेजा, गौरव बजाज, बीजू वर्मा, रवि अरोड़ा, राकेश अरोड़ा, नमन भारतीय, ऋषभ सिंह, शंकर किंगर, संजय अरोड़ा, रूपेश, तनेजा, संजय अग्रवाल, नवीन बर्नवाल, प्रीतम सिंह मुन्ना सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी नमन भारतीय ने दी।

झारखंड ट्राइबल डेवलोपमेन्ट सोसाइटी के आयोजन से 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम का किया आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

रांची। टीआरटीसी, चाईबासा में लोककल्याण संस्थान के द्वारा और झारखंड ट्राइबल डेवलोपमेन्ट सोसाइटी के आयोजन से 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम किया जा रहा है । रविवार को दूसरे चरण के छठे दिन अर्थात प्रशिक्षण के चौदहवें दिन झारखंड ट्राइबल डेवलपमेंट सोसाइटी के पदाधिकारी एवं भारतीय लोककल्याण संस्थान के प्रशिक्षकों ने भाग लिया। जिसमें टोंटो ब्लॉक के सिरिंगसिया (18) एवं सगरकत्ता (18) ग्राम के, 36 और खूंटपानी ब्लॉक के रोरो (20) ओर पेटापेटी (20) ग्राम के 40, कुल 76 प्रशिक्षणार्थी ने भाग लिया। प्रशिक्षण का कार्य टोंटो तथा खूटपानी ब्लॉक का दो अलग-अलग ट्रेनिंग हाल में कराया गया। प्रथम ट्रेनिंग हाल में प्रशिक्षण का कार्य मुख्य प्रशिक्षक अशोक कुमार, सहायक प्रशिक्षण चन्द्रेशवर ओझा तथा दूसरे ट्रेनिंग हाल में प्रशिक्षण का कार्य मुख्य प्रशिक्षक राकेश कुमार और सहायक प्रशिक्षण संयुक्ता देवी ने किया जिसमें आरती पात्रो, गुरूवारी पान का विशेष सहयोग रहा। मुख्य प्रशिक्षक व सहायक प्रशिक्षकों ने मधुमक्खी पालन से संबंधित विभिन्न विषयों मुख्यतः मधुमक्खी पालन से संबंधित विभिन्न विषयों मुख्यतः,पराग, रायल जेली, मधुमखियो से संबंधित रोग, उपचार ,बकछूट को पकड़ना, असली व नकली मधु की पहचान इत्यादि विषयों को व्यवहारिक व प्रयोगात्मक रूप में अध्ययन कराया गया कुछ सफल मधुपालक का परिचय व उनकी सफलता की कहानी बताया गया तथा इत्यादि विषयों को व्यवहारिक व प्रयोगात्मक रूप में अध्ययन कराया गया तथा प्रोजेक्टर लैपटॉप के द्वारा विभिन्न फोटो व वीडियो के माध्यम से आसान व विस्तृत रूप से भी सभी लाभुकों को समझाया गया तथा मधुमक्खी पालन करने को प्रेरित किया गया साथ ही साथ मानसिक व बौद्धिक विकास को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण के साथ-साथ मनोरंजन के लिए विभिन्न खेल भी कराया गया.

आदिवासियों की समस्याएं और मुद्दे एक : जान मोहम्मद हकीम

रांची। आदिवासियों की समस्या को तय कर पाना आसान नहीं है। समस्या अलग-अलग क्षेत्रों में रह रहे आदिवासियों की भिन्न-भिन्न हो सकती हैं। लेकिन इनकी समस्याएं और मुद्दे एक हैं। उक्त बातें मुख्य अतिथि जम्मू-कश्मीर गोजरी अदब के अध्यक्ष जान मोहम्मद हकीम ने कही। वे रविवार को रांची प्रेस क्लब में जयपाल-जुलियस-हन्ना साहित्य पुरस्कार समारोह में बोल रहे थे। कार्यक्रम में बहुभाषाई आदिवासी देशज काव्यपाठ भी आयोजित हुई। आयोजन प्यारा केरकेट्टा फाउंडेशन व झारखंड भाषा सांस्कृतिक अखड़ा सहित अन्य ने संयुक्त रूप से की थी। कार्यक्रम में आगे जान मोहम्मद ने कहा कि विभिन्न प्रदेशों के आदिवासी आपस में नहीं मिले हैं, परंतु उनके विषय एक ही होते हैं। वे एक-दूसरे को समझते हैं। इसके बाद परिचर्चा में अनुज लुगून ने कहा कि आदिवासी कविताओं में पूर्वजों के साथ संबंध को बताया गया है। भाषा अलग हो सकती है, लेकिन संबंध होने का दायरा सभी का एक ही होता है। सुंदर मनोज हेम्ब्रम ने कहा कि आदिवासी समाज में पहले केवल गीत था। बाद में धीरे-धीरे कविता का प्रचलन आया है। कार्यक्रम में सावित्री बड़ाईक ने भी अपने विचार रखे। मंच संचालन प्रीति रंजना डुंगडुंग ने किया। मौके पर वंदना टेटे, अश्विनी पंकज सहित प्यारा फांउडेशन की अध्यक्षत ग्लोरिया सोरेंग, दिल्ली से निर्मला तिग्गा, अरुणाचल प्रदेश से रेमोन लोंग्कू, महाराष्ट्र से सुनिल गायक्वाड़, हन्ना बोदरा के वंशज अनिल रॉबिंसन बोदरा, जयपाल सिंह मुंडा के वंशज जयंत जयपाल सहित अन्य मौजूद थे।

ओम प्रकाश लता केडीया के सौजन्य से किया 57वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का प्रसाद किया वितरण

नवीनमेल संवाददाता

रांची। एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट रांची के संस्थापक और संरक्षक श्रीश्री 1008 संत शिरोमणी स्वामी सदानंद जी महाराज के जनसेवा को समर्पित (50) स्वर्णिम (वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य मे 57वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का वितरण॥ नर सेवा नारायण सेवा॥ के कथन को पुरा कर रहे है श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट राची एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजिड्) दिल्ली शाखा राँची के सदस्य संत सदानंद महाराज के कथन अनुसार (भुखे को भोजन) खिलाने से बडा कोई भी पुण्य का कार्य नही है। ॥ अन्न दान महा दान॥ के कथन को पुरा कर रहे गुरू जी सदानंद महाराज के शिष्य संस्था के सदस्यों को श्री कृष्ण प्रणामी निःशुल्क भंडारे का वितरण करते हुए रविवार को 57 सप्ताह हो गया है। श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे में प्रत्येक रविवार को लगभग 1000 से 1500 सौ जरूरतमंद ग्रामीण, भक्तजन एवं मंदिर के आस पास के ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालु गण प्रत्येक रविवार को भंडारे के प्रसाद ग्रहण करते है। आज का भंडारा संस्था के सदस्य ओमप्रकाश लता केडीया एव उनके परिवार के सौजन्य से 57वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे में 1300 से अधिक श्रद्धालुओं ने श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर के प्रांगण में संस्था के ओमप्रकाश लता देवी केडिया उनके पुत्र निरंजन, अजय, संजय केडिया पुत्रवधू शोभा, कोमल एवं अनामिका केडिया और उनके परिवार के सौजन्य से अपने पूर्वजों की स्मृति श्री कृष्ण प्रणामी संस्था के उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, पवन पोद्दार (ताउ) ओमप्रकाश सरावगी के द्वारा वहां के जरूरतमंद ग्रामीणों एवं मंदिर के आस पास के रहने वाले श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में आये हुए भक्त प्रेमीयो, राहगीरों एवं छोटे छोटे बच्चों के बीच 57 वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का विधिवत उद्घाटन कर वितरण कार्य शुरू किया गया। आज संस्था के भजन गायक मनीष सोनी का जन्मदिवस भी प्रणामी मंदिर में भजन संकीर्तन करते हुए बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। संस्था के सदस्यों ने आज भजन कीर्तन की प्रवाह बहाई सभी श्रद्धालुओं ने भजन संकीर्तन का बहुत ही आनन्द लिया। आज संस्था के सदस्यों ने श्री राज श्यामा जी (राधा-कृष्ण) एवं गुरू महाराज की फोटो पर चंदन वंदन कर वहा उपस्थित महिला और पुरूष श्रद्धालुओं को चंदन टिका कर के भजन संकीर्तन कर मंदिर में उपस्थित ब्राह्मणों को भोजन कराकर आज की 57 वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का वितरण शुरू किया।

सतर्कता जागरुकता अभियान चलाया गया

रांची। सीएमपीडीआई की ओर से रविवार को ग्रामसभा कार्यक्रम के तहत टाटीसिलवे के टाटी पूर्वी बस्ती के ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए सतर्कता जागरुकता अभियान चलाया गया। सीएमपीडीआई के मुख्य सतर्कता अधिकारी सुमीत कुमार सिन्हा ने ग्रामीणों से केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने को कहा। वहीं, उन्होंने पंचायत के मुखिया से ग्रामीणों तक मदद पहुंचाने की अपील की। इसके अलावा सीएमपीडीआई की ओर से भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरुकता को लेकर नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया। मौके पर सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक (सतर्कता) पुष्कर, एसीबी-सीबीआई, रांची के इंस्पेक्टर एके ठाकुर एवं राजेश कुमार, मुखिया कृष्णा पाहन समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

सारा संसार सच्चे योगियों के प्रत्यक्ष होने की बाट जोह रहा है : निर्मला

नवीन मेल संवाददाता

रांची। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्थान चैधरी बगान, हरमू रोड रांची में प्रवचन करते हुए ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा मानव स्वभाव के प्रदूषण का चरम स्थिति आज उपस्थित है। विश्व और भारत में आज से पांच हजार वर्ष पूर्व के महाभारत समय के समान अराजकता पूर्ण परिवश है। लोग कहते सुने जाते है कि किसी भी समय यह संसार मटियामेट हो सकता है। हमारे ग्रंथों में भारत को भगवान की अवतार व लीला भूमि कहा गया है। स्वयं भगवान द्वारा कल्प-कल्प भारत के माध्यम से विश्व के नव सृजन का कार्य सम्पन्न हुआ करता है व ज्ञानी समुदाय ही इस परम पवित्र कार्य में सहयोगी होता है। ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सिखाये जा रहे प्राचीन राजयोग से ही जीवन ज्ञान से प्रकाशित होता है। आपने कहा सारा संसार सच्चे योगियों के प्रत्यक्ष होने की बाट जोह रहा है क्योंकि उन्हें पता है कि योगी ही उनकी मनोकामना को पूर्ण करेंगे। योगियों की षीतल छाया में ही उनकी मन की अग्नि षान्त होगी व योगी ही जग से अंधकार को दूर कर जग को प्रकाषित करेंगे। महान योगी के समक्ष पूर्व व भविष्य का श्रेष्ठ पार्ट स्पष्ट होने लगता है जिससे स्व-दर्षन चक्रधारी स्थिति बन जाती है। मानवमात्र के लिए शुभ कर्मों के बीज डालने का यही समय है। गीता में वर्णित भगवान के महावाक्यों के अनुसार कल्प अन्त के साथ ही कल्प आरंभ भी आदिपिता सृष्टि रचता ब्रह्मा द्वारा किया जाता है। विष्व रूपी यह कल्पवृक्ष पुनः योग द्वारा कायाकल्प को प्राप्त हो रहा है। योगाभ्यास करते हुए स्थितप्रज्ञ होने में ही कल्याण है। आध्यात्म का मुख्य प्रयोजन बुद्धि की साम्य अवस्था ही है व दिव्य पुरूषार्थ का लक्ष्य यही है कि हमारा मन एक ऐसी निर्मल झील जो जय-पराजय की लहरों के द्वन्द्व के मध्य एक-रस लवलीन स्मृति में आनन्द विभोर रहे।

राजनीति से प्रेरित है आईटी रेड, रांची व बेरमो आवास से मिले महज 1.45 लाख रुपये : अनूप सिंह

नवीन मेल संवाददाता

रांची। बेरमो से कांग्रेस विधायक अनूप सिंह आईटी रेड के बाद रविवार को मीडिया से मुखातिब हुए और खुलकर अपनी बातें रखी. उन्होंने साफ-साफ कहा कि उनके रांची, बेरमो और पटना आवास पर हुए इनकम टैक्स की रेड राजनीति से प्रेरित है. यह भी साफ किया कि रेड के दौरान जो यह बातें सामने आई कि मेरी प्रतिदिन की कमाई एक करोड़ रुपये है वह भी पूरी तरह से निराधार है. कहा कि रेड के दौरान मेरे रांची और बेरमो आवास से आईटी को मात्र एक लाख 45 हजार रुपये मिले हैं. यह मैं अपने मन से नहीं बल्कि जो डाक्यूमेंट्स मुझे आईटी ने दिया है उसके आधार पर कह रहा हूं. रांची से इनकम टैक्स की टीम को 91 हजार 400 रुपये और बेरमो से 54 हजार रुपये मिले हैं. उन्होंने कहा कि रेड तो परसों (शुक्रवार) ही खत्म हो गया था लेकिन आईटी के अधिकारी उनके घर पर जमे रहे. उनका कहना था कि ऊपर से जबतक आदेश नहीं आएगा नहीं जा सकते. 38 घंटे का आईटी रेड मेरे घर पर हुआ. पटना में केयरटेकर के माध्यम से रेड किया गया. आईटी अधिकारी मनीष कुमार ने जो दस्तावेज दिया उसमें उन्हें एक रिजिस्टर मिली. वह घर मेरे मां के नाम से है. रजिस्टर में उस मकान के किराये की जानकारी है. वहां से आईटी को मात्र 600 रूपया मिला. कहा कि दूसरा रेड ढोरी आवास पर हुआ जो सीसीएल का है. मेरी मां का गहना मिला जिसका वैल्यू 11 लाख 75 हजार 300 रुपये लगाया गया. छह बैंक खाते मिले. मेरी मां के एसबीआई डोरंडा शाखा में एक और एक सेंट्रल बैंक में लॉकर है जिसकी चाबी मेरी मां ने जांच अधिकारीयों को दे दी है.

पांडू के महादलित परिवार ने दिखाया आईना : दीपक प्रकाश

नवीन मेल संवाददाता

रांची। भाजपा प्रदेश अश्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि पलामू जिलांतर्गत, पांडू प्रखंड के मुरु मातु गांव से जबरन उजाड़े गए महादलित मुसहर परिवारों द्वारा मुख्यमंत्री द्वारा प्रदत्त जमीन पट्टा की वापसी की घोषणा सरकार को आईना दिखाने जैसा है। उन्होंने कहा कि दो माह पूर्व पलामू में पांडू के मुरुमातु गांव में कई पीढ़ियों से निवास कर रहे महादलित समाज के 42 मुसहर परिवार निवास को अल्पसंख्यक समुदाय के दबंगों ने उजाड़ दिया। तब सरकार तुष्टिकरण की राजनीति करती रही। उन्होंने कहा कि अपनी जमीन हर किसी को प्यारी होती है, पर हेमंत सरकार में गरीबों,दलितों की जमीन लगातार छीनी जा रही है। महादलित परिवार हर हाल में अपने पुश्तैनी गांव में ही रहना चाहता है, लेकिन यह सरकार उन्हें वोट बैंक के दबाव में विस्थापित ही रखना चाहती है। मुख्यमंत्री दूसरे गांव में बसने का पट्टा देकर यह साबित कर दिया कि राज्य सरकार दलितों की नहीं दबंगों की हितैषी है। उन्होंने कहा कि भाजपा घटना के दिन से ही दलितों के साथ खड़ी है। उन्होंने दलित परिवार द्वारा पट्टा वापस करने की घोषणा पर कहा कि महादलितों ने सरकार को आईना दिखाते हुए उनका दलित विरोधी चेहरा उजागर किया है। राज्य सरकार को शर्म आनी चाहिए। सरकार आपकी द्वार कार्यक्रम करने वाली सरकार दलितों के घर द्वार को उजाड़ने में विश्वास करती है।

◆अपनी जमीन हर किसी को प्यारी होती है, पर हेमंत सरकार में गरीबों,दलितों की जमीन लगातार छीनी जा रही है। महादलित परिवार हर हाल में अपने पुश्तैनी गांव में ही रहना चाहता है, लेकिन यह सरकार उन्हें वोट बैंक के दबाव में विस्थापित ही रखना चाहती है।

न्यूज गैलरी

हायलो ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती समाप्त

सारब्रुकन (एजेंसी)। हायलो ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट 2022 में किदांबी श्रीकांत और ट्रीसा जॉली-गायत्री गोपीचंद की हार के साथ ही भारत का सफर समाप्त हो गया है। शनिवार को श्रीकांत को पुरुष एकल वर्ग और ट्रीसा जॉली-गायत्री गोपीचंद को महिला युगल के सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा है। दुनिया में 11वें नंबर के बैडमिंटन खिलाड़ी और विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक विजेता किदांबी श्रीकांत को सारलैंडहेल इंडोर एरिना में इंडोनेशिया के वर्ल्ड नंबर 6 एंथनी गिंटिंग ने 21-18, 21-15 से हराया। इससे पहले थाईलैंड की बेन्यापा एमसार्ड और नुंतकर्ण एम्सार्ड ने महिला युगल सेमीफाइनल में ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद को 33 मिनट में 21-17, 14-21, 21-18 से हराया। लंदन ओलंपिक 2012 में कांस्य पदक जीतने वाली साइना नेहवाल और भारत के शीर्ष पुरुष एकल बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन दोनों प्रतियोगिता में पहले ही हारकर बाहर हो गए हैं। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अब ऑस्ट्रेलियन ओपन 2022 बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे, जो 15 नवंबर से शुरू हो रहा है।

बीजिंग मैराथन की वापसी चीन में महामारी नियंत्रण के लिये सख्ती जारी

बीजिंग (एजेंसी)। हजारों धावकों ने चीन की राजधानी में रविवार को हुई बीजिंग मैराथन में हिस्सा लिया जिसकी कोविड-19 महामारी के कारण दो साल बाद वापसी हुई है। चीन में हालांकि कोविड-19 महामारी नियंत्रण को लेकर कड़ी सख्ती जारी है। मैराथन के प्रतिभागियों में शहर के निवासी और आमंत्रित किये गये कुछ धावक मौजूद थे। चीन की प्रांतीय मीडिया ने कहा कि बीजिंग मैराथन में 30,000 लोगों ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों का टीकाकरण जरूरी था और वे प्रतियोगिता से सात दिन पहले बीजिंग नहीं छोड़ सकते थे और उन्हें पिछले 24 घंटे में वायरस जांच की नेगेटिव रिपोर्ट का सबूत भी दिखाना था। इस महीने के अंत में शंघाई और चेंगडू में भी मैराथन की योजना बना गयी है।

रेलवे क्रिकेट के दिग्गज सैयद हैदर अली का निधन

नयी दिल्ली (एजेंसी)। घरेलू क्रिकेट के दिग्गज सैयद हैदर अली का लंबी बीमारी से जूझने के बाद निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे। हैदर का निधन शनिवार को प्रयागराज में हुआ, उनके परिवार में दो बेटे सैयद शेर अली और रजा अली हैं। बायें हाथ के बेहतरीन स्पिनर हैदर अली कभी भारत के लिये नहीं खेल सके। पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर रजा ने कहा, पिछले कुछ समय से उन्हें छाती में जकड़न हो रही थी। डॉक्टर से जांच के बाद हम घर लौट रहे थे कि अचानक वह गिर गये। उनका शनिवार को दोपहर करीब डेढ़ बजे निधन हुआ। हैदर अली ने 1963-64 सत्र में रेलवे के लिये प्रथम श्रेणी पदार्पण किया था और करीब 25 साल तक टीम के लिये खेले थे। उन्होंने 113 प्रथम श्रेणी मैचों में 366 विकेट झटके जिसमें उन्होंने तीन बार 10 विकेट और 25 बार पांच विकेट चटकाये।

टी-20 विश्व कप : भारत, न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के साथ सेमीफाइनल में

मेलबर्न (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम टी 20 विश्व कप में सेमीफाइनल में पहुंच गई है और अंतिम चार में इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बाद पहुंचने वाली तीसरी टीम और ग्रुप 2 से पहली टीम बन गई है। नीदरलैंड ने अपने आखिरी सुपर -12 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 13 रनों से हराकर रविवार को एडिलेड ओवल में चल रहे टी 20 विश्व कप का बड़ा उलटफेर किया। इस हार के साथ दक्षिण अफ्रीका के पांच मैचों में दो जीत के साथ पांच अंक हो गए। जिम्बाब्वे के खिलाफ उनका एक मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था, जिसके कारण दोनों टीमों को एक-एक अंक दिया गया था। इसके अलावा, वे अपने अंतिम दो मैचों में पाकिस्तान और नीदरलैंड से हार गए। भारत इस समय चार मैचों में तीन जीत के बाद छह अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर है। उनकी एकमात्र हार दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हुई थी। भारतीय टीम आज मेलबर्न में जिम्बाब्वे से भिड़ने के लिए तैयार है। अगर भारत यह मैच जीत जाता है तो उसके आठ अंक हो जाएंगे। इस परिणाम के साथ टीम इंडिया टेबल टॉपर के रूप में अपना अभियान समाप्त करेगी। अगर भारत को हार का सामना करना पड़ता है, तो उनके छह अंक होंगे, जिससे उन्हें पाकिस्तान और बांग्लादेश मैच के विजेता के साथ शीर्ष दो में जगह मिल जाएगी। भारत सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड या इंग्लैंड से भिड़ेगा।

टी-20 विश्व कप : बांग्लादेश को पांच विकेट से हराकर पाक सेमीफाइनल में

एडिलेड (एजेंसी)। पाकिस्तान ने बांग्लादेश को 5 विकेट से हराकर आईसीसी टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। इसके साथ ही सेमीफाइनल की चारो टीमें निर्धारित हो गई हैं। इन चारों टीमों में भारत, पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और इंग्लैंड शामिल हैं। पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बांग्लादेश ने नजमुल हसन शान्तो के 54 रनों की बेहतरीन अर्धशतकीय पारी की बदौलत निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर 127 रन बनाए। शान्तो के अलावा अफीफ हुसैन ने 24 और सौम्य सरकार ने 20 रन बनाये। पाकिस्तान की तरफ से शाहिन शाह अफरीदी ने 4, शादाब खान ने 2, हारिस रऊफ और इफ्तिखार अहमद ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में पाकिस्तान ने 18.1 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 128 रन बनाकर मैच जीत लिया। पाकिस्तान की तरफ से मोहम्मद रिजवान ने 32, शान मसूद ने नाबाद 24 और बाबर आजम ने 25 रन बनाए। बांग्लादेश की तरफ से नसुम अहमद,शाकिब अल हसन, मुस्तफिजुर रहमान और शहादत हुसैन ने 1-1 विकेट लिया।

नीदरलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को टी-20 विश्व कप से बाहर किया

एडिलेड (एजेंसी)। कॉलिन ऐकरमैन (41 नाबाद) की विस्फोटक पारी और ब्रैंडन ग्लवर (9/3) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत नीदरलैंड ने रविवार को टी20 विश्व कप 2022 के सुपर-12 मैच में दक्षिण अफ्रीका को 13 रन से हराकर बड़ा उलटफेर किया। नीदरलैंड ने ग्रुप-2 के मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका को 159 रन का लक्ष्य दिया, जिसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका 145 रन ही बना सकी। नीदरलैंड ने पहली बार किसी भी प्रारूप में दक्षिण अफ्रीका को मात दी है। इस हार के साथ दक्षिण अफ्रीका टी20 विश्व कप से बाहर हो गई, जबकि भारत ग्रुप-2 से सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई है।

भारत ने जिम्बाब्वे को 71 रन से हराया, इंग्लैंड से होगा सामना

मेलबर्न (एजेंसी)। जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 विश्व कप सुपर 12 के अंतिम मैच मे भारत ने 71 रन से जीत दर्ज की है। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के नीदरलैंड से हार के बाद पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुका था। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए मैच में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सूर्यकुमार यादव (25 गेंदों पर 6 चौके और 4 छक्कों की मदद से 61 रन) की धमाकेदार अर्धशतकीय पारी की बदौलत 5 विकेट गंवाकर जिम्बाब्वे को 187 रन का लक्ष्य दिया है। इसके जवाब में उतरी जिम्बाब्वे की टीम 115 रन पर ढेर हो गई। अश्विन ने तीन जबकि मोहम्मद शमी और हार्दिक पांड्या को 2-2 विकेट मिले। अर्शदीप और भुवनेश्वर को एक-एक विकेट मिला। वहीं अंतिम विकेट अक्षर पटेल को मिला। अब भारत का सेमीफाइनल में इंग्लैंड से मुकाबला होगा जो 10 नवम्बर को खेला जाएगा।

रोहित शर्मा का बल्ला एक बार फिर शांत दिखाई दिया और वह चौथे ओवर की पांचवीं गेंद पर मसाकाजा के हाथों कैच आउट हो गए। इस दौरान मुजराबनी गेंदबाजी पर थे। उन्होंने 13 गेंदों पर 2 चौकों की मदद से 15 रन बनाए। इसके बाद सीन विलियम्स 12वें ओवर की पांचवीं गेंद पर विराट कोहली रयान बर्ली को कैच दे बैठे। उन्होंने 25 गेंदों पर 2 चौकों की मदद से 26 रन बनाए। बांग्लादेश के खिलाफ अर्धशतक लगाने वाले केएल राहुल ने जिम्बाब्वे के खिलाफ भी अर्धशतकीय पारी खेली और 51 रन पर पवेलियन लौट गए। वह रजा की 13वें ओवर की दूसरी गेंद पर मसाकाजा के हाथों कैच आउट हुए।

कार्तिक की जगह टीम में शामिल हुए युवा विकेटकीपर बल्लेबाज पंत मात्र 3 रन की छोटी पारी खेलकर आउट हो गए। उन्होंने सीन विलियम्स की 14वें ओवर की तीसरी गेंद पर छक्का लगाने की कोशिश की लेकिन ने रयान बर्ल शानदार कैच पकड़कर उन्हें पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। भारत का आखिरी विकेट हार्दिक पांड्या का गिरा जो नगारवा की 20वें ओवर की दूसरी गेंद पर गलत शॉट के चक्कर में मुजराबनी को कैच दे बैठे और 18 गेंदों पर 18 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। सूर्यकुमार के साथ अक्षर पटेल (0) नाबाद वापस लौटे। जिम्बाब्वे की तरफ से सीन विलियम्स ने 2 जबकि नगारवा, मुजराबनी और रजा ने एक-एक विकेट अपने नाम किया।

सूर्यकुमार यादव के विस्फोटक अर्द्धशतक से भारत ने बनाये 186 रन

यौन उत्पीड़न के आरोप में श्रीलंकाई क्रिकेटर गिरफ्तार

सिडनी (एजेंसी)। श्रीलंकाई बल्लेबाज दनुष्का गुनतिलका को ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स प्रांत की राजधानी सिडनी में एक 29 वर्षीय महिला के कथित यौन उत्पीड़न के आरोप में पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया है। न्यू साउथ वेल्स पुलिस ने यहां जारी बयान में कहा कि गुनतिलका और महिला के बीच कई दिनों तक ऑनलाइन डेटिंग ऐप पर बातचीत के बाद दोनों की मुलाकात हुई थी। गुनतिलका पर आरोप है कि उन्होंने बुधवार दो नवंबर को रोज बे उपनगर के एक निवास में महिला का यौन उत्पीड़न किया। बयान में कहा गया, विशेषज्ञ पुलिस ने इस मामले में कल रोज बे के एक निवास पर एक अपराध स्थल की पड़ताल की। पूछताछ के बाद गुनतिलका (31) को सिडनी के ससेक्स स्ट्रीट के एक होटल में देर रात एक बजे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने कहा, उन्हें सिडनी सिटी पुलिस स्टेशन ले जाया गया और उन पर सहमति के बिना यौन उत्पीड़न के चार मामले दर्ज किये गये। इसी बीच, श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने खबर सार्वजनिक होने के बाद रविवार सुबह जारी किये गये बयान में कहा, श्रीलंका क्रिकेट पुष्टि करता है कि आईसीसी द्वारा सूचित किया गया था कि सिडनी में एक महिला के यौन उत्पीड़न के आरोप में खिलाड़ी दनुष्का गुनतिलका को गिरफ्तार कर लिया गया है, और उसे सात नवंबर को अदालत में पेश किया जायेगा। बयान में कहा गया, एसएलसी अदालत में कार्यवाही की बारीकी से निगरानी करेगा और आईसीसी के परामर्श से मामले की पूरी तरह से जांच शुरू करेगा। दोषी पाए जाने पर खिलाड़ी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि गुनतिलका हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण पहले दौर के दौरान टी20 विश्व कप से बाहर हो गए थे, हालांकि वह टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया में ही बने रहे। उन्होंने नवंबर 2015 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद से श्रीलंका के लिए आठ टेस्ट, 47 एकदिवसीय और 46 टी20 मैच खेले हैं।

हार के बाद तेंदुलकर ने दक्षिण-अफ्रीका टीम को किया ट्रोल, सहवाग और डिविलियर्स ने भी दी प्रतिक्रिया

नयी दिल्ली (एजेंसी)। टी20 विश्व कप में नीदरलैंड की दक्षिण-अफ्रीका को करारी शिकस्त ने सभी प्रशंसकों को हैरान कर दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए नीदरलैंड ने 159 रन का लक्ष्य दिया, जिसका पीछा करते हुए दक्षिण-अफ्रीका की टीम 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 145 रन ही बना पाई और टीम को 13 रन से हार का सामना करना पड़ा। दक्षिण-अफ्रीका की इस हार के बाद यहां सारे क्रिकेट प्रेमी हैरान हैं, वहीं पूर्व क्रिकेटर्स टीम को जमकर ट्रोल भी कर रहे हैं। अक्सर कम ही प्रतिक्रिया देने वाले भारतीय दिग्गज सचिन तेंदुलकर भी दक्षिण-अफ्रीका की हार के बाद खुद को रोक नहीं पाए और उन्होंने ट्विट के जरिए टीम को ट्रोल किया।

सचिन ने ट्विट करते हुए लिखा,एक दोस्त के साथ नाश्ते के लिए गया था। उससे कहा कि हम डच(नीदरलैंड) जाएंगे। वह एकदम से चौक(उसकी सांसे थम गई) हो गया। ₹ गौर हो कि दक्षिण-अफ्रीका की टीम को अक्सर चौकर्स का टैग दिया जाता है, क्योंकि टीम अक्सर ही विश्व कप के बड़े मुकाबलों में खुद को मुसीबत में डालते हुए नजर आई है। इसी चौकर्स के टैग पर सचिन ने टीम पर कटाक्ष कसा है।

सलामी बल्लेबाज सचिन अगर ट्विट करते हैं, तो उनके जोड़ीदार वीरेंद्र सहवाग भी पीछे कैसे रह सकते हैं। सहवाग ने भी दक्षिण-अफ्रीका की हार पर ट्विटर के जरिए प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने लिखा,यह कैसा विश्व कप रहा है। ट्विस्ट एंड टर्न्स से भरपूर। नीदरलैंड ने दक्षिण अफ्रीका का सफाया कर दिया। मजा आ रहा है। दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने ट्वीट करते हुए लिखा, आउच, हमारे लड़कों के लिए बहुत दुखी हूं। हॉलैंड (नीदरलैंड) बहुत अच्छा खेली।

निशा महिला एमेच्योर एशिया पैसिफिक चैम्पियनशिप में संयुक्त 46वें स्थान पर रहीं

पटाया (एजेंसी)। भारतीय गोल्फर निशा पटेल रविवार को यहां महिला एमेच्योर एशिया पैसिफिक चैम्पियनशिप के अंतिम दौर में 'ट्रिपल बोगी' कर बैठी जिससे वह चार ओवर 76 का ही कार्ड खेल पायी। मुंबई की 16 साल की निशना इस कार्ड से संयुक्त 46वें स्थान पर रहीं। अंतिम होल में ट्रिपल बोगी से उनका स्कोर आठ ओवर 296 रहा। वह इस प्रतियोगिता में कट हासिल करने वाली एकमात्र भारतीय थीं। पांच अन्य भारतीय गोल्फर अवनी प्रशांत, कृति चौहान, सिफत सागू, मन्नत बरार और कीरत कांग कट से चूक गयी थीं।

भगत, मनीषा ने विश्व चैंपियनशिप में जीते स्वर्ण

टोक्यो (एजेंसी)। टोक्यो पैरा ओलंपिक 2020 के गोल्ड मेडलिस्ट प्रमोद भगत और मनीषा रामदास ने रविवार को यहां बीडब्ल्यूएफ पैरा बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप में अपने-अपने फाइनल मुकाबले जीतकर स्वर्ण पदक हासिल किये। भगत ने 53 मिनट चले एसएल3 पुरुष एकल फाइनल में अपने हमवतन नितेश कुमार को 21-19, 21-19 से हराया। दूसरी ओर, मनीषा रामदास ने आधे घंटे तक चले एसयू5 महिला एकल फाइनल में जापान की मामिको टोयोडा को 21-15, 21-15 से शिकस्त दी। यह विश्व चैंपियनशिप में भगत का चौथा एकल स्वर्ण है। भगत अपने पुरुष युगल जोड़ीदार मनोज सरकार के साथ भी दो विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण जीत चुके हैं, हालांकि इस बार भारतीय जोड़ी को रजत से संतोष करना पड़ा। हिकमत रामदानी और उकुन रुकेंदी की इंडोनेशियाई पुरुष युगल जोड़ी ने एसएल3-एसएल4 के स्वर्ण पदक मुकाबले में भगत-मनोज को 21-14, 18-21, 13-21 से हराया। भगत ने एक स्वर्ण और एक रजत जीतने के बाद कहा, यह जीत मेरे लिये बहुमूल्य है क्योंकि मैंने इसके लिये काफी मेहनत की है। अपने करियर की सातवीं विश्व चैंपियनशिप खेल रहे भगत ने अब तक एकल और युगल में कुल छह स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक जीते हैं। उन्होंने 2007 और 2017 विश्व चैंपियनशिप को छोड़कर सभी संस्करणों के फाइनल में जगह बनाई है। भगत ने कहा, ₹मैं एकल में अपने प्रदर्शन से बहुत खुश हूं। युगल में हम और बेहतर कर सकते थे। यह जीत मेरे लिए बहुत बड़ी है क्योंकि मैं मेहनत कर रहा हूं। यह जीत मुझे बताती है कि मैं सही दिशा में आगे बढ़ रहा हूं। भारत ने पैरा बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप में अपने अभियान का अंत दो स्वर्ण, दो रजत और 12 कांस्य पदक सहित कुल 16 पदकों के साथ किया।

पीकेएल 9 : बंगाल ने गुजरात को पांच अंक से हराया, अंक तालिका में लगाई तीन स्थान की छलांग

पुणे (एजेंसी)। मनिंदर सिंह (20 अंक) के शानदार प्रदर्शन के बूते बंगाल वॉरियर्स ने बालेवाड़ी स्थित श्री शिवछत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शनिवार को खेले गए वीवो प्रो कबड्डी लीग के नौवें सीजन के 59वें मैच में गुजरात जाएंट्स को 45-40 से हरा दिया। इस जीत के साथ बंगाल अंक तालिका में नौवें से छठे स्थान पर पहुंच गए हैं।

बंगाल की यह पांचवीं जीत है जबकि पांचवीं हार झेलने वाली गुजरात को इस मैच से एक अंक प्राप्त हुआ। बंगाल के स्टार मनिंदर ने इस मैच में सीजन के 100 रेड प्वाइंट्स पूरे किए।उनके अलावा दीपक हुड्डा ने सात अंक कमाए। गुजरात की ओर से प्रतीक दहिया ने 12 अंक लिए और अपनी टीम की शानदार वापसी सुनिश्चित की लेकिन जीत तक नहीं पहुंचा सके। शुरूआती तीन मिनट में स्कोर 2-2 था लेकिन फिर राकेश ने सुपर रेड के साथ गुजरात को 5-2 से आगे कर दिया। इसके साथ राकेश ने इस सीजन में 100 रेड प्वाइंट्स पूरे किए।

इसके बाद दीपक हुड्डा ने अरकम को आउट कर पीकेएल करियर में 1000 रेड पॉइंट पूरे किए। उनसे पहले परदीप नरवाल, मनिंदर सिंह और राहुल चौधरी यह कारनामा कर चुके हैं। बहरहाल, कीर्तिमानों के बीच बंगाल ने शानदार वापसी करते हुए स्कोर 9-10 कर दिया। फिर उसने 11-11 के स्कोर के साथ गुजरात को ऑल आउट की ओर धकेला और फिर उसे अंजाम देकर 14-12 की लीड ले ली। आल-इन के बाद मनिंदर ने सुपर रेड के साथ स्कोर 18-14 कर दिया। बंगाल की टीम यही नहीं रुकी और 15वें मिनट में गुजरात को दूसरी बार ऑल आउट कर 24-14 की लीड ले ली। आलइन के बाद मनिंदर ने एक और मल्टी प्वाइंट रेड के साथ सुपर-10 पूरा किया। बंगाल का प्रहार लगातार जारी था। उसने 32-18 की लीड के साथ पहला हाफ समाप्त किया। बंगाल के खाते में रेड से 18 और डिफेंस से 8 अंक आए जबकि गुजरात ने रेड में 15 और डिफेंस में सिर्फ तीन अंक हासिल कर सका। गुजरात को 6 एक्स्ट्रा अंक भी मिले।

ब्रेक के बाद गुजरात ने वापसी की राह पकड़ते हुए लगातार तीन अंक हासिल किए। हाफ टाइम तक स्कोर डिफरेंस 14 का था लेकिन प्रतीक दहिया ने मल्टी प्वाइंट रेड के साथ इसे 10 कर दिया। फिर गुजरात की टीम ने वापसी करते हुए बंगाल को ऑल आउट की ओर धकेल किया और फिर उसे अंजाम देकर स्कोर 27-34 कर दिया। इसी बीच प्रतीक ने अपना सुपर-10 पूरा किया। 10 मिनट बचे थे और स्कोर 36-29 से बंगाल के हक में था लेकिन हाफ टाइम की तरह उसके पास अब 14 नहीं बल्कि सिर्फ 7 अंक की लीड थी। प्रतीक ने रनिंग टच पर अंक लिया और फिर डिफेंस ने डू ओर डाई रेड पर मनिंदर को लपक बंगाल को फिर ऑलआउट की स्थिति में डाला और उसे अंजाम देकर स्कोर 36-38 कर दिया।